आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

सात प्रवेश द्वारों के साथ भविष्य का शहर बनेगा लखनऊ

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 13 फरवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 123 www.janexpresslive.com/epaper




पुणे में बंगाली मजदूर सुखन महतो की... 12

# आसमान में अभेद्य होगा भारत

## सेना की बढ़ेगी ताकत: 114 राफेल और 6 पी-8आई विमान खरीद को मंजूरी, 3.25 लाख करोड़ रुपये का है रक्षा सौदा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की रक्षा अधिग्रहण परिषद ने गुरुवार को फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस डील की कीमत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी के पास भेजा जाएगा। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 17-20 फरवरी के 3 दिवसीय भारत दौरे पर सौदा हो सकता है। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपए है।

### रक्षा बजट के लिए 7.8 लाख करोड़ मिले

केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा मंत्रालय को 7.8 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो कुल बजट का 14.67% है। आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित 2.19 लाख करोड़ रुपए में से 1.85 लाख करोड़ रुपए पूंजीगत खरीद के लिए तय किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 24% अधिक है।




### एयरफोर्स ने सितंबर 2025 में मांग की थी

एयरफोर्स ने सितंबर 2025 में 114 अतिरिक्त राफेल जेट की मांग रक्षा मंत्रालय को भेजी थी। एयरफोर्स के पास पहले से 36 राफेल विमान है, जबकि नौसेना ने 26 मरीन वेरिएंट राफेल का ऑर्डर दिया है। अंबाला एयरबेस पर राफेल का ट्रेनिंग और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) सेंटर पहले से चालू है। एयरफोर्स के पास तुरंत दो स्क्वाड्रन (36-38 विमान) शामिल करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है।

### बजट का पैसा इस तरह खर्च किया जाएगा

- **27.95% पूंजीगत खर्च:** नए हथियार, विमान, टैंक, जहाज और अन्य सैन्य उपकरण खरीदने पर।
- **20.17% राजस्व खर्च:** सेना के रोजमर्रा के संचालन, रखरखाव और जरूरी व्यवस्थाओं पर।
- **26.40% वेतन और भत्ते:** सेना के जवानों और अधिकारियों की सैलरी पर।
- **21.84% रक्षा पेंशन:** रिटायर्ड सैनिकों को पेंशन देने में।
- **3.64% सिविल संगठन:** रक्षा मंत्रालय से जुड़े सिविल विभागों के खर्च पर।

### मेक इन इंडिया के तहत होगा सौदा

यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। हाल ही में डसॉल्ट ने डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 49% से बढ़ाकर 51% कर ली है। इस जॉइंट वेंचर में अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भी भागीदार है। डसॉल्ट सभी 114 राफेल जेट में भारतीय हथियार, मिसाइल और गोला-बारूद को इंटीग्रेट करेगा। साथ ही सुरक्षित डेटा लिंक भी उपलब्ध कराएगा, जिससे विमानों को भारतीय रडार और सेंसर सिस्टम से जोड़ा जा सकेगा। कंपनी एयरफ्रेम निर्माण के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी देगी। इंजन निर्माता साफ्रान और एवियोनिक्स कंपनी थेल्स भी इस प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पूरा होने के बाद इन विमानों में स्वदेशी कंटेंट 55 से 60 फीसदी तक होने की उम्मीद है।

### राफेल डील की खास बातें

- इस डील के अनुसार, भारत फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन से 18 राफेल विमान सीधे खरीदेगा। बाकी 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। इनमें से कुछ विमान दो सीट वाले होंगे, जिनका उपयोग पायलटों को ट्रेनिंग देने के लिए किया जाएगा। इस डील में आधुनिक तकनीक भारत को देने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने की बात भी शामिल है।
- भारतीय वायुसेना के के बेड़े में पहले से ही दो स्क्वाड्रनों में 36 राफेल विमान शामिल हैं, जिनमें से 'सी' वेरिएंट की अंतिम डिलीवरी दिसंबर 2024 में हुई थी।
- राफेल विमानों का इस्तेमाल भारत ने पिछले साल मई में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' में किया था, जिसमें पाकिस्तान के ठिकानों पर सटीक हमले किए गए थे।
- राफेल विमानों का इस्तेमाल स्कैल्प (एससीएएलपी) मिसाइल को लॉन्च करने के लिए किया गया था, जो 250 किलोमीटर से ज्यादा दूर तक बहुत सटीक हमला कर सकती है। इसके अलावा यह मेटियोर हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, हैमर हथियार, स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और आधुनिक रडार से भी लैस है।
- पिछले साल जून में भारत और फ्रांस ने डसॉल्ट एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के बीच चार बड़े समझौतों की घोषणा की थी, जिससे भारत को राफेल विमानों की डिलीवरी तेजी से मिलने में मदद मिलेगी।

### मैक्रों के भारत दौरे से पहले बड़ा फैसला

राफेल डील को मंजूरी मिलने का यह फैसला फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे से ठीक पहले लिया गया है। मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। वह दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे। इस दौरान रक्षा सहयोग पर चर्चा हो सकती है।

### एयरफोर्स के लिए बेहद अहम है यह डील

यह डील इंडियन एयर फोर्स के बेड़े में फाइटर जेट्स की कमी को दूर करने के लिए बहुत जरूरी थी। अभी भारतीय वायुसेना के पास सिर्फ 29 स्क्वाड्रन हैं, जबकि जरूरत 42 की है। पुराने एयरक्राफ्ट रिटायर हो रहे हैं, इसलिए नए और आधुनिक फाइटर जेट्स की जरूरत थी। राफेल जेट्स फ्रांस की कंपनी दासो एविएशन से लिए जाएंगे। इनमें से 18 जेट्स तैयार हालत में आएंगे, जबकि बाकी 96 भारत में ही बनाए जाएंगे।

# यूपी पंचायत चुनाव पर बड़ा फैसला: चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग, सरकार ने हाईकोर्ट में हलफनामा दिया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा। जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।




### रिपोर्ट के आधार पर तय होगा आरक्षण

यूपी सरकार ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर ये साफ कर दिया है कि पंचायत चुनाव से पहले राज्य में समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर ही उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनावों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं राज्य चुनाव आयोग ने यह भी तय कर दिया है कि पंचायत चुनाव के विभिन्न स्तरों के प्रत्याशी अधिकतम कितनी राशि चुनाव में खर्च कर सकते हैं।

# सपा विधायक से खन्ना बोले, मंत्रीजी से कुश्ती लड़ लो

## महाना ने कहा, सदन में नहीं होगी, 4 साल में पहली बार विधानसभा में बोले अब्बास अंसारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी विधानमंडल में बजट सत्र के चौथे दिन स्पोर्ट्स पर चर्चा के दौरान सपा विधायक कमाल अख्तर ने कहा, जैसे एक अच्छा डॉक्टर अच्छा स्वास्थ्य मंत्री हो सकता है, ठीक उसी तरह से एक खिलाड़ी अच्छा स्पोर्टस मिनिस्टर हो सकता है। अभी जो मंत्री जी हैं, उन्होंने कभी गिल्ली डंडा तो खेला नहीं है। मंत्री गिरीश यादव खड़े हुए। उन्होंने कहा- मैं हर खेलों में आगे रहा हूं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना खेल मंत्री गिरीश के बचाव में उतरे। कहा- मंत्रीजी रेसलिंग करते हैं। किसी दिन यहां कुश्ती करवा देंगे। सतीश महाना ने चुटकी लेते हुए कहा- कुश्ती विधानसभा में नहीं होगी। बाहर ही होगी। इस पर वित्त मंत्री ने कहा- बाहर ही सही, लेकिन कुश्ती करा देंगे। इससे पहले विधानपरिषद में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा पर भड़क गए। कहा- इनकी गलती नहीं है, इनके नेता का यही कल्चर है। मऊ विधानसभा के विधायक अब्बास अंसारी 4 साल में पहली बार विधानसभा में बोले। उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। आखिर में स्पीकर ने कहा कि टाइम खत्म हो रहा, तब अब्बास ने कहा- 4 साल में पहली बार बोल रहा हूं, आगे का पता नहीं कि कब तक बोल पाऊं, इसलिए थोड़ी देर सुन लिया जाए। सिर्फ बिल्डिंग से अस्पताल नहीं चलता। इन्होंने कुकर्म किए हैं। कुकर्म इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि अगर ये अस्पताल बनाते हैं तो ठेका चाचा और भतीजे को दे देते हैं। बिल्डिंग बनाकर लूटने का काम किया।



### मंत्री दिनेश भड़के, छाती ठोंकी

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सपा विधायक आरके वर्मा के सवालों का जवाब देते वक्त गुस्से में आ गए। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर विधानसभा में कृषि से जुड़ी योजनाओं पर काम किया है। इस दौरान सपा विधायकों ने विरोध जताया और नो-नो कहा। इस पर मंत्री ने कहा- नो-नो करने से नहीं चलेगा। मेरे पास डॉक्यूमेंट हैं। कोई एक सदस्य खड़ा होकर पूछे कि उसकी विधानसभा में कितना काम हुआ है, तो मैं बता दूंगा। छाती ठोंककर कहता हूं, तुम्हारी जनता की तुम्हें नहीं, लेकिन सरकार को चिंता है। उन्होंने छाती भी ठोंकी।

### विधानसभा में भी हंगामा, मंत्री नदी और रागिनी की बहस

इधर, विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान हंगामा हो गया। दरअसल, मंत्री नंद गोपाल नंदी रागिनी सोनकर के सवालों का जवाब देने के लिए खड़े हुए। वह पहले रागिनी के ही सवाल पढ़ने लगे। इस पर स्पीकर सतीश महाना ने टोका। इसके बाद मंत्री ने कहा- सवाल में आपने कुछ किया। पूछते ऐसे हैं, जैसे बच्चा पैर छूकर कहे कि बाबूजी प्रमाण करें, तो बच्चा खुश रहने के बजाय उसे रास्ता बताने लगे। कहे कि बैंगन लाए हैं, चोखा बनाएंगे। इस पर रागिनी भड़क गईं। फिर मंत्री ने कहा- प्रश्न का जवाब देंगे। आप कहां-कहां चली गईं। इसी बीच महाना ने टोका और कहा- मंत्रीजी, जो पूछा गया है, उसका जवाब दे दीजिए। इस पर मंत्री इन्वेस्टर समिट के बारे में बताने लगे।

### रागिनी बोलीं, सरकार असुर बन चुकी है

प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सदन में कहा- ये सरकार ऐसा असुर बन चुकी है, जिसकी खुराक इस देश की महिला, युवा, बेरोजगार किसान बन गए हैं। प्रयागराज में मकर संक्रांति की शाम खटीक समाज के 4 लड़कों को मार दिया गया। इनके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। पुलिस ने बताया कि ये बच्चे नग्न होकर खनन वाले गंदे तालाब में नहा रहे थे। आखिर ये कैसे संभव है। यूपी कस्टोडियल डेथ में टॉप पर पहुंच गया है, सरकार को कोर्ट फटकार लगा रहा है, आखिर ये सब कैसे रुकेगा?

### मंत्री बोले- उचित कार्रवाई की गई है

रागिनी सोनकर और अतुल प्रधान के सवालों का जवाब वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने दिया। उन्होंने कहा, एनसीआरबी का डेटा देख लीजिए, हर चीज में कमी आई है। तेलंगाना, उड़ीसा जैसे राज्यों से भी नीचे हैं हम। दोनों विधायकों ने जिन मामलों को उठाया है, उसमें आप पहले समझिए, प्रयागराज में जिन 4 बच्चों की मौत हुई थी, उनकी मौत डूबने से हुई। उसमें एफआईआर हुई है, परिवार को 4-4 लाख रुपए की मदद हुई। आवास भी दिया गया है। उनके परिजनों की पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। मेरठ की घटना को लेकर वित्त मंत्री ने कहा- वहां भी प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई की है।

# धामी कैबिनेट का बड़ा फैसला: ईएसआई ढांचे में 94 पद सृजित, कर्मचारियों को पूरा बोनस मिलेगा

- इलाज में नहीं रहेगी डॉक्टरों की कमी, 2020 का संशोधन एक्ट वापस, केंद्रीय कानून के तहत न्यूनतम बोनस अनिवार्य

जन एक्सप्रेस। देहरादून

देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों के हित में दो बड़े फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआई) से जुड़े चिकित्सा सेवा ढांचे को मजबूत करने और बोनस भुगतान से जुड़े प्रावधानों में बदलाव का निर्णय लिया है, जिससे हजारों कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने उत्तराखंड कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवा नियमावली, 2026 को प्रख्यापित करने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत चिकित्सा सेवा संवर्ग में कुल 94 पद सृजित किए जाएंगे। इनमें 76 चिकित्सा अधिकारी, 11 सहायक निदेशक, 6 संयुक्त निदेशक और 1 अपर निदेशक का पद शामिल है। अब तक ईएसआई के ढांचे में केवल एक सीएमओ और 13 चिकित्सा अधिकारी के पद थे, जिसके चलते अस्पतालों और डिस्पेंसरी में चिकित्सकों की भारी कमी बनी रहती थी। नए पदों के सृजन से न सिर्फ इलाज की सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों की पदोन्नति की राह भी आसान होगी।



### बोनस पर भी राहत

कैबिनेट ने वर्ष 2020 में लाए गए बोनस संदाय (उत्तराखंड संशोधन) अधिनियम को वापस लेने का निर्णय लिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान उद्योगों को राहत देने के उद्देश्य से यह प्रावधान किया गया था कि नियोजक के पास आवंटनीय अधिशेष उपलब्ध होने पर ही कर्मचारियों को न्यूनतम बोनस दिया जाएगा। हालांकि, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने इस संशोधन पर असहमति जताई थी। वर्तमान में महामारी जैसी परिस्थितियां नहीं हैं और विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति न मिलने के कारण इसे आगे बढ़ाना संभव नहीं हो पाया।

### इलाज होगा आसान, पदोन्नति के अवसर बढ़ेंगे

नए पदों के सृजन से ईएसआई अस्पतालों और डिस्पेंसरी में डॉक्टरों की कमी दूर होगी। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नति के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे सेवा संरचना मजबूत और व्यवस्थित होगी।

### 2020 का बोनस संशोधन एक्ट होगा वापस

कैबिनेट ने वर्ष 2020 में लाए गए बोनस संदाय (उत्तराखंड संशोधन) अधिनियम को वापस लेने का निर्णय लिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान उद्योगों को राहत देने के उद्देश्य से यह प्रावधान किया गया था कि नियोजक के पास आवंटनीय अधिशेष होने पर ही न्यूनतम बोनस दिया जाएगा।

### धामी सख्त: पुलिस अफसरों को निर्देश, कहा, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त शब्दों में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने डीजीपी को निर्देश दिए कि सभी प्रकार के अपराधों पर तत्काल मुकदमे दर्ज किए जाएं और अपराधियों के विरुद्ध कठोर व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उच्च स्तरीय बैठक ली। विशेष रूप से आदतन एवं संगठित अपराध में संलिप्त अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में कानून का भय स्थापित हो और आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। कहा कि पुलिस पूरी सक्रियता, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करे। थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। कानून हाथ में लेने वालों, असामाजिक तत्वों और प्रदेश की शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# 'रद्द करो बांग्लादेश का ये चुनाव'

## मतगणना के बीच शेख हसीना की अवामी लीग ने लगाए आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग ने चुनाव को फर्जी, अवैध और असंवैधानिक करार दिया। पार्टी ने जनता के मतदान अधिकार, लोकतांत्रिक मूल्य और संविधान की भावना की अवहेलना का आरोप लगाया। अवामी लीग ने ट्वीट में कहा कि चुनाव की प्रक्रिया योजना बनाकर रची गई एक तमाशा थी, जिसमें पार्टी की भागीदारी नहीं थी। पार्टी ने जनता, माताओं, बहनों और अल्पसंख्यक समुदायों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस जबरदस्त फर्जी चुनाव को नकार दिया। पार्टी ने बताया कि मतदान की पूर्व संध्या (11 फरवरी) से चुनाव केंद्रों पर कब्जा, गोलीबारी, वोट खरीदी, पैसों का वितरण, बैलेट स्टाम्पिंग और एजेंटों द्वारा परिणाम पत्रक पर हस्ताक्षर जैसी घटनाएं हुईं। 12 फरवरी की सुबह तक, अधिकांश मतदान केंद्रों में मतदान नगण्य रहा और कई केंद्रों में बिल्कुल भी मतदाता नहीं आए। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 11 बजे तक केवल 14.96% मतदाताओं ने मतदान किया, जो दर्शाता है कि अवामी लीग-रहित चुनाव जनता द्वारा पूरी तरह से खारिज किया गया।

### अवामी लीग ने अपने बयान में इन मांगों को रखा है

- इस वोटर-लेस, अवैध और असंवैधानिक चुनाव को रद्द किया जाए।
- मर्डरर-फासीवादी युनुस का इस्तीफा लिया जाए।
- सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई, जिसमें शिक्षक, पत्रकार और बुद्धिजीवी शामिल हैं, और झूठे मामले वापस लिए जाएं।
- अवामी लीग की गतिविधियों पर लगी रोक को हटाया जाए।
- जनता के मतदान अधिकारों की बहाली के लिए तटस्थ अस्थायी सरकार के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराए जाएं।

### चुनाव में डर का माहौल बना

अवामी लीग ने यह भी आरोप लगाया कि मतदान से पहले और दौरान समर्थकों, शुभचिंतकों और अल्पसंख्यक समुदायों पर लगातार हमले, गिरफ्तारियां, धमकियां और डर का माहौल बनाया गया। इसके बावजूद जनता ने इस जाली चुनाव को अस्वीकार कर दिया।

# एक करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को नोटिस हुए जारी, अनिवार्य रूप से दो घंटे बूथ पर रहेंगे बीएलओ



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर) के 1.09 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिया गया है। दस दिन में इन मतदाताओं को आपत्तियां दर्ज करानी होगी। उसी आधार पर सुनवाई होगी। नोटिस देने की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में 'नो मैपिंग' के 1.04 करोड़ और 'तार्किक विसंगतियों' के 2.22 करोड़ सहित कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं। अब तक करीब 1.09 करोड़ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। नोटिस देने के साथ साथ सुनवाई की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। सीईओ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित सूचियां प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को उपलब्ध कराई जाएं। तहसील, पंचायत भवन, वार्ड कार्यालय जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सूची चस्पा कराएं। सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट और जिलेवार वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हैं। मतदाता यहां से सूची देखने के साथ साथ डाउनलोड भी कर सकते हैं।

### सुनवाई केंद्रों पर ये सुविधाएं

- हेल्प डेस्क और प्रशिक्षित कार्मिक
- बैठने, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था
- बिजली व इंटरनेट सुविधा
- अवकाश के दिन भी सुनवाई

### बीएलओ दो घंटे अनिवार्य रूप से रहेंगे मौजूद

सीईओ ने बताया कि मतदाता सहायता केंद्रों पर बीएलओ को रोजाना सुबह 10 से 12 बजे तक रहना अनिवार्य है। यहां फार्म-6, 7, 8 और घोषणा-पत्र उपलब्ध रहेंगे। सूची प्रदर्शित होने की तारीख से 10 दिन के भीतर प्रभावित मतदाता अपने अभिलेख या आपत्ति व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के जरिये जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई लापरवाही बरतता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रभावित मतदाताओं को करना होगा ये काम

- सूची में नाम जांचें (वेबसाइट/सार्वजनिक स्थल पर)
- 10 दिन के भीतर आपत्ति/दस्तावेज जमा करें
- बीएलओ या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क करें

# नेदुआ बड़ैछा–यूपी के पट्टे पर एमपी की सीमा तक हो रहा अवैध खनन




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

प्रशासन की कयावयादों पर खनन माफिया लगातार पानी फेरते नजर आ रहे हैं।वैध पट्टे की आड़ में सत्ता के रसूख के आगे सारे-नियम कायदे बौने साबित हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नरैनी तहसील क्षेत्र के रंज नदी में संचालित नेदुआ बडैछा खदान का सामने आया है।जहां पट्टा धारक जय महाकाल कंपनी ने अपने रसूख के बल पर सारे नियम कायदों धज्जियां उड़ाते हुए यूपी के पट्टे में एमपी तक अवैध खनन कर डाला। ग्रामीणों के विरोध और शिकायतों के बाद हरकत में आये दो प्रांतों के प्रशासन ने खनिज विभाग के टीमों के साथ प्रशासनिक अफसरों ने खदान में छापेमारी कर सीमांकन कराया।अफसरों के जाने के बाद फिर से खदान अवैध खनन चालू को गया। जो थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।जानकारी के अनुसार नरैनी की भाजपा विधायक ओममणि वर्मा ने भी ग्रामीणों और किसानों की शिकायत के बाद जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की थी। रंज नदी में जय महाकाल की संचालित खदान में सारे नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध खनन कार्य किया जा रहा है। इतना ही यूपी के पट्टे मे एमपी के सीमा से लगे क्षेत्र में भी अवैध खनन कार्य किया जा रहा है।जिसके बाद हरकत में आये दो प्रांतों के उपजिलाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने मौके पर जाकर खनन कार्य का जायजा लिया।इतना से ही जब अधिकारी संतुष्ट नहीं हुये तो सीमांकन भी कराया।इधर सीमांकन कराने के बाद अफसर जैसे ही नदारत हुए वैसे ही खदान संचालक के गुर्गों द्वारा फिर से अवैध खनन कार्य शुरू कर दिया गया।विरोध करने वालों को लगातार धमकाया जा रहा है।अब देखना है कि इस खदान के अवैध कार्य पर कार्यवाही कब होगी।

## गोल तालाब का 17वां श्रमदान यज्ञ सफल, प्रशासन ने कायाकल्प का दिया आश्वासन



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गोल तालाब जल सत्याग्रह के तहत 17वें श्रमदान यज्ञ में जल प्रहरियों ने श्रमदान किया। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल यादव ने भी मौके पर पहुंचकर जल प्रहरियों से वार्ता की तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विरासत संरक्षण फोरम के जल प्रहरी हीरा सिंह, राम मनोहर वर्मा, लवकुश सिंह, क्षेत्र के निवासी भूरा, अर्जुन, देवीदयाल, छोटे लाल, देवनाथ, ज्ञानमती, चंदा देवी, माया देवी आदि श्रमदान के लिए पहुंचे। श्रमदान के दौरान तालाब का दूषित पानी से फैलने वाली बीमारियों सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। श्रमदान के दौरान अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल यादव ने मौके पर पहुंकर जल प्रहरियों से वार्ता की व स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस पर स्थानीय निवासी भूरा ने बताया कि सरकारी नालियों और आसपास की बस्तियों का सीवर का गंदा पानी तालाब में आने से भूजल दूषित हो गया है, जिससे हैंडपंप का पानी बदबूदार हो गया है। चंदा देवी ने दूषित पानी के कारण पेट संबंधी बीमारियों की समस्या बताई। छोटे लाल ने बताया कि तालाब में बच्चे और पशु डूबने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। महिलाओं और बच्चों ने पेयजल की समस्या को सबसे गंभीर बताया। एडीएम ने जल को पवित्र बनाने के इस सत्याग्रह को महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि सरकार तालाब के कायाकल्प के लिए तैयार है और जिलाधिकारी द्वारा भी इसे सुंदर बनाने का निर्णय लिया गया है। एडीएम ने श्रमदान करने वाले विद्यार्थियों, महिलाओं एवं मजदूरों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया। जल प्रहरी अभिमन्यु ने कहा कि जल सत्याग्रह तब तक जारी रहेगा जब तक जल धरोहरों के साथ हो रही उपेक्षा और प्रदूषण बंद नहीं हो जाता। जल सत्याग्रह अभियान के संयोजक सीएल वर्मा ने कहा कि जल धरोहरों में गिर रहे गंदे नालों व सीवर को रोककर ही उन्हें बचाया जा सकता है।

## जीआरपी टीम की सूझबूझ से टला हादसा




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस की सतर्कता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। चलती ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर नीचे जा रहे दो यात्रियों को मौके पर मौजूद जीआरपी जवान ने साहस और तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशांबी जिले के रायपुर गांव निवासी सुनंदन पटेल अपने भांजे मोहित पटेल के साथ पानीपत जाने के लिए संपर्क क्रांति ट्रेन से यात्रा करने के लिए चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन आया हुआ था। यहां चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान सुनंदन का पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे गिरने लगा, जिसे बचाने के लिए आया उसका भांजा मोहित भी ट्रेन के नीचे गिर गया। इस दौरान मौके पर मौजूद जीआरपी पुलिस के सिपाही ने अपनी सूझबूझ से दोनों यात्रियों को ट्रेन के नीचे से निकालकर उनकी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दोनों यात्रियों ने जीआरपी सिपाही को धन्यवाद दिया। यह घटना स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जीआरपी थाना प्रभारी शालिनी भदौरिया ने बताया कि प्लेटफार्म में हुई इस घटना को देखकर मुख्य आरक्षी विक्रम सिंह और आरक्षी हरिकेश मौर्या के साथ रेल यात्रियों को बचाकर गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए जीआरपी एसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने टीम को प्रशस्ति पत्र दिया है।

## ऐतिहासिक दुर्ग कालींजर के प्रभु नीलकंठ की जगतगुरु शंकराचार्य गोवर्धन पुरी ने की पूजा अर्चना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पौराणिक एवं ऐतिहासिक दुर्ग कालिंजर में जगतगुरु शंकराचार्य गोवर्धन पुरी पीठाधीश्वर अधोछजानंद जी ने भगवान नीलकंठ महादेव जी की पूजा अर्चना किया नीलकंठ मंदिर के राजपुरोहित आचार्य पंडित दिनेश मिश्रा ने वैदिक रीति रिवाज से भगवान नीलकंठ महादेव जी का पूजा करवाई। शंकराचार्य जी का स्वागत नीलकंठ मंदिर के राजपुरोहित आचार्य दिनेश मिश्रा एवं साथ में पुजारी मंगल सिंह, पंकज सुल्लेरे,कोमल कुशवाहा, रामसेवक कुशवाहा, शिवांक मिश्रा ने मंदिर परिसर पर शंकराचार्य जी का जोरदार स्वागत किया गया जगतगुरु शंकराचार्य जी ने कहा कि यह दुर्ग ऐतिहासिक तो है ही लेकिन पौराणिक भी है इसका लेख पुराणों में जिसमें शिव पुराण में इसका उल्लेख है।और कहां की यहां पर जो रामायण पाठ और हवन बेदी जो बंद की गई है इस पर भी नाराजगी व्यक्त की है।

## डीएम और एसपी ने महाशिवरात्रि के मद्देनजर चोपड़ा और सालेश्वर मन्दिर में इंतजामों का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा सहित पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा ने राठ कस्बे के चौपड़ा व सरीला के सालेश्वर महादेव मंदिर का जायजा लिया।

इस मौके पर चौपड़ा मंदिर के साथ ही सालेश्वर महादेव मंदिर परिसर और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों के हालात के साथ ही पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जिम्मेदारों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए गये, जिससे महाशिवरात्रि का त्यौहार शांतिपूर्ण और बेहतर तरीके से संपन्न हो सके। इस मौके पर एसडीएम राठ, प्रभारी निरीक्षक राठ सहित सभी जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद रहे।

## पत्नी को लेने जा रहे पति की सड़क दुर्घटना में मौत



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पत्नी को लेने जा रहे पति की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई वहीं मृतक पेशे से हलवाई था और वो कमासिन में पत्नी अपनी बहन के यहां थी जिसको लेने गई थी जहां पर रास्ते में ही सड़क दुर्घटना से मौत हो गई। मामला नगर कोतवाली के ग्राम पडुंई का है जहां पर सिद्ध गोपाल का 40 वर्षीय पुत्र रामबाबू बुधवार को शाम को अपनी पत्नी अंकिता को लेने कमासिन जा रहा था ।तभी बबेरू के पास दिव्यांग विद्यालय के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे घायल हो गया जहां पर पुलिस ने घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज भेज दिया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई ।वहीं मृतक के दो पुत्री और एक पुत्र है वहीं मृतक की पत्नी भी दिव्यांग है और मृतक के पास कोई भी जमीन नहीं है वहीं मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## सड़क दुर्घटना से बचाव के प्रति किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 22 फरवरी को होने वाले मेगा विधिक सहायता सेवा शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी ने सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए जागरूकता के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक यातायात व मोटरसाइकिल एजेन्सियों के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में प्राधिकरण सचिव ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को सीतापुर स्थित राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सडक दुर्घटना से बचाव के लिए विभिन्न जानकारियां प्रदान की जायेगीं तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के फायदे तथा सडक दुर्घटना से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों की जानकारी प्रदान की जायेगीं।

## संतुलित आहार से दुग्ध उत्पादन में होती है बढ़ोत्तरी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा एवं गोवंश विकास अनुसंधान केन्द्र दीनदयाल शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नस्ल उन्नयन, उन्नत नस्ल पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण से सम्बन्धित विषय पर विस्तार से किसानों को जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा के पशु वैज्ञानिक डॉ दीपेश भारत मिश्र ने बताया कि नस्ल उन्नयन के अंतर्गत संकरण व कृत्रिम गर्भाधान एवं संतुलित आहार (चारा और दाना) प्रदान करना दुग्ध उत्पादन को अधिकतम करने के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्नत पशु प्रबंधन में स्वच्छ आवास, नियमित टीकाकरण और नए पशुओं को तीन सप्ताह तक क्वारंटाइन (अलग) रखना अनिवार्य है। कहा कि डेयरी के लिए उन्नत नस्ल वाली साहिवाल, रेड सिंधी, मुर्रा भैंस का उपयोग करें, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल हैं। बताया कि सही प्रजनन प्रबंधन से गर्भधारण की दर बढ़ती है। इसके साथ ही पशुशाला हवादार, सूखी और स्वच्छ होनी चाहिए। पशु चिकित्सक डॉ अभिषेक करवरिया ने कहा कि स्वच्छता की दृष्टि से कीटाणुनाशक फिनेल का उपयोग करना लाभदायक है। साथ ही पशुओं को संक्रमण से बचाने के लिए नए खरीदे गए पशुओं को तीन सप्ताह तक पुराने समूह से अलग रखना चाहिए। इसके अलावा खुरपका-मुँहपका जैसे रोगों के लिए टीकाकरण जरूरी है। बताया कि प्रशिक्षण के लिए मध्यप्रदेश के पन्ना जिले से 60 किसानों का दल चित्रकूट आया है। इस मौके पर बांबे के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप वर्मा, यूनिट हेड कपिल अग्रवाल, एचआर हेड अवनीश गौतम, सीएसआर हेड मनीष शर्मा, बृजेश चतुर्वेदी, बृजभान, सत्येंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

कलम को किया शर्मसार

## खबरों के नाम पर अवैध रूपये मांगने का आडियो सोसल मीडिया में वायरल

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जनपद में इन दिनों एक आडियो रिकार्डिंग ग्रुप तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें एक तथाकथित दारूबाज पत्रकार खदान से जुड़े व्यक्ति से खबरों के छापने में एवज में लगातार पांच हजार रूपये की मांग कर रहा है। हालांकि हमारा समाचार पत्र इस वायरल आडियों की पुष्टि नहीं करता है।लेकिन जिस तरह से आडियो रिकार्डिक वायरल हो रही है,उसे जनपद में पत्रकारिता को काफी बदनाम कर दिया है।उधर इस वायरल आडियो को शेयर करते हुए जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा ने पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस विभाग से सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है।बताते चलें कि गुरूवार को धीरज मिश्रा नानक व्यक्ति ने मीडिया के कई ग्रुपों में एक आडियों वायरल किया है।जिसमें लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्र के जिला संवाददाता द्वारा तेरा ब खदान से जुड़े व्यक्ति से स्कैनर भेजकर पांच हजार रूपये खदान के पक्ष में आधा दर्जन समाचार पत्रों मे लगाने की बात कही गयी है। उधर आडियों रिकार्डिंग वायरल होते ही जनपद में हड़कंप मच गया।जिले के सैकड़ों वरिष्ठ पत्रकारों सहित प्रेस क्लब बांदा के अध्यक्ष व सीनियर अधिवक्ता दिनेश निगम दद्दा ने इस आडियो रिकार्डिंग को अपने ग्रुप में भी शेयर करते हुए पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है। अब देखना है कि पुलिस द्वारा ऐसे दारूबाज लोगों पर जो कि पत्रकारिता को बदनाम कर रहे हैं।बबेरू ब्लाक के सचिव से भी मांगे थे रूपये-इसी दारूबाज तथाकथित पत्रकार ने बबेरू ब्लाक में तैनात सचिव पूजा सिंह से भी 12 हजार रूपये की मांग की थी।रूपये ना देने पर सचिव को भ्रष्टाचार के मामले उजागर करने की भी धमकी दी गयी थी।जिसका स्क्रीनशॉट भी वायरल हो चुका है। जिले में इस तथाकथित पत्रकार की कारगुजारियां इस समय चर्चा का विषय बनी हुई हैं।ऐसे लोगों के कारण ही देश के चौथे स्तंभ को कलंकित होना पड़ता है। ऐसे लोगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही होनी चाहिए।

## बाल खिलाड़ियों की बस को बीएसए ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला बेसिक शिक्षक अधिकारी बीके शर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला, वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश सिंह चित्रकूट द्वारा महोबा स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित हो रही मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे प्रतिभागियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 13 व 14 फरवरी को होनी है।

इस प्रतियोगिता मे चित्रकूट, पहाड़ी, मानिकपुर, मऊ, कर्वी के बालक-बालिकाऐ सम्मलित है। जो विभिन्न प्रकार के खेलकूद कार्यक्रम दौड़ 50मी., 100मी., 200मी., 400मी., 600मी., लम्बीकूद, ऊँचीकूद, गोलाफेंक, डिस्कस थ्रो, खो-खो, वालीबॉल, कबड्डी, योगा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम समूहगान, अंत्याक्षरी, एकांकी आयोजित होगे। जिला व्यायाम शिक्षक चित्रकूट दयानन्द सिंह ने बताया कि मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मे जनपद चित्रकूट के लगभग 160 छात्र-छात्राओ एवं 30 शिक्षकध्शिक्षिकाऐ स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा के लिए जा रहे है। जहां दो दिवसीय 13 व 14 फरवरी 2026 को प्रतियोगिताओ का आयोजन होना है। जो छात्र-छात्राऐ मण्डलीय रैली मे अपनी प्रतियोगिता मे विजेता बनेगें उन्हे राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे खेलने का अवसर मिलता है। इस रैली मे ब्लॉक व्यायाम शिक्षक चित्रकूट महेंद्र सिंह, पहाड़ी रामनारायण साहू, मानिकपुर खेमराज सिंह, मऊ रामयश, व्यायाम शिक्षक श्यामसुंदर यादव, जितेंद्र सिंह, छेदीलाल, सुरेंद्र सिंह, राजेश्वरी, राममनी, रामसूरत सहित व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे।

## अपहरण और दुष्कर्म करने के दो गुनाहगारों को 12 साल और 5 साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ 36 हजार का जुर्माना

**हमीरपुर।** सुमेरपुर में 21 जुलाई 2013 को 13 साल की नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगाने के साथ ही बलात्कार की वारदात को अंजाम देने के मामले में नाबालिग की मां की तहरीर पर सुमेरपुर पुलिस ने दिनेश उर्फ भय्या लाल उर्फ आजाद पुत्र रामबाबू श्रीवास निवासी नौबस्ता कानपुर, जबकि वीरेन्द्र पुत्र बसन्त लाल प्रजापति निवासी इंगोहटा के खिलाफ मु0अ0स0–1118/2013 धारा–363,366,370,376, आईपीसी सहित 6, 16/17 पाक्सो के तहत दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत पाक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ती माला सिंह ने ज अभियुक्त दिनेश उर्फ भइयालाल को धारा–363,366,376, आईपीसी सहित 6 पाक्सो के तहत 12 साल की सख्त सजा के साथ ही 23 हजार का जुर्माना, आईपीसी सहित 17 पाक्सो के तहत 5 साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ 13 हजार का जुर्माना।

## अपर आयुक्त ने किया मऊ तहसील, ब्लाक एवं नगर पंचायत का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मण्डल स्तर पर शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा एवं जन सामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत मंगलवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह ने गुरुवार को मऊ तहसील, विकासखण्ड एवं नगर पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन ने अभिलेखाकार सहित पूरी तहसील का मुआयना किया। मऊ ब्लॉक मऊ का निरीक्षण कर उन्होंने हटवा की गौशाला व मुख्यमंत्री आवासीय योजना के तहत निर्मित आवास का निरीक्षण किया। इसके बाद अपर आयुक्त ने नगर पंचायत में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन, उपजिलाधिकार (न्यायिक) पूजा गुप्ता, तहसीलदार राम सुधार, नायब तहसीलदार पारुल सिंह, बीडीओ ओम प्रकाश, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भरत सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## परीक्षा केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से हों पूर्ण: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



गुरूवार को जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में मेडिकल कालेज सभागार में उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण शांतिपूर्वक तरीके से संबंध करने के संबंध में बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी केंद्र व्यवस्था को स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की परीक्षा केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सीसीटीवी कैमरा,जनरेटर,प्रकाश की व्यवस्था,शौचालय,पेयजल की व्यवस्था आदि समय से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सुनिश्चित कराये।उन्होंने प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के समुचित इंतजाम स्ट्रांग रूम में करने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा से पूर्व एक घंटा पहले स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक आवश्यक रूप से उपस्थित होकर परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराए।उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में समुचित लाइट एवं प्रकाश की व्यवस्था की जाने के निर्देश केंद्र व्यवस्थापकों को दिए।उन्होंने परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्था को एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट को सतर्क रहने एवं भ्रमण करने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्देशित किया कि प्रश्न पत्रों की गोपनीयता स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें।उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षा केंद्र में कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर प्रवेश नहीं करेगा।बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा, जिसमें डबल लाक की चार अलमारियां प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने हेतु रखी जाएगी।परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की जाएगी तथा महिला विद्यार्थियों की चेकिंग महिला पुलिस द्वारा ही की जाएगी।परीक्षा केंद्रों में अन्य विद्यालयों के परीक्षा निरीक्षक की तैनात किए जाएंगे।उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षा में किसी प्रकार की त्रुटि एवं लापरवाही नहीं होने पाए अन्यथा कड़ी कार्रवाई संबंधित परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के विरुद्ध की जाएगी।परीक्षार्थी अपने उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पेज में रोल नंबर अंकित करेंगे तथा उत्तर पुस्तिकाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सील की जाए।केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट निरंतर सतर्कता बढ़ाते हुए तथा तीन दिन पूर्व स्ट्रांग रूम तैयार करें।बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पाली मैं प्रथम पाली में प्रातः 8:30 से 11:45 तक तथा द्वितीय पाली में 02:00 से 05:15 तक आयोजित की जाएगी।




**विशेषाधिकार हनन: राहुल गांधी के खिलाफ...**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हालिया भाषण को लेकर राजनीतिक विवाद सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हालांकि अब यह भी साफ हो गया है कि राहुल गांधी के सामने से एक बड़ी मुसीबत टल गई है। इसका बड़ा कारण है कि राहुल गांधी के... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...


# सात प्रवेश द्वारों के साथ भविष्य का शहर बनेगा लखनऊ



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के सात मार्गों पर बनने वाले प्रवेश द्वारों के लिए रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए प्रदेश सरकार के बजट में 30 करोड़ रुपये रखे गए हैं। मुख्यमंत्री ने 30 जनवरी को द्वार बनाए जाने की घोषणा की थी। द्वार बनने से राजधानी में प्रवेश करते ही प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत के दर्शन होंगे। धर्म-शौर्य के प्रतीक इन प्रवेश द्वारों पर उत्तर प्रदेश का राजकीय चिह्न भी होगा। ये द्वार लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, मथुरा और झांसी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर बनाए जाएंगे। इनकी डिजाइन में भारतीय पारंपरिक वास्तुकला, शिल्पकला, सांस्कृतिक प्रतीक होंगे। स्तंभ, म्यूरल, फव्वारे, प्रकाश व्यवस्था से प्रवेश द्वारों को सौंदर्यपूर्ण बनाया जाएगा।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजन के लिए बुकिंग शुरू

अधिकरियों ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क की तरह राष्ट्र प्रेरणा स्थल की सामाजिक, धार्मिक और वैवाहिक आयोजन के लिए बुकिंग शुरू कर दी गई है। एक दिन का किराया 2.50 लाख रुपये है। इस पर जीएसटी अतिरिक्त होगा। नौ से 18 मार्च के लिए यह धीरेंद्र शास्त्री की कथा के लिए बुक है।

### संगम, नंदी, सूर्य, व्यास, धर्म, कृष्ण, शौर्य होंगे नाम

मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत प्रयागराज मार्ग (रायबरेली रोड) पर त्रिवेणी संगम और महाकुंभ परंपरा को दशनि वाला संगम द्वार, वाराणसी मार्ग (सुल्तानपुर रोड) पर श्री काशी विश्वनाथ धाम को दर्शाने वाला नंदी द्वार, अयोध्या मार्ग (बाराबंकी रोड) पर भगवान श्रीराम और सूर्यवंश की परंपरा पर आधारित सूर्य द्वार होना चाहिए। नैमिषारण्य मार्ग (सीतापुर रोड) पर व्यास द्वार, हस्तिनापुर मार्ग (हरदोई रोड) पर धर्म द्वार, मथुरा मार्ग (आगरा रोड) पर कृष्ण द्वार तथा झांसी मार्ग (उन्नाव रोड) पर वीरता और शौर्य का प्रतीक शौर्य द्वार स्थापित बनाया जाएगा।

### नैमिषनगर, वरुण विहार का काम पकड़ेगा रफ्तार

मुख्यमंत्री विस्तारीकरण योजना के तहत एलडीए की आवासीय योजनाओं सीतापुर रैथा रोड पर नैमिषनगर और आगरा एक्सप्रेसवे पर वरुण विहार के काम को रफ्तार मिलेगी। प्रदेश सरकार के बजट में इनके लिए 1700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन योजनाओं से दो लाख से अधिक आबादी को आवासीय सुविधा मिलेगी। 2664 हेक्टेयर में प्रस्तावित वरुण विहार योजना के लिए जमीन जुटाने पर करीब 7472 करोड़ रुपये का अनुमानित खर्च है। 1084 हेक्टेयर की नैमिषनगर योजना के लिए जमीन अर्जित करने पर 4785 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजनाओं के लिए किसानों से आपसी समझौते पर जमीन ली जा रही है। नैमिषनगर योजना में 14 तो वरुण विहार में 12 गांवों की जमीन शामिल है। भूमि जुटाने के लिए एलडीए ने एसओपी भी तैयार की गई है। प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री विस्तारीकरण योजना के मद में 3500 करोड़ रुपये का बजट रखा प्राविधान किया गया है। यह पैसा मेरठ आगरा, लखनऊ और बुलंदशहर के लिए है। एलडीए के अधिकारियों का अनुमान है कि करीब 50 प्रतिशत बजट एलडीए के हिस्से आएगा।

### एआई से जुड़ेंगे 1609 परिषदीय विद्यालय

राजधानी के परिषदीय विद्यालयों को अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जोड़ा जाएगा। स्मार्ट कक्षाओं में विद्यार्थियों को परंपरागत के साथ आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा मिलेगी। जिला बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ के 1609 परिषदीय स्कूलों में एक कक्षा को स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित किया जा रहा है। राजधानी के मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय की व्यवस्था भी बेहतर होगी। लखनऊ के आठ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं के लिए आवासीय योजना और शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लिए मिले 50 करोड़ रुपये

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट मिला है। यह रकम प्रेरणा स्थल के कॉर्पस फंड (मूल कोष) के लिए है। इसमें एलडीए की ओर से भी 25 करोड़ रुपये दे दिए जाएंगे। कुल 75 करोड़ रुपये से मिलने वाली ब्याज की रकम से स्थल के रखरखाव पर खर्च होगा। अधिकारियों का कहना है कि टिकट से होने वाली आय और कॉर्पस फंड के ब्याज की रकम से ही पार्क का रखरखाव होगा। राष्ट्र प्रेरणा स्थल का प्रवेश शुल्क 15 रुपये है। यहां के म्यूजियम का प्रवेश शुल्क 50 रुपये है। इनके टिकट की आय के अलावा 75 करोड़ रुपये के फंड को बैंक में जमा किया जाएगा। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल के संचालन के लिए शासन स्तर पर कमेटी बनाई गई है। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग इसके अध्यक्ष हैं। एलडीए उपाध्यक्ष सदस्य सचिव, प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव नगर विकास, प्रमुख सचिव पर्यटन, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, मंडलायुक्त समिति में सदस्य हैं।

### सड़कें, पार्क बनाने के लिए 200 करोड़

- लखनऊ सहित अन्य विकास प्राधिकरणों के लिए 800 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।
- इसमें सड़कें, पार्क व अन्य निर्माण कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक का बजट लखनऊ के हिस्से में आने का अनुमान है।
- एक अधिकारी ने बताया कि हर वर्ष करीब इतना ही बजट आता है।

### एआई डाटा लैब की मिलेगी सौगात

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से व्यावसायिक प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी आईटी क्षेत्र से जुड़ने के साथ रोजगार के लिए परिपक्व होंगे। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास एवं इंडिया एआई मिशन के तहत राजधानी में एआई डाटा लैब की स्थापना की जाएगी। कौशल विकास विभाग के अनुसार, अलीगंज राजकीय आईटीआई, मोहनलालगंज व सरोजनीनगर की आईटीआई को उच्चीकृत किया जा रहा है। राजधानी में एआई डाटा लैब बनने से आईटीआई के साथ अन्य क्षेत्र में पढ़ाई करने वालों को बेहतर रोजगारपरक प्रशिक्षण मिलेगा।

### 55 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बनेगा ड्रीम स्किल कैब क्लस्टर

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राजधानी के 55 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल कैब क्लस्टर की स्थापना होगी। यहां छात्रों को परंपरागत के साथ व्यवसायिक और कौशल आधारित शिक्षा मिलेगी। जिला माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छात्रों को व्यावसायिक, औद्योगिक और रोजगार परक तकनीक से जुड़ने और सीखने का मौका मिलेगा।

### एआई सिटी के पास तैयार होगा डाटा सेंटर

राजधानी में देश के पहले एआई सिटी की स्थापना के बाद यूपी सरकार ने डाटा पार्क और डाटा सेंटर विकसित करने पर जोर दिया है। डाटा सेंटर भी लखनऊ में एआई सिटी के पास ही बनेगा। पिछले बजट में देश की पहली एआई सिटी की स्थापना का एलान किया गया था। मुख्यमंत्री ने नए साल की शुरुआत में जनता के नाम योगी की पाती में इसे बनाने का संकल्प दोहराया था। यूपी इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड को नोडल एजेंसी बनाया गया था। इसके तहत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, अनुसंधान केंद्रों और शैक्षणिक संस्थानों को एकीकृत कर शहर का निर्माण किया जाना है। पीपीपी मॉडल पर बन रहे एआई सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी रिसर्च, स्टार्टअप और डाटा एनालिटिक्स जैसी यूनिटों पर काम हो रहा है। अब सरकार ने इस बजट में 225 करोड़ रुपये से यूपी एआई मिशन और इंडिया एआई मिशन के तहत 32.82 करोड़ से 49 आईटीआई को एआई लैब व डाटा लैब बनाने की बात कही है। 30 हजार करोड़ से आठ डाटा सेंटर पार्क और दो डाटा सेंटर यूनिट खोली जाएंगी। भारत स्टार्टअप एंड इनोवेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनायक नाथ का कहना है कि ऐसे सेंटर सभी जिलों में खुलने चाहिए। अभी सिर्फ महंगे कॉलेजों में ही एआई टेक्नोलॉजी की पढ़ाई हो रही है।

---

# लखनऊ महानगर अध्यक्ष व भाजपा नेता नीरज ने की कैसरबाग कार्यालय पर बैठक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता फॉर्म भरने की तिथि 6 मार्च तक बढ़ाए जाने के उपरांत पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं। अभियान को और प्रभावी ढंग से चलने के संदर्भ में भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह एवं महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर बैठक आयोजित की। बैठक में बढ़ी हुई समयसीमा का अधिकतम सदुपयोग सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की गई। भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर जनसंपर्क करके बड़ी संख्या में मतदाता फॉर्म भरवाए हैं लेकिन अभी भी अपेक्षित लक्ष्य पूरा न होने के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा आवेदन तिथि को बढ़ाया गया है उसका सदुपयोग करते हुए सभी विधानसभाओं में बृहद स्तर पर विशेष कैंप लगाए जाएं, जिससे अधिक से अधिक नए मतदाताओं के फॉर्म-6 भरवाए जा सकें। प्रत्येक बूथ पर विशेष सहायता डेस्क स्थापित कर डिजिटल एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से फॉर्म भरवाए। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को विशेष रूप से जोड़ने हेतु कॉलेज, कोचिंग संस्थानों एवं आवासीय क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर फॉर्म भरवाए। साथ ही फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (संशोधन) के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने बूथ समितियों को पूर्णतः सक्रिय करने पर जोर दिया, जिससे अधिकतम पात्र नागरिक मतदाता सूची में जुड़ सकें। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं ने द्वितीय चरण अभियान में पूरी निष्ठा के साथ घर-घर संपर्क करके बड़ी संख्या में मतदाता फॉर्म भरवाए हैं। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं । मैपिंग से जुड़े प्रकरणों का भी तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। बढ़ी हुई समय सीमा में भी उसी लगन और उत्साह के साथ अभियान जारी रखना है और शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना है।

---



# सैरपुर थाने के सामने हाइवे पर ट्रक की चपेट में आए वृद्ध की मौके हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन सैरपुर थाना क्षेत्र सीतापुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर हुए सड़क हादसे में 82 वर्षीय साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। घटना सैरपुर थाने के ठीक सामने हुई। सैरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बीकेटी थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रामचन्द्र मौर्य (82) गुरुवार करीब दो बजे साइकिल से बीकेटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सैरपुर थाने के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और ट्रक का पिछला पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची सैरपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कोरी ने बताया कि अज्ञात ट्रक की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। हादसे के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है।

---

# ट्रेड डील पर भड़की किसान यूनियन

## 'किसानों की कीमत पर सौदेबाज़ी मंजूर नहीं'


**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर किसान संगठनों का विरोध तेज हो गया है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी संगठन) ने इसे कृषि हितों के लिए खतरा बताते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है और चेतावनी दी है कि किसानों की अनदेखी कर किसी भी समझौते को मंजूरी दी गई तो इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि अमेरिकी कृषि भारी सब्सिडी पर टिकी है। ऐसे में यदि सस्ते आयातित गेहूं, मक्का और सोयाबीन भारतीय बाजार में आते हैं तो घरेलू किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएंगे। उनका आरोप है कि इससे खेती घाटे का सौदा बन जाएगी और छोटे-मझोले किसानों पर सबसे ज्यादा मार पड़ेगी। डेयरी क्षेत्र को लेकर भी संगठन ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि विदेशी दूध पाउडर और डेयरी उत्पादों की आमद से सहकारी दुग्ध व्यवस्था, पशुपालकों और ग्रामीण महिलाओं की आय प्रभावित होगी। यूनियन ने आशंका जताई कि इस तरह के समझौते न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रभाव बढ़ सकता है। ज्ञापन में बीज पेटेंट के जरिए कॉर्पोरेट नियंत्रण बढ़ने, कृषि मजदूरों के रोजगार घटने और खाद्य सुरक्षा तंत्र पर खतरे की बात भी उठाई गई है। संगठन का कहना है कि आयात आधारित कृषि मॉडल ग्रामीण बेरोजगारी और पलायन को बढ़ावा देगा। यूनियन ने मांग की है कि कृषि और डेयरी क्षेत्र को किसी भी मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा जाए, एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाए और संवेदनशील कृषि उत्पादों पर संरक्षण नीति जारी रहे। साथ ही किसान संगठनों से संवाद के बिना किसी समझौते पर आगे न बढ़ने और बीज पेटेंट पर सख्त नियमन लागू करने की मांग की गई है। संगठन ने दो टूक कहा है कि किसानों और कृषि मजदूरों के हितों से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं होगा।



भारतीय किसान मजदूर यूनियन-दशहरी

मनीष यादव



संगठन की प्रमुख मांगें

मनीष यादव

भारतीय किसान मजदूर यूनियन, दशहरी संगठन

---

# ओडीओपी योजना से बदली कारीगरों की तकदीर: राकेश सचान

- 3.16 लाख लोगों को रोजगार, निर्यात दोगुना, पारंपरिक उत्पादों को मिला वैश्विक मंच
- कारीगरों को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की सुरक्षा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' ओडीओपी योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव का माध्यम बनकर उभरी है। 2018 में प्रारंभ की गई इस पहल ने पारंपरिक कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को न केवल नई पहचान दी, बल्कि उन्हें बाजार, प्रशिक्षण और वित्तीय संबल भी उपलब्ध कराया। सरकार की ओर से अब तक 1,31,000 कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं टूल किट प्रदान की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत कारीगरों को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की सुरक्षा भी दी जा रही है।प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बजट सत्र 2026-27 में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। यह योजना परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहन देने, कारीगरों को प्रशिक्षण, टूल किट और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रभावी रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर में 2275 कारीगरों को उन्नत टूल किट उपलब्ध कराई गई, जबकि 454 हस्तशिल्पियों को 16.26 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई। आर्थिक दृष्टि से भी ओडीओपी योजना ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें लगभग 50 प्रतिशत योगदान ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों का बताया गया है। वर्ष 2018 से अब तक इस योजना के माध्यम से 3,16,000 लोगों को रोजगार सृजित हुआ है।

वित्तीय प्रतिबद्धता भी इस योजना के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाती है। पिछले बजट में 145 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें से 135 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। साथ ही प्रदेश के 79 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रांडिंग को मजबूती मिली है। ओडीओपी केवल आर्थिक योजना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का अभियान है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से कारीगरों को स्वास्थ्य सुरक्षा और शिक्षा सुविधाओं से भी जोड़ा गया है। इसके साथ ही 'वन डिस्ट्रिक्ट वन व्यंजन' जैसी नई पहल स्थानीय पहचान को और व्यापक मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

---

# प्रधान पति की दबंगई: दलित के खेत में लगे पेड़ कटवाए, दी जान से मारने की धमकी

- दलित भाइयों ने प्रधान पति के विरुद्ध दी तहरीर, लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधान पति ने अपनी दबंगई के बल पर दलित किसान के खेत में लगे यूकेलिप्टस व शीशम के पेड़ कटवा दिये। जानकारी होने पर किसानों ने विरोध किया तो जातिसूचक गालियां दे काटकर फेंक देने की बात कह जान से मारने की धमकी दे डाली। प्रधान पति की दबंगई से डरे सहमे दो भाइयों ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र व विकास खंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत कसमंडीकलां की प्रधान के पति संजय साहू की दबंगई रुकने का नाम नहीं ले रही है। यहाँ के किसान सत्यनारायण ने 10 फरवरी को थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी ग्राम पंचायत के प्रधान पति संजय साहू ने उसके खेत में लगे 2 शीशम के पेड़ सहित करीब 50 यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा दिये थे। सुबह जब जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया तो दबंग ने अपना रुतबा दिखाते हुए दलित किसान को जातिसूचक गालियां दे काटकर फेंक देने की बात कह जान से मारने की धमकी दी थी। लेकिन मलिहाबाद पुलिस ने पीड़ित दलित किसान की तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की थी । जिसके बाद 12 फरवरी गुरुवार को सत्यनारायण के भाई कमलेश कुमार ने एसीपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि प्रधान पति संजय साहू जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे है। जिससे वह और उसका पूरा परिवार काफी डरा सहमा है।

### सांसद, विधायक नहीं कर पाए कुछ, तुम नहीं कर पाओगे मेरा कुछ

शिकायती पत्र में कमलेश कुमार ने आरोप लगाया है कि प्रधान पति कहता है कि मेरी पकड़ मुख्यमंत्री कार्यालय में है। जिससे मेरा आज तक सांसद विधायक कुछ नहीं कर पाये है । और अब तुम लोग भी कुछ नहीं कर पाओगे।

---

# एएम ग्रुप और इन्वेस्ट यूपी के बीच एमओयू

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी एआई और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एएम ग्रुप और राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी 'इन्वेस्ट यूपी' के बीच सहमति बनी है। इसके तहत 1 गीगावॉट हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूट एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई हब की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गुरुवार को यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने एएम ग्रुप के प्रतिनिधियों को लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया है।यीडा द्वारा सेक्टर 28 में 114 एकड़ और सेक्टर 8डी में 175 एकड़, कुल 289 एकड़ भूमि के लिए लेटर ऑफ इंटेंट एलओआई जारी किया गया है। यह अत्याधुनिक हब लगभग पांच लाख हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट्स से लैस होगा और चौबीसों घंटे कार्बन-फ्री ऊर्जा पवन, सौर एवं पम्प्ड स्टोरेज से संचालित होगा। यह परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा क्षेत्र में स्थापित की जाएगी, जिसमें 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्रस्तावित है। इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। वर्ष 2028 तक प्रथम चरण का संचालन शुरू होगा, जबकि 2030 तक पूर्ण 1 गीगावॉट क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।भारत में एआई और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए यह हब वैश्विक हाइपरस्केलर्स, अनुसंधान संस्थानों, उद्यमों और संप्रभु एआई पहलों की जरूरतों को पूरा करेगा। एएमजी एआई लैब्स 'एआई के लोकतंत्रीकरण' के तहत ऊर्जा से लेकर इंटेलिजेंट टोकन तक संपूर्ण वैल्यू चेन विकसित करने की दिशा में कार्यरत है। इस परियोजना से बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एफडीआई आकर्षित होने की संभावना है। साथ ही हजारों उच्च-कुशल रोजगार सृजित होंगे। हार्डवेयर निर्माण, सॉफ्टवेयर विकास और विशेषीकृत कूलिंग तकनीकों के क्षेत्र में स्थानीय इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी।

---

# लखनऊ सीतापुर हाईवे रोड पर सरेराह युवक की पिटाई कर हमलावर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बख्शी का तालाब क़स्बा में बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे वी-मार्ट शॉपिंग मॉल के सामने लखनऊ सीतापुर हाईवे रोड पर एक निजी कर्मचारी पर जानलेवा हमला कर दिया गया। लखनऊ से ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे प्रवीण यादव पुत्र प्रताप नारायण यादव निवासी अकड़रिया कलां गांव थाना इटौंजा को अज्ञात चारपहिया वाहन व बाइक सवार कई लोगों ने रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने बिना किसी कारण लोहे की रॉड और हॉकी से उसकी बेरहमी से पिटाई की है। हमले में युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वही आसपास के लोगों की सूचना पर घायल प्रवीण यादव को उपचार के लिए शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ बीकेटी भेजा गया। पीड़ित ने देर रात बीकेटी थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वही घटना को लेकर पीड़ित के क्षेत्र में आक्रोश है। गौरतलब है कि बीकेटी कस्बे में दो पुलिस सहायता केंद्र संचालित हैं एक बाजार के बीच और दूसरा अस्ती क्रॉसिंग पर वारदात इन दोनों केंद्रों के नजदीक होने से पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नियमित पेट्रोलिंग और प्रभावी निगरानी होती तो हमलावर इतनी आसानी से घटना को अंजाम नहीं दे पाते। बीकेटी पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है और आरोपियों की तलाश की जा रहीं हैं।

---

# अयोध्या आने वाले भक्तों का स्वागत करेगा लक्ष्मण द्वार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राम की नगरी अब भक्तों के लिए और अधिक आकर्षक व स्वागतमय बन रही है। राम मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत करने के लिए एनएच-330ए अयोध्या-गोण्डा मार्ग पर एक शानदार लक्ष्मण द्वार का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह प्रवेश द्वार अयोध्या की धार्मिक गरिमा को और निखारने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अहतमाली क्षेत्र में 40 मीटर चौड़े मार्ग पर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को इस परियोजना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्माण लागत 3,970.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। द्वार को पिंक सॉलिड स्टोन से सजाया जाएगा, जो इसे राजसी एवं आकर्षक बनाएगा। पिंक स्टोन का उपयोग न केवल सौंदर्य बढ़ाएगा बल्कि यह स्थानीय शिल्प कौशल को भी प्रदर्शित करेगा और अयोध्या की प्राचीन वास्तुकला से प्रेरित होगा। राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में परियोजना का 35 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और अक्टूबर तक पूरा लक्ष्मण द्वार तैयार हो जाएगा।लक्ष्मण द्वार के बनने से यह मार्ग धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक भी बन जाएगा। रामायण काल में लक्ष्मण के भाई राम के प्रति समर्पण की याद दिलाता यह द्वार भक्तों के मन में श्रद्धा एवं उत्साह का संचार करेगा। अयोध्या विकास की इस नई परियोजना से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश का धार्मिक पर्यटन नक्शा और चमकदार हो रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में धार्मिक स्थलों का विकास एवं पर्यटन संवर्धन प्रमुख स्थान रखता है।

# नकलविहीन परीक्षा को लेकर सख्ती, डीएम-एसपी ने अधिकारियों संग की मैराथन बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।गुरुवार को इंटर कॉलेज गौरीगंज में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया।इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी,सेक्टर मजिस्ट्रेट,स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक,सचल दल प्रभारी तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम प्रभारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं को शांतिपूर्ण,निष्पक्ष और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराना रहा।जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें और परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल,फ्लाइंग स्क्वॉड और सतर्क निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।संदिग्धव्यक्तियों की तलाशी एवं बाहरी तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश भी दिए गए।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और परीक्षा की पवित्रता से कोई समझौता नहीं होगा।बैठक के बाद अधिकारियों में जिम्मेदारी का स्पष्ट बोध दिखाई दिया।और परीक्षा की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।




## डीएम-एसपी ने यूपी बोर्ड की परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने के निर्देश दिये

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा वर्ष 2026 की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने हेतु तैनात किए गए जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक के साथ प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई। प्रशिक्षण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 18 फरवरी से 12 मार्च तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जनपद रायबरेली में 107 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रथम पाली का समय प्रात: 08:30 बजे से 11:45 बजे एवं द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 02:00 बजे से 05:15 बजे तक रहेगा। परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न करने के लिए जनपद को 09 जोन एवं 19 सेक्टर में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र, व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल विद्यार्थी 38,026 जिसमें बालक 19,178 व बालिकायें 18,848 शामिल है तथा इंटरमीडिएट में कुल विद्यार्थी 31,635 जिसमें बालक 15,721 व बालिका 15,914 शामिल है। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 69,661 है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नामित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्रों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए केंद्र पर प्रभावी नियंत्रण रखेंगे तथा अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेट मॉनिटरिंग करते हुए परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षा तिथि एवं पाली पर उनकी उपस्थिति में सुनिश्चित कराएंगे। बोर्ड परीक्षा में तैनात जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## पीस कमेटी व थाना दिवस बैठकों में पारदर्शिता पर उठे सवाल, पत्रकारों व व्यापारियों को नहीं बुलाने का आरोप

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी




जनपद के थाना शिवरतनगंज क्षेत्र में आयोजित पीस कमेटी एवं थाना दिवस की बैठकों को लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ता दिखाई दे रहा है।क्षेत्र के पत्रकारों, व्यापारियों और जागरूक नागरिकों का आरोप है,कि उन्हें इन महत्वपूर्ण बैठकों की सूचना तक नहीं दी जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पीस कमेटी की बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में शांति,सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखना होता है, जबकि थाना दिवस आम जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित किया जाता है।ऐसे में समाज के विभिन्न वर्गों,विशेषकर पत्रकारों और व्यापार मंडल प्रतिनिधियों की भागीदारी आवश्यक मानी जाती है।आरोप है, कि दोनों ही बैठकों में कुछ चुनिंदा लोगों को बुलाकर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है।क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि बैठकों में व्यापक सहभागिता नहीं होगी तो आम जनता की समस्याएं सही रूप से सामने नहीं आ पाएंगी।व्यापारियों का यह भी कहना है कि बाजार और त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका होती है, इसलिए उन्हें बैठक में शामिल किया जाना चाहिए।वहीं पत्रकारों का मत है,कि पारदर्शिता बनाए रखने और जनता तक सहीजानकारी पहुंचाने के लिए मीडिया की उपस्थिति जरूरी है।हालांकि इस पूरे प्रकरण पर थाना प्रशासन की आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।क्षेत्रीयलोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर बैठकों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

# मातृभूमि सेवा मिशन के निशुल्क योग शिविर शहीद स्मारक प्रांगण में साधकों ने किया सूर्य नमस्कार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा संचालित दैनिक निन्शुल्क योग शिविर निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। प्रातः 6 से 7-15 बजे तक आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, योग प्रशिक्षक अनूप शर्मा एवं राज अग्रहरि ने संयुक्त रूप से साधकों को सूर्यनमस्कार, विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता सुदृढ़ होती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा दिनचर्या में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सूर्यनमस्कार को संपूर्ण व्यायाम बताते हुए उन्होंने इसे दैनिक जीवन में शामिल करने की प्रेरणा दी। शिविर का वातावरण अनुशासन, एकाग्रता और उत्साह से परिपूर्ण रहा। संयोजक प्रदीप पांडेय ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित और संयमित जीवन जीने की कला है। इसे जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। शिविर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि नियमित योग ही स्वस्थ समाज की मजबूत नींव है।इस अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन के संरक्षक दिनेश मिश्रा, सचिव राकेश यादव, दिनेश पांडेय, रंजीत, माया, पूनम, रश्मि पांडेय, शिवचंद्र पांडे, आशीष, अनूप, संदीप, राज अग्रहरि, सुमन, प्रकाश, सौरभ सहित अन्य साधकों ने भी पूरे उत्साह के साथ योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।



## दो दिन से लापता बुजुर्ग का शव नाले में मिला,गुरुवार को हुई बरामदगी



**अमेठी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र में दो दिन से लापता चल रहे एक बुजुर्ग का शव गुरुवार को गांव के बाहर स्थित नाले में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार आदिलपुर गांव के पास स्थित नाले में गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने एक शव पड़ा देखा।देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई। शव की पहचान 68 वर्षीय राम करन सिंह के रूप में हुई है,जो बीयूडीएल की आवासीय कॉलोनी में रहते थे।परिजनों के मुताबिक वह दो दिन पहले एक कार्यक्रम में शामिल होने आदिलपुर गांव आए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे।काफी खोजबीन के बाद परिवार ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।थाना प्रभारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से पुलिस तलाश में जुटी थी।

# कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए शुभकामना समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में गुरुवार को कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं के लिए ''शुभकामना समारोह'' का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं के ''शुभकामना समारोह'' का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम पी तिवारी, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा एवं उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके द्वीप प्रज्जवलित किया । तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं को बताया कि वैसे तो जीवन एक परीक्षा है। लेकिन जब कोई परीक्षार्थी परीक्षा शब्द सुनता है तो मानो उनके होश उड़ जाते है ।आजकल सभी राज्यों में बोर्ड परीक्षा का समय चल रहा है। तब यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त किया जाए। जब परीक्षार्थी परीक्षा खंड मे मुक्त मनसे पेपर लिख पायेंगे तब वह सफलता हासिल कर पाएंगे। आप सभी लोग आनंद से बिना किस घबराहट से परीक्षा दे। क्योंकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था, ''सर्वप्रथम खुद पर भरोसा रखो, यही सफलता का रास्ता है। खुद पर श्रद्धा रखो। सभी शक्तियां तुम्हारे भीतर मौजूद है। इन शक्तियों को पहचानों और उसे बाहर लाओ । स्वयं से कहो कि 'मैं सब कुछ कर सकता हूं । सभी छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की शुभकामनाएं । कक्षा-9 के छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ छात्र-छात्राओं का रोली-टीका करके स्वागत किया। तत्पश्चात् प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी एवं कक्षा-10 के विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया और सभी अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं में वितरित करके सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया। इसी क्रम में अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कक्षा-10 के विद्यार्थियों सहित नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने अत्यन्त खुशी प्राप्त किया तथा सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने कक्षा-10 के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया, और उन्हे आशीर्वाद देते हुए कहा कि आने वाले बोर्ड की परीक्षा अच्छे अंक प्राप्त करें। इसके बाद कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं के रैंप वाक का आयोजन किया गया जिसमें सौरभ शुक्ला एवं अशफाक अहमद का एक निर्णायक मंडल बनाया गया, जिसके द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्राप्तांको के द्वारा मिस्टर क्लास 10 पीपीएस एवं मिस क्लास 10 पीपीएस विद्यालय के रीति रिवाजों के सहित चुना गया, जिसमें मिस क्लास 10 पीपीएस के रूप में सादमा आबदीन ने अधिकतम अंक प्राप्त करके एवं मिस्टर क्लास 10 पीपीएस अंश मिश्रा ने अधिकतम अंक प्राप्त करके अपना-अपना स्थान ग्रहण किया। मिस क्लास 10 पीपीएस एवं मिस्टर क्लास 10 पीपीएस को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी ने ताजपोशी किया एवं उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं तथा कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं ने मिस्टर क्लास 10 पी0पी0एस0 एवं मिस क्लास 10 पी0पी0एस0 को बधाइयाँ दी।



## राष्ट्रीय हड़ताल के समर्थन में ऐक्टू का प्रदर्शन

**रायबरेली।** आज 10 राष्ट्रीय महासंघों के आह्वान पर आहुत हड़ताल के समर्थन में बड़ी संख्या में स्कीम वर्कर्स , खेत और ग्रामीण मजदूर विकास भवन में एकत्र हुए। बाद में जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर जोरदार प्रदर्शन किया और वही पर सभा की। सभा को संबोधित करते हुए ऐक्टू प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने कहा कि मोदी सरकार ने 4 लेबर (श्रम) कोड लागू करने की पूरी तैयारी कर ली है. 21 नवंबर को अधिसूचित करने के बाद, इन्हें लागू करने के लिए केंद्रीय नियम बनाए जा रहे हैं. और फिर, 1 अप्रैल 2026 से 4 लेबर कोड लागू कर दिए जाएंगे. इन कोडों को मजदूरों का हितेषी साबित करने के लिए सरकार चौतरफा झूठा प्रचार चला रही है. उन्होंने कहा कि अब तक मजदूरों को कानूनी सुरक्षा और कुछ अधिकार देने वाले सभी 29 श्रम कानूनों को खत्म कर बनाए गए 4 लेबर कोड मजदूरों को मालिकों के गुलाम बना देंगे. 100-150 साल पुरानी स्थिति में धकेल देंगे।

# निपुण आकलन से बच्चों का होता है,सतत बौद्धिक विकास: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी

विकासखंड तिलोई के कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में गुरुवार को निपुण आकलन टेस्ट का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के तहत डायट सुल्तानपुर की डीएलएड प्रशिक्षु खुशबू यादव एवं रागिनी वर्मा ने विद्यार्थियों का शैक्षिक मूल्यांकन किया।प्रशिक्षुओं ने प्रत्येक चयनित छात्र को लगभग पांच मिनट तक पढ़वाकर एवं लिखवाकर उनकी शैक्षणिक दक्षता का आकलन किया। इस दौरान बच्चों की पठन क्षमता,लेखन कौशल और समझ के स्तर की गहन समीक्षा की गई।विद्यालय की शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षुओं का पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण, अंगवस्त्र डायरी-कलम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रशिक्षुओं ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, विद्यार्थियों के अनुशासन तथा परिसर की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि निपुण आकलन के माध्यम से बच्चों की बौद्धिक एवं मानसिक क्षमताओं का निरंतर विकास संभव होता है।यह प्रक्रिया विद्यार्थियों की कमजोरियों को पहचानने और उन्हें दूर करने में सहायक सिद्ध होती है।कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण बना।



## अमेरिका-भारत व्यापार समझौता के विरुद्ध राष्ट्रपति को जिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन

देश भर के किसान संगठन धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन के माध्यम से अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग कर रहे है। भारतीय किसान यूनियन इस ज्ञापन के माध्यम से अमेरिका-भारत समझौते को रद्द करने की मांग करती है क्योंकि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता किसान विरोधी कदम है। भारत की आत्मा गांव में बसती है। लेकिन जिस तरह से यह व्यापार समझौता सामने आया है उससे सबसे बडा सवाल यह है कि क्या किसानों की सहमति ली गयी हैं? क्या उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गयी है? हमारा तर्क है। 1. सस्ती विदेशी उपज से भारतीय किसान तबाह होंगे-अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित-पूरी तरह मशीनीकृत और बडे कार्पोरेट फार्म माडल पर आधारित है। अगर भारत सोयाबीन, मक्का, गेहू, डेयरी उत्पाद दालों पर आयात शुल्क हटाता है तो सस्ती अमेरिकी फसल भारतीय मण्डीयों में आयेगी।

# निपुण एवं प्रवेश जांच प्रशिक्षण के तीसरे दिन कैंप फायर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स निपुण एवं प्रवेश जांच शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को देवीपाटन मंडल के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर अतुल शर्मा ने आज ध्वज शिष्टाचार किया । इनके साथ एमएलके कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रोफेसर बीना सिंह, आब्जर्वर के रूप में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय एवं पूर्व डीन सिद्धार्थ विश्वविद्यालय प्रोफेसर के सिंह, जिला संगठन आयुक्त सिराजुल हक, रिशु चौहान रेंजर्स ट्रेनर, डॉ एस के त्रिपाठी एवं डॉ वंदना सिंह की उपस्थिति में ध्वज शिष्टाचार किया गया । जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को आयोजित रोवर्स रेंजर्स निपुण एवं प्रवेश जांच प्रशिक्षण शिविर में अतिथि के रूप में सिद्धार्थ मोहंता, डॉ शिव महेंद्र सिंह, डॉक्टर ऋषि रंजन पाण्डेय, शिवानंद पाण्डेय व प्रोफेसर शर्मा ने हाईक के लिए बच्चों को हरी झंडी दिखाई । बच्चे हाईक पर रंजीतपुर प्राथमिक विद्यालय पर गए जहां पर उन्होंने बाटी चोखा बिना बर्तन के सहायता से बनाया और वहां पर वह बाटी चोखा का आनंद लेने के बाद ट्रैक करते हुए महाविद्यालय कैंप में वापस आ गए । रोड्स रेंजर्स को टेंट पिचिंग और गैजेट्स के बारे में बताया गया । उनको सर्वे करने का तरीका बताया गया कि गांव में कुछ सर्वे कंडक्ट करना है । गांव की समस्याओं का निवारण कैसे करना है । सायंकालीन सत्र में कैंप फायर हुआ जिसमें सभी टोलियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया । हाईक में सहयोग करने वाले शिवराम मौर्य, मोहित वर्मा, विशाल भारती, उन्नति झा, नीलम श्रीवास्तव अंजलि, ने भरपूर सहयोग किया । तीसरे दिवस के कैंप का समापन ध्वज के साथ संपन्न हुआ।



## डी ए वी पब्लिक स्कूल में सीनियर छात्रों की भव्य विदाई समारोह का आयोजन

**रायबरेली।** डी ए वी पब्लिक स्कूल एन टी पी सी ऊंचाहार में आज सीनियर छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विद्यालय की धानाचार्या,शिक्षक और छात्र शामिल हुए। समारोह की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिभा जौहरी द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से हुई। तत्पश्चात सभी ने स्वामी दयानन्द सरस्वती जी की चित्र पर पुष्प अर्पित किये द्यसीनियर छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सभी छात्रों ने अपने अच्छे परिणाम हेतु हवन भी किया। छात्रों ने अपने अनुभव और यादें साझा कीं और कक्षा 11 के छात्रों को शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11 छात्रा की खुशी मौर्य द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई फिर छात्रों ने सीनियर छात्रों के लिए कई मनोरंजक खेल आयोजित किए गए,जिसने सभी को खूब हंसाया द्यकक्षा 11 के छात्रों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुति किया जिस पर तालियों की गड़गड़ाहट देखती ही बनीद्यप्रधानाचार्या प्रतिभा जौहरी ने अपने संबोधन में छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी।

# खतौनी की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से शिकायत

### अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई न होने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद के जलालपुर तहसील अंतर्गत नगर पालिका परिषद जलालपुर के वार्ड नंबर-9 हाजीपुर में खतौनी की भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। नगर निवासी बच्चाराम पुत्र रामचेत ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी संक्रामणीय भूमिधर भूमि गाटा संख्या 221 पर दबंग किस्म के व्यक्ति द्वारा बिना किसी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के आवासीय निर्माण कराया जा रहा है।

पीड़ित के अनुसार अवैध निर्माण रुकवाने के लिए पूर्व में उपजिलाधिकारी जलालपुर को भी शिकायती पत्र दिया गया था, जिस पर कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रुक गया था, लेकिन बाद में विपक्षी द्वारा पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। आरोप है कि तहसील स्तर के अधिकारी न तो निर्माण कार्य को प्रभावी रूप से रुकवा पा रहे हैं और न ही प्रार्थी की शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई हो रही है।

प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर उच्चाधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी निर्माण को गाटा संख्या 197 का बताते हुए करा रहा है, जबकि वास्तविक रूप से वह प्रार्थी की गाटा संख्या 221 की भूमि से सटा हुआ है और उसकी खतौनी की जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बलरामपुर चीनी मिल ने किया पेराई सत्र 2025-2026 का गन्ना मूल्य भुगतान

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर की बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर द्वारा नये पेराई सत्र 2025-2026 का 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक (5 दिन) खरीदे गये गन्ने का गन्ना मूल्य भुगतान 2589.41 लाख रूपये आज दिनांक 12 फरवरी 2026 को गन्ना किसानों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष के0के0 बाजपेई ने 12 फरवरी को बताया कि बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर किसानों की खुशहाली के लिये सदैव प्रतिबद्ध है। 4 फरवरी तक खरीदे गए गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान में हमारी चीनी मिल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में अग्रणी रहेगी। उन्होंने गन्ना किसानों से अच्छी पेड़ी के खेतों में को0-15023, को0-0118 एवं को0लख0-14201 प्रजाति की द्वितीय पेड़ी अवश्य रखे, जिससे आपको कम लागत में अच्छी फसल व पैदावार प्राप्त हो। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि वह चीनी मिल को साफ-सुथरा, जड़-पत्ती, अगोला रहित एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें तथा अपनी पर्ची की बैधता तिथि में ही गन्ना आपूर्ति कर अपने बेसिक कोटा में वृद्धि करें।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एनएसएस द्वारा निकाली गई रैली

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना ( सरोजनी नायडू इकाई, कल्पना चावला इकाई तथा डॉ. कलाम इकाई) के संयोजकत्व में फाइलेरिया उन्मूलन विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा सरस्वती बंदना से हुआ जिसे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रमाधिकारी डॉ. रमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि फाइलेरिया मुक्त भारत के सपने को साकार करने में स्वक्षता की महती भूमिका है। डॉ. शुक्ल ने फाइलेरिया तथा अन्य संचारी रोग के फैलने के कारण तथा उनसे बचने के उपाय के विषय मे छात्र छात्राओ को जानकारी दी । कार्यक्रम में स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाली जो झंडा पार्क से प्रारंभ होकर वीर विनय चौक, बड़े पुल चौराहा, मेजर चौराहा तथा काली थान से होते हुए पुनः झंडा पार्क में आकर पूर्ण हुई। महाविद्यालय की मुख्य नियंता प्रो. वीना सिंह ने उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूकता ही फाइलेरिया से बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय ने स्वयं सेवक तथा स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया एक परजीवी रोग है जो मुख्य रूप से मच्छरों के काटने से फैलता है इसलिए हमें अपने आस पास साफ सफाई रखना चाहिए।उन्होंने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि फाइलेरिया के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने में हम सभी को अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ. आशीष कुमार लाल, डॉ. अभय नाथ ठाकुर, डॉ. ए.के.दीक्षित , शिवम सिंह प्राध्यापक उपस्थित रहे। स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं में अनिमेष, पिंकी, सुधांशु, मानसी, शगुन, कोमल, विजय, शामुरुल निशा सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई गई तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।



गोल्ड डिगर है ये...

# दिव्या अग्रवाल

## पर भड़कीं भव्या सिंह, पर्सनल लाइफ को लेकर बड़ा खुलासा!



कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार के रियलिटी शो 'द 50' में इन दिनों जबरदस्त घमासान देखने को मिल रहा है. शो के लेटेस्ट एपिसोड में टीवी की 'कंट्रोवर्सी क्वीन' दिव्या अग्रवाल और भव्या सिंह के बीच ऐसी जुबानी जंग छिड़ी कि मामला पर्सनल कमेंट्स तक पहुंच गया. भव्या ने न सिर्फ दिव्या को 'फेक' कहा, बल्कि उनके पति और निजी जिंदगी को लेकर ऐसे दावे किए कि हर कोई दंग रह गया.दरअसल 'द 50' में हुए एक टास्क में 'बैल और बुद्धि' टास्क के दौरान दिव्या अग्रवाल ने अर्चना गौतम को लेकर एक टिप्पणी की थी. दिव्या ने कहा कि अर्चना के पास 'दिमाग नहीं है'. बस यही बात भव्या सिंह को चुभ गई, जो इन दिनों अर्चना के काफी करीब हैं. भव्या ने तभी ठान लिया कि वो दिव्या को सबक सिखा कर रहेंगी.

**टिश्यू पेपर के लिए मचा कोहराम**

झगड़ा तब और बढ़ गया जब दिव्या वॉशरूम एरिया में भावुक होकर रो रही थीं. दिव्या ने भव्या से टिश्यू पेपर मांगे, लेकिन भव्या ने साफ इनकार कर दिया. बाद में भव्या ने बीटीएस में कहा कि उन्हें दिव्या का लहजा पसंद नहीं आया और वो बहुत 'रूड' (रुखी) लग रही थीं. भव्या सिंह का गुस्सा यहीं शांत नहीं हुआ. उन्होंने सपना चौधरी और आर्या के सामने दिव्या की धज्जियां उड़ाते हुए कहा, ये इतनी फेक लड़की है, कोई ताज्जुब नहीं कि लोग इसे 'गोल्ड डिगर' बोलते हैं.



भव्या के निशाने पर आईं दिव्या

**पति से अलग रहती हैं दिव्या ?**

आगे भव्या बोलीं, मैंने अपने पॉडकास्ट पर इससे पूछा था कि क्या कभी रियलिटी शो करोगी? तो इसने अकड़ में कहा था कि नहीं, मैं बिग बॉस जीत चुकी हूं. अब यहां क्या उखाड़ने आई हो? सिर्फ पीआर और स्पोटिंग कराकर तुम थोड़ा दिख जाती हो, जिंदगी में कुछ नहीं किया तुमने. झगड़े के बीच भव्या ने दिव्या की शादीशुदा जिंदगी पर भी हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि दिव्या अपने पति के साथ नहीं रहती हैं.

भव्या ने कहा, दिवाली पर असली पटाखे तो इसके घर पर फूटे थे और मैंने फोड़े थे. इनका आपसी पारिवारिक मामला था जिसमें मुझे घसीटा गया. ये लोग मुंबई में लोगों से भीख मांगते हैं कि मेरे घर आ जाओ, मुझसे मिलो. ये अपने पति से अलग रहती है.

**फूट-फूटकर रोईं दिव्या**

भव्या के इन निजी हमलों से अनजान दिव्या बैडरूम एरिया में बुरी तरह टूट कर रोती हुई नजर आईं. रिद्धि डोगरा और युविका चौधरी से बात करते हुए दिव्या ने कहा, मैंने सालों लगाकर अपनी इमेज बनाई है. हर शो में लोग मुझसे नफरत करते थे और मैं अकेले लड़कर जीतती थी. अर्चना मेरी दोस्त थी, लेकिन यहां वो दुश्मन की तरह लड़ रही है. वो मुझे रात के 1 बजे फोन करके मदद मांगती थी.

**पति को याद करते हुए भावुक हुईं दिव्या अग्रवाल**

दिव्या ने अपने पति को याद करते हुए कहा कि उनके आने से उनकी जिंदगी बदल गई है और वो अब बहुत शांत इंसान बन गई हैं. रिद्धि, सिवेत और नेहल दिव्या को संभालते नजर आए. दिव्या ने तंज कसते हुए कहा, मैंने सिर्फ टिश्यू मांगा था, ये अब देने आई है.

# तमन्ना भाटिया

## को जहां से मिले 100 करोड़ व्यूज, फिर वहीं मचाएंगी धमाल! इस बार ये हीरो होगा साथ



हर साल की तरह इस साल भी अलग-अलग जॉनर की फिल्में धूम मचाने के लिए तैयार है. हालांकि, बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले बनी रही दोनों फिल्म चर्चा में है. पहली अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' है, तो दूसरी सिद्धार्थ मल्होत्रा की Vvan. इस फिल्म को कई बार पोस्टपोन किया जा चुका है और इस बार भी उम्मीद कुछ वैसी ही थी. जब सिद्धार्थ की फिल्म की रिलीज डेट पर अक्षय ने कब्जा कर लिया. पर अब वो वापस 10 अप्रैल पर लौट गए हैं, तो लगता है कि तमन्ना-सिद्धार्थ तय वक्त पर आ पाएंगे. खैर, यह फोकलोर पर बेस्ड थ्रिलर है, जिसे हिंदी सिनेमा में पहले कभी इतने बड़े स्केल पर नहीं बनाया गया है. अब फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसने हर किसी का ध्यान खींच लिया है.दरअसल सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म VVAN में एक लंबी चौड़ी टीम काम कर रही है. इस पिक्चर में मनीष पॉल, सुनील ग्रोवर और श्वेता तिवारी भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं. जबकि, दीपक कुमार मिश्रा और अरुणाभ कुमार फिल्म के डायरेक्टर हैं. मेकर्स लीड जोड़ी के साथ एक खास फोकलोर से इंस्पायर्ड डांस सीक्वेंस प्लान कर रहे हैं, जिसे मुंबई में शूट किए जाने की उम्मीद है. स्पेशल डांस नंबर को लेकर पहले ही तमन्ना भाटिया खूब धूम मचा चुकी हैं.



तमन्ना का किसने थामा हाथ?

**सिद्धार्थ और तमन्ना क्या करने वाले हैं ?**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा का VVAN में एक स्पेशल डांस होने वाला है. मेकर्स फोकलोर से इंस्पायर्ड डांस सीक्वेंस प्लान कर रहे हैं, जिसे मुंबई में ही शूट किया जाएगा. कहा जा रहा है कि यह सीक्वेंस फिल्म के कल्चरल और थीमेटिक कोर के साथ तालमेल बिठाने के लिए डिजाइन किया गया है. अब क्योंकि VVAN का फोकस लोककथाओं पर है, तो एक डेडिकेटेड डांस सेगमेंट को शामिल करने से फिल्म के यूनिवर्स से लोग अच्छी तरह से कनेक्ट कर सकेंगे. इस सीक्वेंस को लेकर हो रही चर्चा ने फैन्स का एक्साइटमेंट लेवल और भी ज्यादा बढ़ा दिया है.

## मैं इस दलदल में डूबूंगी नहीं, इससे निकलूंगी...भूमि पेडनेकर ने अपने 10 साल के सफर पर तोड़ी चुप्पी



बिना गॉडफादर के 10 साल का सफर

बॉलीवुड की सबसे वर्सटाइल अभिनेत्रियों में शुमार भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी नई वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में हैं. अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली इस सीरीज में भूमि एक ऐसे अवतार में नजर आ रही हैं, जैसा उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया. 'टीवी9' हिंदी डिजिटल के साथ एक खास बातचीत में भूमि ने अपने किरदार 'रीटा फरेरा', इंडस्ट्री के उनके स्ट्रगल और अपने फ्यूचर प्लान्स को लेकर बेबाकी से जवाब दिए.

सच कहूं तो यह किसी एक दिन की बात नहीं है. रोज कई बार ऐसे पल आते हैं जब लगता है कि काश मैं इस इंसान का मुंह बंद कर पाती या उसे पीट पाती. एक महिला के तौर पर हमें समाज में लगातार एक तरह का सप्रेशन (दबाव) महसूस होता है, जिससे ऐसे ख्याल आना लाजमी है. लेकिन ये एक ह्यूमन ट्रेट है. सामने वाले के प्रति आ रहे उस गुस्से को अंदर दबाने से बेहतर है कि आप उसे विजुअलाइज करें और आगे बढ़ जाएं.

आप एक 'सेलिब्रिटी' हैं और आपको हर वक्त एक सलीके से पेश आना पड़ता है. ऐसी कौनसी चीजें हैं, जो आप मिस करती हैं, या फिर हर वक्त आपके ऊपर नजर होने की वजह से आप नहीं कर पातीं?ऐसी कई चीजें हैं? जो मैं नहीं कर पातीं. लेकिन क्या मैं इन सब चीजों को मिस करती हूं? तो जवाब है..बिल्कुल नहीं! मैं अपनी लाइफ को लेकर बहुत ग्रेटफुल हूं. ये मेरा सपना था कि मैं ऐसा जीवन जिऊं. हां, सेलिब्रिटी होने के नाते कुछ पाबंदियां जरूर आती हैं, लेकिन इसके फायदे भी बहुत हैं. भगवान की बहुत बड़ी देन है कि मुझे यह मुकाम मिला, इसलिए मैं कभी शिकायत नहीं कर सकती.

**'दलदल' में आपका किरदार 'रीटा फरेरा' आपकी पिछली फिल्मों से कितना अलग था ?**

मैंने अब तक जितने भी किरदार किए हैं, वे मोरली (नैतिक रूप से) बहुत सही होते थे. लेकिन रीटा फरेरा पहली ऐसी भूमिका है जो 'हीरो' तो है पर उसमें 'एंटी-हीरो' वाले गुण हैं. जब वो वर्दी पहनती है, तब वो बेहद ईमानदार होती है. लेकिन वर्दी उतरते ही वो एक बहुत ही 'फ्लॉड' (Flawed) और टूटी हुई इंसान है. वो बहुत ज्यादा स्ट्रेट फॉरवर्ड है, जो कभी-कभी उसके लिए मुश्किलें भी पैदा कर देता है. वो मेरे बाकी किरदारों की तरह लाइकेबल किरदार नहीं है, जिसे हर कोई पसंद करेगा. बल्कि ये ऐसा किरदार है, जिससे लोग घबराएंगे.

## 'वाराणसी' देखने को बेकरार हैं प्रियंका की मां मधु चोपड़ा, फिल्म पर दिया ऐसा बयान



'मुझे लगता है कि हम सभी...'

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर जमकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. फिल्म में प्रियंका चोपड़ा की एंट्री के बाद से ही फैंस काफी एक्साइटेड हैं. वहीं जब प्रियंका का फिल्म से पहला लुक सामने आया तो फैंस और ज्यादा एक्साइटेड हो गए थे. फैंस की तरह ही प्रियंका की मां मधु चोपड़ा भी फिल्म को लेकर काफी खुश हैं.

प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने हाल ही में एक बातचीत में बेटी की फिल्म वाराणसी को लेकर बात की है. इस पिक्चर के जरिए प्रियंका का भारतीय सिनेमा में कमबैक होने वाला है. इंडियन सिनेमा में बेटी की वापसी पर मधु ने खुशी जाहिर की है. प्रियंका की वापसी बेहद धांसू और तगड़ी होने जा रही है, क्योंकि वाराणसी का डायरेक्शन 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के डायरेक्टर राजामौली कर रहे हैं और प्रियंका के साथ इसमें लीड रोल में साउथ सुपरस्टार महेश बाबू नजर आएंगे.

**'मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं...'**

प्रिंयका चोपड़ा की मां मधु ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत करते हुए प्रियंका के कमबैक को लेकर कहा, इतने लंबे ब्रेक के बाद प्रियंका के इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में आने को लेकर मैं उतनी ही एक्साइटेड हूं जितना आप सब हैं. मुझे लगता है कि हम सभी मिस्टर राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में उन्हें देखने का इंतजार कर रहे हैं. मैं सच में खुश हूं और बेसब्री से इंतजार कर रही हूं.

**कब रिलीज होगी 'वाराणसी' ?**

एसएस राजामौली अपनी फिल्म वाराणसी को बहुत बड़े पैमाने पर बना रहे हैं. फिल्म में महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के अलावा मशहूर अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम रोल में दिखाई देंगे. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 1300 करोड़ रुपये तक है.वाराणसी रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' के बाद भारतीय सिनेमा की दूसरी सबसे महंगी फिल्म साबित होगी. दो पार्ट में बन रही रामायण फिल्म का कुल बजट 4 हजार करोड़ रुपये तक है. 'वाराणसी' के लिए प्रियंका ने 30 करोड़ रुपये फीस वसूली है. वाराणसी दुनियाभर के सिनेमाघरों में 7 अप्रैल 2027 को दस्तक देगी.

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# समस्याओं के निराकरण के बजाए अखाड़ा बनी संसद

**पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। भारत- यूएस ट्रेड डील पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सरकार का पक्ष रखना शुरू किया था, तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया था। पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर कहा कि इसमें किसानों के हितों को सुरक्षित रक्षा गया है।**

*देश में मौजूद गंभीर मुद्दों पर चर्चा और उनके समाधान के प्रयासों के बजाए निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए संसद में दलगत राजनीति भारी पड़ रही है। संसद सत्तारुढ़ और विपक्ष के लिए अखाड़ा बनी हुई है। देश के कर्णधारों को देश की बिगड़ती दिशा–दशा की कोई परवाह नहीं है। दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अन्य शोधों के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल श्वसन प्रणाली, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। जहरीली हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से तनाव, चिंता, अवसाद (डिप्रेशन), संज्ञानात्मक हानि और बच्चों में एडीएचडी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसे विशेषज्ञ एक 'मानसिक स्वास्थ्य आपातकाल' मान रहे हैं। एरोसोल सूक्ष्म कणों पीएम 2.5 और जहरीली गैसों से दिमागी सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव होता है, जो अवसाद और चिड़चिड़ापन पैदा करता है। प्रदूषण के कारण वयस्कों में भावनात्मक थकान, निर्णय लेने की क्षमता में कमी और बच्चों में सीखने में कठिनाई देखी जा रही है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका अपक्षयी विकारों का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन बताते हैं कि पीएम 2.5 के एरोसोल घटक, डिप्रेशन और चिंता से सीधे जुड़े हैं। एम्स की एक अन्य रिसर्च में स्पीच एनालिसिस तकनीक के जरिए डिप्रेशन की पहचान की जा रही है, जो बताता है कि मानसिक स्वास्थ्य पर प्रदूषण का असर कितना गहरा है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्मॉग के दौरान बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें, घर में एयर प्यूरीफायर लगाएं और तनाव कम करने के लिए योग व स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। इसी तरह इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की 77वीं वार्षिक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने बताया कि आज भारत में करीब 60 प्रतिशत मानसिक रोग 35 साल से कम उम्र के लोगों में पाए जा रहे हैं। यह आंकड़ा इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यही उम्र पढ़ाई पूरी करने, करियर बनाने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की होती है। अगर इसी समय मानसिक समस्याएं शुरू हो जाएं और उनका इलाज न हो, तो इसका असर पूरी जिंदगी पर पड़ सकता है। कांफ्रेंस में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी, आर्थिक अस्थिरता और बदलती सामाजिक संरचना ने युवाओं के तनाव को और बढ़ा दिया है। महामारी के बाद पढ़ाई, नौकरी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता ने चिंता और डिप्रेशन के मामलों में इजाफा किया है। जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक:2026 में सिंगापुर पहले स्थान पर काबिज है, वहीं भारत 16वें नंबर पर है। रिपोर्ट में यह आंका गया है कि कोई देश अपने लोगों और पूरी दुनिया के लिए कितना जिम्मेदार है। इस सूची में सिंगापुर को दुनिया का सबसे जिम्मेदार देश घोषित किया गया है। सिंगापुर ने शासन, समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम करके पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह साल 2026 के ग्लोबल सॉफ्ट पावर इंडेक्स में भारत 48.0 के स्कोर के साथ इस फेहरिस्त में 32वें स्थान पर है। यह पिछले साल के मुकाबले दो स्थान नीचे और 1.8 अंक कम है। सॉफ्ट पावर किसी देश की उस क्षमता को कहते हैं, जिसमें वह सैन्य बल के बजाय अपनी संस्कृति और मूल्यों से दूसरे देशों को प्रभावित करता है। विश्व रैंकिंग में भारत का स्थान और घरेलू आतंरिक चुनौतियों पर चर्चा और इनके समाधान के बजाए सबसे बड़ा लोकतांत्रिक मंच संसद तमाशा बनी हुई है। सांसद देश की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा करने के बजाए गरिमा को तार–तार करने में लगे हुए हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**आखिर क्या वजह है कि प्रधानमंत्री पब्लिक मीटिंग छोड़कर कहीं कभी किसी प्लेटफार्म से सवालों के जवाब नहीं देते। हम सब जानते हैं कि जीवन तथ्यों पर चलता है तर्कों पर नहीं। लेकिन सत्ता प्रतिष्ठान हमेशा तर्कों के जरिए सवाल करने वाले का मुंह बंद करना चाहता है जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं है, और ना ही यह उचित है कि सत्ता प्रतिष्ठान हमेशा गड़े मुर्दे खोदता रहे। पूर्व प्रधानमंत्री के चरित्र पर, उनके कार्य प्रणाली पर, उनकी उपलब्धियां पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहें और अपनी कारगुजारियों या अपने कार्यों पर चुप रहे। जबकि आज की तारीख में लाखों मतदाताओं के पास करोड़ों सवाल हैं जिनका जवाब देने के बजाय सत्ता प्रतिष्ठान नित नए स्वाग रचता है।**

# लोकसभा अध्यक्ष की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह क्यों?



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**वैसे यह सही है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव संख्या बल के सामने गिर जाएगा लेकिन एक संदेश जरूर दे जाएगा जो इतिहास में दर्ज होगा। आज का बच्चा जब कल नवजवान होगा इतिहास पढेगा तो वह जान लेगा की ओम बिरला नाम के एक लोकसभा अध्यक्ष थे जिन पर पक्षपात के आरोप लगे थे और अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 118 सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 94 के अंतर्गत एक नोटिस दिया है । इस नोटिस को लोकसभा सचिवालय ने संज्ञान में ले लिया है और उम्मीद की जाती है कि जब होली के बाद संसद बैठेगी तो इस पर विचार होगा। आप प्रश्न यह उठता है कि ऐसी नौबत आई ही क्यों? या फिर लोकसभा अध्यक्ष की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगा ही क्यों? इस क्यों का उत्तर हम सबको तलाशना ही होगा। वरना लोकतंत्र की नीव हिल जाएगी। वैसे भी आजकल देश का वातावरण इतना प्रदूषित हो गया है कि आम आदमी को सांस लेना भी दुभर हो गया है । यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव टाला जा सकता है? इसका जवाब है कि हां टाला जा सकता था। लेकिन उसके लिए आवश्यक यह था कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद की स्थिति बनती। जबकि संवाद की बात कौन कहे? यहां तो बात करने से भी परहेज किया जा रहा है। सत्ता पक्ष अपने पास बहुमत होने का फायदा उठाकर विपक्ष की और खास तौर से विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बोलती बंद करना चाहता है। ऐसा करते समय सत्ता पक्ष यह भूल जाता है कि उसे मात्र 35% मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है जबकि विपक्ष के पास 65% है । सत्ता पक्ष को पुराने जख्म कुरेदने में ज्यादा आनंद आता है। लेकिन जब यही काम विपक्ष करना चाहता है तो उसे बोलने नहीं दिया जाता। अगर सत्ता पक्ष को अतीत से ज्यादा प्यार है तो उसे 1952 में जब पहली लोकसभा का गठन हुआ था उस पर भी नजर डालनी चाहिए। 15 मई 1952 को लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलेकर ने कहा था कि संसद केवल बहुमत का शासन नहीं बल्कि यह विचार विमर्श और तर्क का मंच है। उन्होंने आगे कहा था कि अध्यक्ष का पद किसी दल का नहीं होता बल्कि पूरे सदन का होता है क्योंकि जब संसद की प्रतिष्ठा गिरती है तो लोकतंत्र कमजोर होता है। लेकिन आज हालात यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर शायद लोकतंत्र को कमजोर करने में लगे हैं क्योंकि विपक्ष अगर अपनी बात रखने पर आमादा है तो सत्ता पक्ष शोर सराबा के जरिए विपक्ष की बात सुनने को तैयार नहीं। जबकि होना यह चाहिए था कि भले आप हमारी बातों से सहमत न हो हमारे विचार आपको पसंद ना हो लेकिन आपको हमारे विचार सुनना तो चाहिए ही। आप यानी सत्ता पक्ष विपक्ष को बोलने के अधिकार को कैसे रोक सकते हैं क्योंकि सरकार की तथ्यों सहित आलोचना करना विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है। कितनी अजीब बात है कि जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी किसी किताब, किसी मैगजीन, किसी समाचार पत्र में छपी बात को रखते हैं तो लोकसभा अध्यक्ष इसकी अनुमति नहीं देते हैं और नियम , परंपराओं तथा कानून का उल्लंघन बताते हैं। लेकिन जब सत्ता पक्ष यहां तक की प्रधानमंत्री किसी किताब को कोड करते हैं या सत्ता पक्ष का कोई सांसद किताबों को कोड करता है तो लोकसभा अध्यक्ष को कोई आपत्ति नहीं होती। तब नियम कानून और परंपराएं रास्ता नहीं रोकती। कितना गजब का इत्तेफाक है की विपक्ष या विपक्ष का नेता अथवा दलीय नेता 9 साल पहले लाये गए नोटबंदी की बात नहीं कर सकता लेकिन सत्ता पक्ष 50 साल पहले लगाई गई इमरजेंसी की बात कर सकता है। इस तरह तो सत्ता पक्ष और विपक्ष में टकराव बना ही रहेगा और शायद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस तरह के टकराव को समाप्त भी नहीं कराना चाहते। यह ध्रुव सत्य है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भाजपा के सांसद हैं वह कमल के चुनाव निशान पर राजस्थान के कोटा से निर्वाचित हुए है। लेकिन अब जब वे लोकसभा अध्यक्ष पक्ष और विपक्ष दोनों की रजामंदी से बने हैं तो उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सदन में विपक्ष को संरक्षण देना चाहिए और सत्ता पक्ष से अपेक्षा करना चाहिए कि विपक्ष के आरोप का समुचित जवाब दे। क्योंकि अगर मतदाताओं ने सत्ता पक्ष के लोगों को वोट देकर विजय बनाया है तो मतदाताओं के ही वोट से विपक्ष के सांसद चुने गए हैं। दोनों में कोई अंतर नहीं दोनों को राष्ट्र के प्रति, समाज के प्रति तथा लोकतंत्र के प्रति समान जिम्मेदारी है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष यह कहते हैं कि प्रधानमंत्री जी को सदन में आने से हमने मना किया था क्योंकि विपक्षी महिला सांसदों के जरिए कोई अप्रिय घटना घट सकती थी। तो बरबस हसी का आ जाना लाजमी है क्योंकि लोकसभा अध्यक्ष का यह बयान उनकी गरिमा के अनुकूल नहीं बल्कि प्रधानमंत्री को सवालों से दूर रखने वाला ज्यादा प्रतीत होता है। क्या एक सांसद को जो भारत का प्रधानमंत्री है उसे अपने ही सांसद मित्रों से खतरा है? संसद भवन में खतरा है? सहन में खतरा है? ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला चाहते ही नहीं थे कि प्रधानमंत्री किसी भी प्रश्न का उत्तर देने सदन में आए? क्या प्रधानमंत्री के पास विपक्ष के सवालों के जवाब नहीं थे? या प्रधानमंत्री विपक्ष के सवालों के जवाब देने से बचना चाहते थे? इसलिए लोकसभा अध्यक्ष ने यह भूमिका बनाई? आखिर क्या वजह है कि प्रधानमंत्री पब्लिक मीटिंग छोड़कर कहीं कभी किसी प्लेटफार्म से सवालों के जवाब नहीं देते। हम सब जानते हैं कि जीवन तथ्यों पर चलता है तर्कों पर नहीं। लेकिन सत्ता प्रतिष्ठान हमेशा तर्कों के जरिए सवाल करने वाले का मुंह बंद करना चाहता है जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं है, और ना ही यह उचित है कि सत्ता प्रतिष्ठान हमेशा गड़े मुर्दे खोदता रहे। पूर्व प्रधानमंत्री के चरित्र पर, उनके कार्य प्रणाली पर, उनकी उपलब्धियां पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहें और अपनी कारगुजारियों या अपने कार्यों पर चुप रहे। जबकि आज की तारीख में लाखों मतदाताओं के पास करोड़ों सवाल हैं जिनका जवाब देने के बजाय सत्ता प्रतिष्ठान नित नए स्वाग रचता है। वैसे यह सही है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव संख्या बल के सामने गिर जाएगा लेकिन एक संदेश जरूर दे जाएगा जो इतिहास में दर्ज होगा। आज का बच्चा जब कल नवजवान होगा इतिहास पढेगा तो वह जान लेगा की ओम बिरला नाम के एक लोकसभा अध्यक्ष थे जिन पर पक्षपात के आरोप लगे थे और अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।



**इत्तेफाक है की विपक्ष या विपक्ष का नेता अथवा दलीय नेता 9 साल पहले लाये गए नोटबंदी की बात नहीं कर सकता लेकिन सत्ता पक्ष 50 साल पहले लगाई गई इमरजेंसी की बात कर सकता है। इस तरह तो सत्ता पक्ष और विपक्ष में टकराव बना ही रहेगा और शायद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस तरह के टकराव को समाप्त भी नहीं कराना चाहते।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 14:23 तक |
| नक्षत्र: | मूल 16:02 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | वज्र, 27:17 |
| सूर्योदय: | 07:04 |
| सूर्यास्त: | 18:05 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 11:12-12:35 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:12-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### ना टिकट उपलब्ध !

*खूब चलाई ट्रेन पर ।*
*टिकट नहीं मिल पाया ।।*
*अजब बुकिंग का खेल है ।*
*मंत्रालय की माया ।।*
*माना बढ़ी भीड़ है ।*
*हुआ ना सुधार ।।*
*देखते व्यवस्था ये ।*
*कब लेती आकार ?*
*मारामारी अफरातफरी ।*
*है मचा चहुंओर ।।*
*ना टिकट उपलब्ध है ।*
*हर तरफ ये शोर ।।*
*ना खिड़की ना एजेंट ।*
*कहीं से बनता काम ।।*
*और भी हैं सारे ।*
*लें किस किस का नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ब्लड शुगर कंट्रोल के लिए दालचीनी और जीरा पानी के फायदे

**आज** के समय में ज्यादातर लोग ब्लड शुगर की समस्या से पीड़ित रहते हैं। ऐसे में ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के लिए अक्सर लोगों को फाइबर जैसे पोषक तत्वों से युक्त हेल्दी डाइट लेने, पर्याप्त पानी पीने, नियमित एक्सरसाइज करने और अनहेल्दी खानपान का सेवन करने से बचने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने के लिए औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी और जीरे के पानी का सेवन करना ब्लड शुगर के लिए फायदेमंद होता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी और जीरा के पानी में अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करे:** दालचीनी शरीर में इंसुलिन को मिमिक करती है। ऐसे में दालचीनी और जीरे के पानी का सेवन करने से इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करने और इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम करने और इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करने में मदद मिलती है।



**ब्लड शुगर को कंट्रोल करे:** दालचीनी और जीरे के पानी में औषधीय गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने, ब्लड शुगर के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव करने और स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य समस्याओं से बचाव करने में मदद मिलती है।

**ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाव करे:** दालचीनी और जीरे के पानी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करने में मदद मिलती है।

**दालचीनी खाने से कौन-कौन से रोग ठीक होते हैं?:** औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने, ब्लड शुगर को कंट्रोल करने, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, सूजन को कम करने, दर्द कम करने, पाचन में सुधार करने, सर्दी-जुकाम से बचव करने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने और स्किन को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**सुबह खाली पेट जीरे का पानी पीने से क्या होता है?:** सुबह खाली पेट जीरे का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने, शरीर में फैट को जमा होने से रोकने, वजन कम करने, पाचन को दुरुस्त करने, ब्लड शुगर को कंट्रोल करने, शरीर को ठंडक देने, शरीर को डिटॉक्स करने और इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**शुगर होने पर शरीर क्या संकेत देता है?:** व्यक्ति को ब्लड शुगर की समस्या होने पर बार-बार पेशाब आने, अधिक प्यास लगने, थकान होने, वजन कम होने, धुंधला दिखने, घाव के धीरे भरने, हाथों-पैरों में झुनझुनी बढ़ने, ज्यादा भूख लगने, स्किन में खुजली होने, इंफेक्शन होने, कमजोरी होने, बार-बार इंफेक्शन होने और नसों के कमजोर होने की समस्या हो सकती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# एआई पर लगाम, झूठ पर विराम: नया डिजिटल फरमान



प्रो. आरके जैन

**इन नियमों के लागू होने से प्लेटफॉर्म्स का अनुपालन स्तर बढ़ेगा और उपयोगकर्ताओं का अनुभव अधिक सुरक्षित बनेगा। अब लोग बिना भय के अपनी बात साझा कर सकेंगे, क्योंकि उन्हें भरोसा होगा कि हानिकारक सामग्री पर तुरंत कार्रवाई होगी।**

**डिजिटल** दुनिया में अब लापरवाही और देरी की कोई जगह नहीं बची है। एक झूठी खबर या फर्जी वीडियो कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और समाज में उथल-पुथल मचा सकता है। इसी गंभीर खतरे को समझते हुए भारत ने तकनीकी इतिहास में एक सख्त और निर्णायक कदम उठाया है। 10 फरवरी 2026 को जारी संशोधित आईटी नियमों के तहत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अवैध और हानिकारक सामग्री हटाने के लिए केवल तीन घंटे का अल्टीमेटम दिया है, जो 20 फरवरी 2026 से लागू होगा। पहले जहां कंपनियों को 36 घंटे का समय मिलता था, अब वह घटकर मात्र तीन घंटे रह गया है। यह फैसला साफ संदेश देता है कि भारत अब डीपफेक, फर्जी खबरों और डिजिटल अराजकता के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगा। इन नए नियमों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू एआई-जनरेटेड सामग्री पर विशेष ध्यान देना है। अब सभी कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ऑडियो, वीडियो और चित्रों को स्पष्ट रूप से लेबल करना अनिवार्य होगा। प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता यह घोषणा करें कि उनकी सामग्री एआई से बनी है या नहीं। साथ ही, जहां संभव हो, स्थायी मेटाडेटा को एम्बेड करना होगा, ताकि मूल स्रोत का पता लगाया जा सके। यह व्यवस्था डीपफेक और फर्जी वीडियो के बढ़ते खतरे पर रोक लगाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। इससे महिलाओं, सार्वजनिक हस्तियों और आम नागरिकों की गरिमा सुरक्षित होगी और समाज में विश्वास का वातावरण बनेगा। तीन घंटे की समयसीमा पहली नजर में सोशल मीडिया कंपनियों के लिए कठिन लग सकती है, लेकिन वास्तव में यह एक सकारात्मक और रचनात्मक दबाव है। मेटा, यूट्यूब और एक्स जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स अब अपनी तकनीकी क्षमताओं को और अधिक मजबूत करेंगे। एआई आधारित मॉडरेशन सिस्टम, ऑटोमेटेड डिटेक्शन टूल्स और रियल-टाइम मॉनिटरिंग तकनीकों का तेजी से विकास होगा। भारत का विशाल डिजिटल बाजार कंपनियों को मजबूर करेगा कि वे बेहतर और अधिक जिम्मेदार प्रणालियां विकसित करें। इससे न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी डिजिटल सुरक्षा के मानक ऊंचे होंगे। यह नियम कंपनियों को नवाचार के लिए प्रेरित करता है, न कि उन्हें सीमित करता है। इस नीति का सबसे बड़ा लाभ महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को मिलेगा। गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरों और वीडियो के मामलों में अब केवल दो घंटे की समयसीमा तय की गई है, जो पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करेगी। पहले ऐसी सामग्री घंटों या दिनों तक वायरल हो जाती थी, जिससे मानसिक और सामाजिक नुकसान होता था। अब हटाने की प्रक्रिया इतनी तेज होगी कि नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नियम राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री पर विशेष ध्यान देता है। इससे डिजिटल हिंसा में कमी आएगी और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। नियमों की मजबूती को और बढ़ाने के लिए सरकार ने प्लेटफॉर्म्स पर अनुपालन की जिम्मेदारी को और सख्त किया है। यदि कोई इंटरमीडियरी इन निर्देशों का पालन नहीं करता, तो उसे सुरक्षित हार्बर संरक्षण खोने का खतरा होगा, जो कंपनियों को और अधिक जिम्मेदार बनाएगा। साथ ही, उपयोगकर्ता शिकायतों के निवारण को और मजबूत किया गया है, जिससे पीड़ितों को तेज न्याय मिलेगा। प्लेटफॉर्म्स को अब हर तिमाही उपयोगकर्ताओं को एआई दुरुपयोग के खतरों पर स्पष्ट चेतावनी जारी करनी होगी, ताकि लोग स्वयं सतर्क रहें। ये प्रावधान डिजिटल पारिस्थितिकी को अधिक जवाबदेह और सक्रिय बनाते हैं, जहां सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता से भी मजबूत होगी। एआई कंटेंट पर लेबलिंग और ट्रेसेबिलिटी का प्रावधान भारत के डिजिटल इतिहास में एक मील का पत्थर है। अब फर्जी वीडियो और झूठी खबरों की पहचान करना पहले से कहीं अधिक आसान होगा।

**मेटाडेटा को हटाना या बदलना अपराध की श्रेणी में आएगा, जिससे अपराधियों के लिए छिपना कठिन हो जाएगा। यह व्यवस्था लोकतंत्र की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, क्योंकि चुनावी समय में गलत सूचनाएं सबसे बड़ा खतरा बन जाती हैं। भारत अब जिम्मेदार एआई गवर्नेंस का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है, जहां नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखा गया है।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादक: इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# रामपुर अधिवक्ता हत्याकांड के विरोध में पीलीभीत में उबाल

## जिलेभर में वकीलों का प्रदर्शन, न्यायिक कार्य ठप अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू करने की मांग तेज





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

रामपुर में अधिवक्ता की निर्मम हत्या के विरोध में पीलीभीत जिले में आक्रोश की लहर दौड़ गई। सोमवार और बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय सहित बीसलपुर और पूरनपुर में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। वकीलों ने न्यायिक कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करते हुए 'अधिवक्ता संरक्षण कानून' को तत्काल लागू करने और हत्यारोपियों को फांसी की सजा देने की मांग उठाई। रामपुर की घटना की जानकारी मिलते ही जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन, सिविल बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकील एकत्र हुए। अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक मार्च किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है। अधिवक्ताओं पर बढ़ते हमले चिंता का विषय हैं और इससे न्याय व्यवस्था की स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है।

### दोषियों की गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक सुनवाई की मांग

धरना-प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने रामपुर हत्याकांड के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को कठोरतम दंड, यहां तक कि फांसी की सजा दिए जाने की मांग की।बार पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

### न्यायिक कार्यों का बहिष्कार, वादकारियों को परेशानी

प्रदर्शन के समर्थन में जिले भर के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया। इसके चलते न्यायालयों में सन्नाटा पसरा रहा। दूर-दराज से आए वादकारियों को बिना सुनवाई के वापस लौटना पड़ा, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी और महासचिव विद्याराम वर्मा की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से तीन मांगें रखी गईं रामपुर हत्याकांड के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो,मृतक अधिवक्ता के परिजनों को उचित मुआवजा व सुरक्षा मिलें,उत्तर प्रदेश में 'अधिवक्ता संरक्षण कानून' को अविलंब लागू किया जाए।

### बीसलपुर और पूरनपुर में भी प्रदर्शन

उधर बीसलपुर में सिविल बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता मुंसिफ कोर्ट परिसर में एकत्र हुए और जुलूस बनाकर तहसील कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर एसडीएम नागेंद्र पांडेय को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष सियाराम माथुर, महामंत्री सुशील तोमर, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद आशिक, रितेश दुबे, ज्ञानेंद्र शुक्ला सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। पूरनपुर में भी अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिया और अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग दोहराई।

### न्याय दिलाने वाला वर्ग ही असुरक्षित

अधिवक्ताओं ने कहा कि जो वर्ग समाज को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करता है, वही आज स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। लगातार हो रहे हमलों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।
वकीलों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। रामपुर की घटना के विरोध में पीलीभीत में उठी यह आवाज अब प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन का रूप ले सकती है।


## बरेली में पॉलीग्राफ टेस्ट से घबराए आरोपी

जन एक्सप्रेस। बरेली। एक गांव निवासी व्यक्ति ने आठ जनवरी 2025 को अपनी 16 वर्षीय पुत्री के घर से लापता होने की रिपोर्ट थाना क्योलड़िया में दर्ज कराई थी। मुकदमा अपराध संख्या 009/2025 धारा 137(2) बीएनएस में पंजीकृत हुआ। विवेचना के दौरान सितंबर 2025 में कैलाश नदी किनारे गन्ने के खेत से गुथी हुई सिर की चोटी, कपड़े व हड्डियां बरामद हुईं। डीएनए जांच में यह पुष्टि हुई कि बरामद अवशेष वादी की पुत्री के ही हैं। इसके बाद मुकदमे में धारा 103(1)/238 बीएनएस की वृद्धि की गई। मोबाइल सीडीआर जांच में गांव के ही सलीम हुसैन की संदिग्ध गतिविधियां सामने आईं। किशोरी से उसकी कई बार बातचीत और घटना वाली रात लोकेशन एक ही स्थान पर पाई गई। पुलिस ने न्यायालय की अनुमति से सलीम का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू की। नोटिस मिलने के बाद सलीम भाग गया। इसी दौरान जांच में सामने आया कि वह भौआ बाजार स्थित एक क्लीनिक में आसिम उर्फ डॉ. बंगाली के साथ काम करता था। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी कोलकाता भागने की तैयारी में थे, तभी दबोच लिए गए। पूछताछ में सलीम ने कबूल किया कि किशोरी को रात में बुलाकर गन्ने के खेत में ले गया और गला दबाकर हत्या कर दी। शव को खेत में फेंक दिया और मोबाइल नदी में बहा दिया। सलीम का किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं, डॉ. बंगाली ने वर्ष 2017 में अपनी पत्नी रजनी की हत्या की साजिश रचने की बात स्वीकारी। आरोप है कि पत्नी से विवाद के चलते उसने सलीम के साथ मिलकर कैलाश नदी किनारे गला दबाकर हत्या की और शव दफना दिया। इस संबंध में थाना भुता में मुकदमा दर्ज है। सलीम हुसैन 22 वर्ष पर लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। वह वर्तमान में दो हत्याओं में नामजद है।

# जंगल का असली सच-जब फुंफकार ने दहाड़ को रोक दिया

## दहाड़ बनाम फुंफकार- पीलीभीत के जंगल से निकला प्रकृति का गूढ़ संदेश

**सरीसृपों का संरक्षण, छोटे स्तनधारियों की सुरक्षा,** वनस्पतियों की रक्षा, पर्यावरणीय संतुलन की निगरानी ये सभी कदम मिलकर ही एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। यदि जंगल सुरक्षित रहेंगे, तभी ऐसी दुर्लभ घटनाएं देखने को मिलेंगी और आने वाली पीढ़ियां प्रकृति के इन जीवंत पाठों से सीख सकेंगी।



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

तराई के जनपद टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में घटित एक घटना ने जंगल के उस मौन दर्शन को जीवंत कर दिया, जिसे हम अक्सर रोमांच की परतों में ढककर देखना चाहते हैं। कच्ची वन-पटरी पर विश्राम करता एक बाघ, पास ही फन उठाए खड़ा कोबरा, और फिर कुछ क्षणों का तनावपूर्ण सामना जिसमें अंततः बाघ ने टकराव टालते हुए पीछे हटना ही बेहतर समझा। यह दृश्य भले ही कुछ मिनटों का रहा हो, किंतु उसके निहितार्थ बहुत व्यापक हैं। यह घटना केवल वन्यजीवों के व्यवहार का उदाहरण नहीं, बल्कि प्रकृति के संतुलन, शक्ति की परिभाषा और सह-अस्तित्व के सिद्धांत का सजीव पाठ है।

### जंगल का 'राजा' और वास्तविकता का संतुलन

हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक कल्पनाओं में बाघ शक्ति, साहस और प्रभुत्व का प्रतीक है। ÷जंगल का राजा÷ कहकर हम उसे सर्वोच्च स्थान देते हैं। किंतु प्रकृति में सत्ता का कोई ताज नहीं होता; वहां केवल संतुलन होता है।कोबरा, जो आकार और बल में बाघ की तुलना में नगण्य प्रतीत होता है, अपने विष और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता के कारण उतना ही प्रभावशाली है।उसकी फुंफकार केवल आक्रामकता नहीं, बल्कि आत्मरक्षा का उद्घोष है।यह घटना हमें याद दिलाती है कि प्रकृति में किसी एक जीव का वर्चस्व पूर्ण नहीं होता। हर प्रजाति अपने विशिष्ट गुणों के कारण महत्वपूर्ण है। शक्ति का अर्थ केवल शारीरिक सामर्थ्य नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने की क्षमता भी है। घटना का सबसे उल्लेखनीय पक्ष यह रहा कि बाघ ने आक्रामकता के बजाय विवेक का चयन किया। वह चाहे तो एक झटके में कोबरा को घायल कर सकता था, परंतु विषैले खतरे को भांपकर उसने जोखिम नहीं उठाया। जंगल में अनावश्यक संघर्ष जीवन के लिए खतरा बन सकता है। एक छोटा-सा विषदंश भी सबसे शक्तिशाली शिकारी को असहाय बना सकता है। इसीलिए वन्यजीव अक्सर ऊर्जा और जोखिम का आकलन कर निर्णय लेते हैं। यह व्यवहार हमें यह भी सिखाता है कि हर संघर्ष लड़ना आवश्यक नहीं होता। कई बार पीछे हटना पराजय नहीं, बल्कि दूरदर्शिता का संकेत होता है।

### प्रकृति का लोकतांत्रिक तंत्र-रोमांच से परे जिम्मेदारी

वन पारिस्थितिकी तंत्र में कोई भी जीव अनावश्यक नहीं है। बाघ शीर्ष शिकारी है, जो शाकाहारी प्राणियों की संख्या नियंत्रित कर वन संतुलन बनाए रखता है। वहीं सरीसृप, जैसे कोबरा, छोटे जीवों की संख्या नियंत्रित कर पारिस्थितिकी की दूसरी कड़ी को संतुलित रखते हैं। यदि हम केवल बाघ संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करें और अन्य प्रजातियों की अनदेखी करें, तो संतुलन बिगड़ सकता है। जैव विविधता का अर्थ हैं। हर स्तर पर जीवन की रक्षा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व जैसे संरक्षित क्षेत्रों की सफलता केवल बाघों की संख्या से नहीं मापी जानी चाहिए, बल्कि वहां मौजूद समग्र जैव विविधता से आंकी जानी चाहिए।पर्यटकों के लिए यह दृश्य रोमांचक और दुर्लभ था। कैमरों में कैद यह क्षण सोशल मीडिया और समाचारों में चर्चा का विषय बना। किंतु हमें यह भी समझना होगा कि जंगल मनोरंजन का मंच नहीं, बल्कि जीवों का घर है। सफारी के दौरान अनुशासन, दूरी और शांति बनाए रखना आवश्यक है। वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप न हो, यह सुनिश्चित करना वन विभाग और पर्यटकों दोनों की जिम्मेदारी है। जंगल के ऐसे दृश्य हमें आकर्षित करते हैं, परंतु उनका उद्देश्य केवल रोमांच नहीं, बल्कि जागरूकता भी होना चाहिए। इस घटना को यदि व्यापक संदर्भ में देखें तो यह मनुष्य समाज के लिए भी एक प्रतीक है। हम अक्सर आकार, पद और संसाधनों के आधार पर शक्ति का आकलन करते हैं। किंतु वास्तविक शक्ति विवेक, संतुलन और आत्मरक्षा की क्षमता में निहित है। बाघ का पीछे हटना उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन की प्राथमिकता का सम्मान है। इसी प्रकार समाज में भी संवाद, धैर्य और समझदारी संघर्ष से अधिक प्रभावी हो सकते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व उत्तर प्रदेश का गौरव है। यहां की हर घटना हमें यह याद दिलाती है कि संरक्षण केवल एक प्रजाति तक सीमित नहीं होना चाहिए।

### पराजय नहीं, प्रकृति की स्वीकृति

महोफ रेंज की उस सुबह दहाड़ और फुंफकार का जो सामना हुआ, वह किसी की हार या जीत की कहानी नहीं है। वह प्रकृति के संतुलन का उदाहरण है। जंगल का असली नियम यही है यहां कोई भी पूर्णतः अजेय नहीं, और कोई भी पूर्णतः नगण्य नहीं। बाघ का पीछे हटना एक क्षणिक दृश्य था, लेकिन उसका संदेश स्थायी है। यह हमें सिखाता है कि शक्ति के साथ विवेक जुड़ा हो, तभी संतुलन संभव है। प्रकृति हर दिन हमें कुछ सिखाती हैं। शर्त बस इतनी है कि हम उसे देखने और समझने का धैर्य रखें।

## कार न देने पर विवाहिता को मारने का प्रयास, केस दर्ज



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड़ निवासी गायत्री यादव ने में बताया कि उनकी शादी छह साल पूर्व जिला बहराइच के थाना मुर्तिहा के ग्राम महाराज सिंह निवासी इंद्र कुमार उर्फ अरविंद यादव के साथ हुई थी। जिसमे परिवार ने अपनी हैशियत के तहत दान दहेज दिया। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नही हुए और उन्होंने कार की मांग करना शुरु कर दिया। विवाहिता के मना करने पर पति के अलावा ससुर नंदू यादव, सास फूलमती, देवर प्रदीप यादव, ननद आरती, अनीता, गीता आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरु कर दिया।मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पुत्र के जन्म के बाद भी आरोपी हरकतों से बाज नहीं आए। कई बार जान से मारने का भी प्रयास किया। दो साल पूर्व आरोपियों ने उसे मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया। कुछ समय बाद आरोपी उसके मायके पहुंचे और दोबारा कार की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अशोक पाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय

## 1460 कुंतल अभिजनक गन्ना बीज का आवंटन, उन्नत प्रजातियों से बढ़ेगी पैदावार

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। जिले के गन्ना किसानों के लिए बसंतकालीन बुवाई से पहले बड़ी राहत और तैयारी की खबर है। मुख्यालय स्तर से जनपद को 1460 कुंतल अभिजनक (स्नश्ह्ठस्डुह्लद्बश्ठ) गन्ना बीज का आवंटन किया गया है। यह बीज किसानों को चीनी मिल प्रक्षेत्र पीलीभीत एवं चीनी मिल प्रक्षेत्र पुवायां से निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा।कृषि एवं गन्ना विभाग का उद्देश्य है कि जिले के अधिकाधिक किसान उन्नत एवं रोगरोधी प्रजातियों की बुवाई करें, जिससे उत्पादन बढ़े और चीनी मिलों को भी बेहतर गुणवत्ता का गन्ना प्राप्त हो सके।

### उन्नत प्रजातियों का मिलेगा लाभ

विभाग द्वारा जिन प्रमुख प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराया जाएगा, उनमें को. लख. 18231, को.शा. 19231, को. लख. 16202 (सिंगल बड) अगेती किस्में- कोशा 013235, को.शा. 17231, को. 15023 शामिल हैं। इनमें से सिंगल बड प्रजातियों का वितरण संबंधित गन्ना विकास परिषदों के माध्यम से किया जाएगा। विभाग का मानना है कि इन उन्नत प्रजातियों से प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ रोगों की संभावना भी कम होगी।



**बीज मूल्य (प्रति कुंतल)**

- नवीनतम विकसित गन्ना किस्में (उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद/चीनी मिल फार्म से)- 450 प्रति कुंतल
- अन्य अगेती एवं मध्य-देर से पकने वाली किस्में- 425

**प्रति कुंतल यदि कोई व्यक्ति निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बीज की बिक्री करता है तो किसान तत्काल संबंधित विभाग या परिषद को सूचना दें।**

### प्रगतिशील किसानों के खेतों पर स्थापित होंगी आधार पौधशालाएं

आवंटित बीज से जिले के चयनित एवं प्रगतिशील गन्ना किसानों के खेतों पर बसंतकालीन आधार पौधशाला (स्द्गस्र ह्वह्यद्गह्4) की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य भविष्य में शुद्ध, प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण बीज की स्थानीय स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जो किसान बसंतकालीन पौधशाला स्थापित करना चाहते हैं, वे अपने क्षेत्र के गन्ना पर्यवेक्षक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### बीज परिवर्तन पर विशेष जोर

गन्ना विभाग ने किसानों को स्पष्ट सलाह दी है कि वे हर तीन वर्ष में गन्ना बीज अवश्य बदलें। लगातार एक ही प्रजाति की बुवाई करने से कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ता हैं। उत्पादन क्षमता घटती हैं। भूमि की उर्वरता प्रभावित होती हैं। उन्नत एवं प्रमाणित बीज के प्रयोग से इन समस्याओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

### बुवाई से पहले अनिवार्य बीज उपचार वैज्ञानिक विधि अपनाने की अपील

गन्ने की बुवाई हमेशा एक आंख (स्ह्ठ्ठद्दद्द ब्ह्वस्र) के टुकड़े से करें। बोने से पहले बीज के टुकड़ों को कवकनाशी बाविस्टीन 0.2 प्रतिशत घोल से उपचारित अवश्य करें। बीज उपचार से फफूंदजनित रोगों की रोकथाम होती है और अंकुरण दर में सुधार आता है। इससे खेत में पौधों की संख्या संतुलित रहती है और उपज में वृद्धि होती है। निर्धारित दर पर ही होगा बीज वितरण विभाग ने बीज की दरें भी तय कर दी हैं।

**इन गन्ना विकास परिषदों से करें संपर्क**

**बसंतकालीन गन्ना बीज प्राप्त करने के लिए किसान भाई निम्न परिषदों से संपर्क कर सकते हैं।**

- गन्ना विकास परिषद, पीलीभीत
- गन्ना विकास परिषद, बरखेड़ा
- गन्ना विकास परिषद, बीसलपुर
- गन्ना विकास परिषद, पूरनपुर
- गन्ना विकास परिषद, मझोला

### उत्पादन वृद्धि और आय बढ़ाने की दिशा में कदम

जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया की गन्ना विभाग की यह पहल न केवल बसंतकालीन बुवाई को व्यवस्थित और वैज्ञानिक बनाएगी, बल्कि जिले में गन्ना उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों को बेहतर करेगी। उन्नत बीज, वैज्ञानिक पद्धति और समय पर बीज परिवर्तन अपनाकर किसान बेहतर पैदावार प्राप्त कर सकेंगे और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। बसंतकालीन बुवाई के इस अभियान से जिले के हजारों गन्ना किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में सातवीं जूनियर स्पोर्ट्स मीट का जोशपूर्ण समापन

**केजी वर्ग में दिखा अद्भुत उत्साह**

**हुपूज बालक वर्ग (बुल रेस)**

आद्विक गंगवार - प्रथम
शुभ शर्मा - द्वितीय
मिहिर जैसवार - तृतीय

**हुपूज बालिका वर्ग (जिगजैग एंड बीन बैग्स बैलेंस रेस)**

खिरद खान - प्रथम
प्रियांशी सिंह - द्वितीय
आव्या गंगवार - तृतीय

**वुडपैकर्स वर्ग**

बालक वर्ग में मनमीत सिंह, श्रीनिधि रस्तोगी और आरू गंगवार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।
बालिका वर्ग में आध्या गंगवार, मिस्टी वर्मा और अरीशा राय विजेता रहीं।

**ओरियल्स वर्ग**

बालक वर्ग में श्रेयांश सिंह, सारांश मित्तल और मोयश अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
बालिका वर्ग में अनाया जूलियन, यशस्वी वर्मा और नेहुल जगबानी ने शीर्ष स्थान हासिल किए।

**फाल्कन वर्ग**

बालक वर्ग में अस्मिक माथुर, स्वर्णिक और देवांश सिंह विजेता रहे, जबकि बालिका वर्ग में ईशानी, उपतेज कौर और उन्नति ने सफलता प्राप्त की।

**4×100 मीटर रिले रेस रही मुख्य आकर्षण**

- कार्यक्रम का सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित आयोजन 4×100 मीटर रिले रेस रहा।
- कक्षा द्वितीय- बालक वर्ग में ओरियल्स, बालिका वर्ग में वुडपैकर्स विजेता रहे।
- कक्षा तृतीय- बालक और बालिका दोनों वर्गों में हुपूज ने जीत दर्ज की।
- कक्षा चतुर्थ- बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में वुडपैकर्स ने बाजी मारी।
- रिले रेस के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा और खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत तालियों से किया गया।



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

लिटिल एंजेल्स स्कूल में आयोजित सातवीं वार्षिक दो दिवसीय जूनियर स्पोर्ट्स मीट का गुरुवार को उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ भव्य समापन हो गया। समापन दिवस पर केजी से लेकर कक्षा चार तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजक एवं प्रतिस्पर्धात्मक रेसों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नन्हे खिलाड़ियों की ऊर्जा और आत्मविश्वास ने पूरे परिसर को खेलमय बना दिया। अभिभावकों और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत केजी वर्ग की रंगारंग रेसों से हुई, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अनुशासन और जोश के साथ शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

### कक्षा प्रथम में दिखी फुर्ती और संतुलन

कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शटल रन विद बॉल रेस और बॉल इन सॉसर कोन एंड बैलेंस रेस में बच्चों ने संतुलन और तेजी का शानदार प्रदर्शन किया। वुडपैकर्स बालक वर्ग में नंदीश कुमार, प्रणय अग्रवाल और अनेय अग्रवाल विजेता बने।बालिका वर्ग में औम्या गंगवार, अनिका साना और भूमि ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए। हुपूज और ओरियल्स वर्गों में भी बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पुरस्कार अपने नाम किए।

### कक्षा द्वितीय में रोमांचक मुकाबले

कक्षा द्वितीय के बालकों के लिए 50 मीटर हर्डल रेस तथा बालिकाओं के लिए कोन फिक्सिंग रेस आयोजित की गई। हुपूज, वुडपैकर्स और ओरियल्स वर्गों के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए।

### कक्षा तृतीय और चतुर्थ की 50 मीटर रेस बनी आकर्षण का केंद्र

कक्षा तृतीय और चतुर्थ के लिए आयोजित 50 मीटर दौड़ ने दर्शकों का खूब ध्यान आकर्षित किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हुपूज, वुडपैकर्स और ओरियल्स वर्गों के विद्यार्थियों ने दमदार प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए।

### समापन समारोह में प्रधानाचार्य का संबोधन, विजेताओं को मिला सम्मान

समापन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक ने खेल विभाग को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की उद्घोषक साक्षी पाठक, फिनिशिंग लाइन पर जज की भूमिका निभा रहे असद, फोटोग्राफी के लिए हरपाल सिंह सहित सभी शिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। अंत में उन्होंने आधिकारिक रूप से स्पोर्ट्स मीट के समापन की घोषणा की। वहीं प्रतियोगिता के दौरान सभी विजेताओं को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।पूरे आयोजन में बच्चों का उत्साह, अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता और विद्यालय का अनुशासित एवं व्यवस्थित प्रबंधन देखने योग्य रहा। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव ने एक बार फिर साबित किया कि लिटिल एंजेल्स स्कूल न केवल शिक्षा, बल्कि खेल और संस्कारों के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# डीआइओएस कार्यालय से जुड़ा 1.01 करोड़ का संदिग्ध लेन-देन, शिक्षा विभाग में हड़कंप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआइओएस) कार्यालय से जुड़ा एक गंभीर वित्तीय मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग से लेकर प्रशासनिक महकमे तक खलबली मच गई है। बीसलपुर क्षेत्र के एक सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात इल्हाम शम्सी, जो पिछले करीब आठ वर्षों से डीआइओएस कार्यालय में संबद्ध थे, उनकी पत्नी अर्शी खातून के बैंक खाते में 1 करोड़ 1 लाख 95 हजार 135 रुपये के संदिग्ध लेन-देन का मामला प्रकाश में आया है। मामला सामने आते ही जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है, जिसे अल्प समय में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। लंबे समय से कार्यालय में संबद्धता पर उठे सवाल जानकारी के अनुसार इल्हाम शम्सी मूल रूप से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं, लेकिन वे वर्षों से डीआइओएस कार्यालय में संबद्ध रहकर विभिन्न पटल और प्रशासनिक कार्य देख रहे थे। शासन के नियमों के अनुसार कर्मचारियों को उनके मूल पद पर ही तैनात किया जाना चाहिए, ऐसे में लंबे समय तक संबद्धता बनाए रखना भी जांच का विषय बन गया है।सूत्रों का मानना है कि कार्यालयीन कार्यों और वित्तीय प्रक्रियाओं तक पहुंच होने के कारण ही यह मामला गहराया। हालांकि, प्रशासन ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले विस्तृत जांच की बात कही है।बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा ने अपने नियमित मॉनीटरिंग सिस्टम के तहत जून 2025 में खोले गए अर्शी खातून के बचत खाते में दिसंबर 2025 के दौरान अचानक भारी धनराशि के आवागमन को संदिग्ध पाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि खाते में कुल 1,01,95,135 का लेन-देन हुआ,
जिसमें 21 एनईएफटी ट्रांजेक्शन सीधे तौर पर डीआइओएस कार्यालय से संबंधित पाए गए। बैंक ने इसकी सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद डीएम ने तत्काल जांच के आदेश दिए। सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में गठित समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह बैंक खाते से संबंधित सभी ट्रांजेक्शन, भुगतान प्रक्रिया, फाइलों की आवाजाही, संबंधित कर्मचारियों की भूमिका और धनराशि के स्रोत की गहन जांच करे।
डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद सभी तथ्य सार्वजनिक किए जाएंगे और यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीआइओएस राजीव कुमार ने भी कहा कि शिक्षा विभाग में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और दोष सिद्ध होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
अलग से साइबर निकासी का मामला भी जांच में इसी बीच न्यूरिया थाना क्षेत्र के खब्बापुर निवासी मोहम्मद सैफ ने भी बैंक ऑफ बड़ौदा के अपने खाते से 9 फरवरी 2026 को बिना अनुमति 4,500 निकाले जाने की शिकायत दर्ज कराई है।
शाखा स्तर पर समाधान न मिलने पर मामला पुलिस तक पहुंचा।
थानाध्यक्ष न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि प्रकरण साइबर सेल को सौंप दिया गया है और तकनीकी जांच की जा रही है। हालांकि, इस मामले का डीआइओएस प्रकरण से सीधा संबंध है या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन ने शिक्षा विभाग की वित्तीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पत्नी के खाते में इतनी बड़ी राशि का आवागमन, वह भी कार्यालय से जुड़े ट्रांजेक्शनों के साथ, प्रशासनिक प्रणाली की जवाबदेही को लेकर चर्चा का विषय बन गया है। फिलहाल पूरे जनपद की नजर जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और वित्तीय अनुशासन से समझौता नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि करोड़ों रुपये के इस लेन-देन के पीछे वास्तविक कारण क्या थे और इसमें किन-किन की भूमिका रही। तब तक शिक्षा विभाग में मची हलचल और सख्त कार्रवाई की संभावना चर्चा में बनी हुई है।

# डीएम के निर्देश पर तीन अवैध प्लाटिंग साइडों को ओडीए ने मौके पर कराया ध्वस्त

■ ओडीए से ले-आउट प्लान स्वीकृत कराने के उपरान्त ही करें प्लाटिंग कार्य

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



जिलाधिकारी, उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निर्देशानुसार सचिव, उरई विकास प्राधिकरण परमानंद यादव के नेतृत्व में अवैध प्लाटिंग, अनधिकृत उपविभाजन के विरूद्ध ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। ध्वस्तीकरण कार्यवाही के दौरान झाँसी रोड पर एवं रामराजा पैलेस के सामने उरई विकास प्राधिकरण से बिना ले-आउट प्लान स्वीकृत कराये अवैध रूप से की जा रही 3 प्लाटिंग स्थलों पर ध्वस्तीकरण कराया गया।

अनाधिकृत प्लाटिंग में प्रशासनिक कार्यवाही उसमें लगभग 2900 वर्गमीटर में जलील मंसूरी एवं अन्य द्वारा की गयी अवैध प्लाटिंग को मौके पर ध्वस्त किया गया। झाँसी रोड से संलग्न क्षेत्रान्तर्गत प्रेम नारायण गुप्ता एवं अन्य द्वारा लगभग 12510 वर्गमीटर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये अवैध प्लाटिंग की गयी थी जिसे मौके पर ध्वस्त कराया गया। इसके अतिरिक्त रामकुमार राजपूत, अब्दुल जलाल, जुल्फिकार अहमद, मनोज कुमार, कृष्ण मुरारी एवं अन्य के द्वारा लगभग 20500 वर्गमीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी मौके पर ध्वस्त कराया गया। नया पटेल नगर में पूनम खरे द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण कार्य को मौके पर सील कराते हुए पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। उल्लेखनीय है कि उरई विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत प्लाटिंग कार्य या भवन निर्माण कार्य करने के पूर्व उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-14 के अंतर्गत मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग कार्य करने या भवन निर्माण करने पर उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में नोटिस, सील, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण सहित जुर्माने की कार्यवाही की जा सकती है। समस्त प्रापर्टी डीलर, प्लाटिंग करने वाले पहले विकास प्राधिकरण से ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र) स्वीकृत कराने के उपरान्त ही नियमानुसार प्लाटिंग कार्य करें एवं शहर के सुनियोजित विकास में सहभागी बनें अन्यथा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग करने पर नोटिस, सील, अभियोजन, जुर्माना सहित ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही भूखण्ड क्रेतागण से अपेक्षा है कि अवैध प्लाटिंग में भूखण्ड क्रय न करें अन्यथा उरई विकास प्राधिकरण से की गयी प्रवर्तन कार्यवाही एंव ध्वस्तीकरण से होने वाली क्षति के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। अग्रिम तिथियों में भी अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। जिलाधिकारी, उपाध्यक्ष, उरई विकास प्राधिकरण के निर्देश पर आज की कार्यवाही के दौरान सचिव, उरई विकास प्राधिकरण, मुख्यलेखाधिकारी, जोनल अधिकारी, उरई विकास प्राधिकरण, थाना कोतवाली की पुलिस फोर्स, माहिला पुलिस बल सहित प्रवर्तन टीम मौके पर उपस्थित रही।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता के खिलाफ भाकियू का प्रदर्शन

उरई (जालौन)। भारत अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौता के खिलाफ गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री राजवीर सिंह जादौन किसानों हितों को ध्यान में रखते हुए मांग की भारत अमेरिका के बीच जो व्यापार डील हुई है इसको रद्द किया जाय क्योंकि इससे भारत के बाजार पर भारी असर पड़ेगा अमेरिका खेती पर भारी सब्सिडी देता है जिससे उसके प्रोडक्ट बहुत ही किफायती बाजार में बिक्री किये जाते है पूरी तरह मशीनरीकृत और बड़े कॉरपोरेटफर्म मॉडल पर आधारित होते है भारतीय बाजार में किसान अमेरिका के उत्पादन से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि डेयरी सेक्टर पर सरकार ने सीधा हमला कराया है छोटे और सीमांत किसानों की कमर तोड़ने के काम सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जनिक प्रणाली और सुरक्षा पर खतरा बढ़ गया है। चरखारी से पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा कि अमेरिका के साथ डील भारत और उसकी जनता के हितों से समझौता है। अमेरिका के आगे पूरी तरह सरकार ने समर्पण कर दिया है।

# महाशिवरात्रि रविवार को: आध्यात्मिक जागरण की रात्रि है महाशिवरात्रि: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी और चतुर्दशी तिथि को श्रद्धा, भक्ति और तप के साथ मनाया जाने वाला महापर्व महाशिवरात्रि इस वर्ष 15 फरवरी, रविवार को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मजागरण का अवसर है। भगवान शिव संहार के देवता ही नहीं, बल्कि करुणा, सरलता और समता के प्रतीक हैं। वे हमें अहंकार त्यागकर सत्य, संयम और साधना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है तथा इसे आध्यात्मिक जागरण की रात्रि भी कहा जाता है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि अत्यंत दुर्लभ और शुभ संयोग में आ रही है। इस दिन सूर्य, बुध, शुक्र और राहु कुंभ राशि में, केतु सिंह राशि में तथा चंद्रमा मकर राशि में गोचर करेंगे। साथ ही त्रिकोण योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में इन योगों को अत्यंत मंगलकारी और फलदायी माना जाता है। बताया गया कि ऐसा संयोग वर्ष 2007 में बना था और लगभग 19 वर्ष बाद पुनः बन रहा है, जिससे इस बार की शिवरात्रि का महत्व और भी बढ़ गया है।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने शिवपुराण की कोटिरुद्रसंहिता का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान शिव स्वयं कहते हैं कि जो व्यक्ति श्रद्धा और नियमपूर्वक शिवरात्रि का व्रत करता है, उसे भोग और मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है। ब्रह्मा, विष्णु और माता पार्वती के प्रश्न करने पर भगवान सदाशिव ने इस व्रत को अत्यंत पुण्यदायी बताया है। शास्त्रों के अनुसार इस रात्रि में भगवान शिव लिंग रूप में प्रकट हुए थे, इसी कारण इस दिन रात्रि जागरण और शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व है। यह रात्रि आत्मशुद्धि, तप, संयम और ध्यान की रात्रि मानी जाती है। सभी आध्यात्मिक अनुष्ठानों में उपवास को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। गीता में कहा गया है विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः÷ अर्थात उपवास से इंद्रियों की विषयों से निवृत्ति होती है। उपवास केवल भोजन का त्याग नहीं, बल्कि मन, वाणी और कर्म की शुद्धि का भी माध्यम है। जो साधक इस दिन संयम रखकर रात्रि जागरण करता है, वह अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अधिक सक्षम बनता है। शिवरात्रि का व्रत आत्मनियंत्रण और आध्यात्मिक उन्नति का साधन है। स्वामी जी के अनुसार महाशिवरात्रि पर प्रदोष काल से लेकर मध्यरात्रि तथा ब्रह्ममुहूर्त तक चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है। प्रत्येक प्रहर में शिवलिंग का अभिषेक भिन्न-भिन्न सामग्री से किया जाता है। प्रथम प्रहर में जल और गंगाजल से अभिषेक किया जाता है। द्वितीय प्रहर में दूध से, तृतीय प्रहर में दही, घी और शहद से तथा चतुर्थ प्रहर में शुद्ध जल एवं बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त बिल्वपत्र, धतूरा, आक के पुष्प, भस्म, चंदन, अक्षत, फल और मिष्ठान अर्पित किए जाते हैं।

# खेल जीवन में संघर्ष, संयम और समर्पण की भावना विकसित करते

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

राजकीय इंटर कॉलेज, उरई के विशाल मैदान में झांसी मंडल की 36वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में झांसी मंडल के तीनों जनपदोंकृझांसी, ललितपुर और जालौनकृके कुल 530 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। इनमें झांसी के 170, ललितपुर के 165 और मेजबान जालौन के 195 प्रतिभागी शामिल हैं। मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह, दर्शकों की तालियां और अनुशासित मार्चपास्ट ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम अनुरागी, अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम अनुरागी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में संघर्ष, संयम और समर्पण की भावना विकसित करते हैं। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना और प्रयास ही सच्ची उपलब्धि है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक सुदृढ़ता के साथ मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागियों से पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने स्वागत भाषण में कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं।

# बजट ने समग्र एवं सर्वसमावेशी विकास की अटल आधारशिला रखी: डॉ. अनुरागी

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का वित्तीय बजट सक्षम युवा, समृद्ध किसान और सर्वग्राही रोजगार सृजन की परिकल्पना को साकार करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज है। जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन डॉ. घनश्याम अनुरागी ने इस बजट को संतुलित, समावेशी एवं विकासोन्मुख करार देते हुए प्रदेश सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। डॉ. अनुरागी ने कहा कि प्रस्तुत बजट में पूंजीगत निवेश को प्राथमिकता देते हुए नवाचारी योजनाओं का सृजन किया गया है। महिला, युवा एवं किसान केन्द्रित इस बजट में प्रदेश को तीव्र आर्थिक गति प्रदान करने की सुदृढ़ रणनीति दृष्टिगोचर होती है। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए गए क्रांतिकारी प्रावधानों की चर्चा करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए वर्किंग वूमेन हॉस्टल की स्थापना तथा मेधावी छात्राओं को स्कूटी उपलब्ध कराने का निर्णय महिला स्वावलंबन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बालिकाओं के विवाह हेतु एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति को गति देते हुए छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन वितरण योजना को बजट में स्थान दिया गया है। कृषि क्षेत्र में हरित ऊर्जा के संक्रमण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीजल पंपों को सोलर पंप में परिवर्तित करने की महत्वाकांक्षी योजना निश्चित रूप से किसानों की डीजल पर निर्भरता कम कर सिंचाई लागत में भारी कमी लाएगी। डॉ. अनुरागी ने कहा कि सरकार ने शहरी निर्माण श्रमिकों के कल्याण के प्रति भी अप्रतिम संवेदनशीलता दर्शाई है। खुले आसमान के नीचे रोजगार की प्रतीक्षा करने वाले मजदूरों को अब आवासीय लेबर अड्डों की सौगात मिलेगी, जिससे उनकी सामाजिक गरिमा सुरक्षित होगी। इस बजट की आत्मा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की सरकार की अटूट प्रतिबद्धता में निहित है। महिला सुरक्षा, गुणवत्तापरक शिक्षा, सर्वसुलभ स्वास्थ्य एवं सार्थक रोजगार की योजनाओं को सुदृढ़ता प्रदान कर यह बजट समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर में मौलिक परिवर्तन का वाहक बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत दसवें बजट ने समग्र एवं सर्वसमावेशी विकास की अटल आधारशिला रखी है। यह बजट स्वयं सहायता समूहों के प्रोत्साहन, युवा उद्यमिता के विस्तार और महिला सशक्तीकरण के अभूतपूर्व अवसरों के द्वार खोलता है। अंत में डॉ. अनुरागी ने कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ. सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत यह बजट न केवल आर्थिक प्रगति का खाका है, अपितु सामाजिक समरसता एवं सांरचनिक सुदृढ़ीकरण का ऐसा दस्तावेज है, जो उत्तर प्रदेश को विकास के नवीन क्षितिज की ओर अग्रसर करेगा।

# दरवाजा बंद कर किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । जगम्मनपुर (जालौन)**

थाना रामपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुरा में एक नाबालिग किशोरी ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पास से एक संदिग्ध एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जो परिजनों का नहीं बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुरा निवासी 16 वर्षीय राधा पुत्री नरेश कुमार कठेरिया ने बुधवार-गुरुवार की रात अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया कि बुधवार को राधा अपनी मां सहित परिवार की अन्य महिलाओं के साथ मजदूरी पर मटर तोड़ने गई थी। देर शाम लगभग 7 बजे घर लौटने के बाद उसने सामान्य रूप से भोजन तैयार किया और पूरे परिवार ने साथ बैठकर खाना खाया। इसी दौरान मृतका के पिता नरेश कुमार का फोन आने पर उसकी मां उनसे बात करने लगी। उसी समय राधा उठकर अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जब काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो मां ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद रात में ही पति नरेश कुमार तथा मोहल्ले के लोगों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नरेश कुमार कोंच से घर पहुंचे।

# खेत पर काम कर रही महिला की गला रेत कर हत्या, इलाके में हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



गुरुवार को खेत पर काम करने गई एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। हत्या की खबर से इलाके में सनसनी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। तत्पश्चात एसपी अशोक कुमार मीणा व एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए बच्चों और ग्रामीणों से बातचीत की। मृतक के देवर ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है।

शाहाबाद कोतवाली के ग्राम अमिरता निवासी सुरेश चंद्र की 42 वर्षीय पत्नी श्रीदेवी गुरुवार को सुबह लगभग 8:30 बजे अपने बेटे आलोक 12 वर्ष और अंशुल 8 वर्ष को लेकर खेत पर प्याज गाड़ने के लिए गई थी। थोड़ी देर बाद दोनों बेटे खाना खाने के लिए घर चले आए और खाना खाकर मां के लिए खेत पर खाना ले गए। लेकिन श्रीदेवी दोनों बेटों को खेत पर नहीं मिली तो दोनों बेटे घर वापस आए और अपनी बड़ी बहन अर्चना 18 वर्ष को पूरी बात बताई कि मां खेत पर नहीं है। अर्चना दोनों बेटों को साथ लेकर खेत पर गई। उसने भी खेत में देखा उसकी मां नहीं है लेकिन उसको खून के छींटे नजर आए तो खून की दिशा में वह चलती चली गई। करीब 20 कदम दूर श्याम लाल के गेहूं के खेत में श्रीदेवी का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था। शव देखकर उसके होश उड़ गए। गले में गहरी चोट के निशान थे। अर्चना चीखने और चिल्लाने लगी। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। कुछ ही देर में श्रीदेवी की हत्या की खबर आम हो गई। घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई।सीओ आलोक राज नारायण, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। महिला की हत्या की सूचना पाकर एसपी अशोक कुमार मीणा और एएसपी पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद बच्चों और ग्रामीणों से बात की। मृतका की गर्दन पर धारदार हथियार के निशान थे। जिससे लगता था कि महिला की बेरहमी के साथ गर्दन रेत कर हत्या की गई। मृतका का पति हिमाचल प्रदेश में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये।मृतका के देवर पिंटू पुत्र भैया लाल ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

## लोनार थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने की युवक की हत्या,पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस/हरदोई। लोनार थाना क्षेत्र में एक युवक की अज्ञात हमलावरो ने हत्या कर दी।घटना की जानकारी मिलते ही एसपी व एएसपी सहित घटनास्थल पहुंचकर घटना का जायजा लिया तथा टीम गठित कर घटना के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे लोनार थाना क्षेत्र के नकटौरा पुलिया निवासी 40 वर्षीय अनिल सिंह भदौरिया उर्फ नीशू सिंह बाइक पर अपने घर से निकले थे।उसके बाद परिजनों का उनसे कोई सम्पर्क नही हो सका था।शाम 4 बजे लोनार थाने से लगभग दो किलो मीटर दूर जंगल मे राजबहादुर महाविद्यालय के पास उनका शव मिलने से इलाके में हड़कम्प मच गया।मृतक अनिल सिंह के शरीर पर चोट के निशान मिलने से हत्या करने की आशंका जताई जा रही है।परिजनों ने 5 लोगो पर हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कार्यवाई की मांग की है।घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अशोक कुमार मीणा,एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह व सीओ सत्येंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना के बारे में लोगो से जानकारी ली।एसपी ने बताया कि घटना के खुलासे हेतु सर्बिलान्स सहित पुलिस टीमो को गठित कर लगाया गया है।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र में पूर्व विवाद और प्रेम प्रसंग के चलते 2 दिन पूर्व हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पुरुष व एक महिला सहित तीन आरोपियों को घटना में प्रयुक्त आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया।

बताते चलें कि बीते दो दिन पूर्व 10 फरवरी को थाना बेहटा गोकुल पर सूचना मिली कि ग्राम बलेहरा निवासी अक्षय सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छोटकन्नू की गांव के ही कुछ लोगों द्वारा पेट में भाले से वार कर हत्या कर दी गई है। सूचना पर स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।इस मामले में मृतक के भाई सूरज सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह की तहरीर के आधार पर थाना बेहटा गोकुल में धारा 103(1), 191(2), 191(3), 190, 352 बीएनएस के अंतर्गत पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस द्वारा मामले में नामजद अभियुक्त अजित सिंह उर्फ पिंकू सिंह, जगदीश पुत्रगण मुलायम सिंह तथा पुष्पा पत्नी जगदीश निवासीगण ग्राम बलेहरा थाना बेहटा गोकुल जनपद हरदोई को घटना में प्रयुक्त आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा प्रयास जारी हैं। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक के भाई अभय सिंह का अजित सिंह उर्फ पिंकू की पत्नी से प्रेम प्रसंग था। दोनों घर से भागकर शादी कर हिमाचल प्रदेश में रहने लगे थे। इसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। मृतक अक्षय सिंह गांव आए हुए थे, तभी आरोपियों ने रंजिशन उन पर हमला कर हत्या कर दी।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी तथा मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क निर्माण में बाधा बने अतिक्रमण ध्वस्त, दलित बस्ती को मिलेगी बड़ी राहत

जगम्मनपुर (जालौन)। जनहित की अनदेखी कर सड़क पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ आखिरकार ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई की। सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाकर वर्षों पुरानी समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाई गई। विकासखंड रामपुरा की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर अंतर्गत पंचनद रोड से दलित बस्ती बाल्मीकि, खटीक, कोरी एवं दोहरे मोहल्ला की ओर जाने वाले मार्ग पर बनी सीसी सड़क पर अवैध कब्जों के कारण रास्ता लगातार संकरा होता जा रहा था। इससे स्थानीय निवासियों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान प्रज्ञादीप गौतम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि लगभग दस वर्ष पूर्व डलवाई गई सीसी सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके बाद पंचायत के निर्देश पर जेसीबी लगाकर अवैध कब्जों को ध्वस्त किया गया और सड़क पर फैले मलबे को भी हटवाया गया।

# जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा के सम्बन्ध मे की बैठक




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद के 133 केन्द्रों पर 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2026 तक चलने वाली हाईस्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा 2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध मे एक बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने जोनल मजिस्ट्रेट,मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों से विस्तार से जानकारी ली। डीएम ने कहा कि परीक्षा के दौरान सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट पुलिस टीम के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहे। उन्होने आज की बैठक मे अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश डीआइओएस को दिये। इस अवसर पर एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, तथा केन्द्र व्यवस्थापक तथा प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहें।

# आईटीआई परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न, 48 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




अतिरिक्त मजिस्ट्रेट एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी पूनम भास्कर ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज राजकीय आईटीआई परिसर, हरदोई में गरिमापूर्ण एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 47 हिन्दू जोड़े एवं 1 मुस्लिम जोड़ा सहित कुल 48 जोड़े अपने-अपने रीति-रिवाजों के साथ वैवाहिक बंधन में बंधे।उन्होंने बताया कि शासन द्वारा अनुमन्य 26 प्रकार की उपहार सामग्री नवविवाहित जोड़ों को प्रदान की गई। कार्यक्रम में विशेष परिस्थितियों में भी विवाह संपन्न कराए गए। विकास खंड माधौगंज की वर्षा पुत्री शेर सिंह का विवाह निर्धारित कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत भी सम्पन्न कराया गया। वहीं नगर पालिका संडीला की रचना पुत्री स्वर्गीय राजकुमार का विवाह स्थल पर आते समय वाहन दुर्घटना हो जाने के बावजूद, मौके पर चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराते हुए विवाह सम्पन्न कराया गया तथा उन्हें शासन की ओर से अनुमन्य सामग्री प्रदान की गई।कार्यक्रम में श्रीमती प्रेमावती, जिला पंचायत अध्यक्ष, अजीत सिंह बब्बन, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा,सीडीओ सान्या छाबड़ा,अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), उपनिदेशक कृषि, जिला गन्ना अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।सम्पूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# सीडीओ की अध्यक्षता मे हुई पोषण समिति की बैठक



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।सीडीओ सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने पोषण ट्रैकर पर आंगनवाड़ी द्वारा कम फीडिंग के कारण कम प्रगति पर उन्होंने प्रगति बढाने के निर्देश दिये। नेफेड की सप्लाई 40 प्रतिशत से कम है उन सभी आंगनवाड़ी को कारण बताओं नोटिस जारी करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी आंगनबाड़ी केन्द्र पर बेइगं मशीन खराब है, तो उसे सही कराये, अगर मशीन नही है तो नई मशीन 03 दिन के अन्दर क्रय करे। नैफेड की सप्लाई समय पर समूह को उठाना सुनिश्चित करें। उन्होने एमओआईसी को कार्य मे शिथिलता बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर डीडीओ कमलेश कुमार,बीएसए अजीत सिंह,डीएसओ दिलीप कुमार व समस्त सीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे है।

# महाशिवरात्रि को लेकर डीएम-एसपी ने शिव मंदिरों का किया निरीक्षण

## श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन को लेकर संबंधित को दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने गुरुवार को पंचमुखी शिव मंदिर ईटहिया तथा कटहरा शिव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के आने-जाने के मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिक भीड़ की स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए।



मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 47 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में लगने वाली दुकानों को सुव्यवस्थित रखने, मूल्य दरों में समानता सुनिश्चित करने, खाद्य सामग्री की नियमित जांच एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत सुरक्षा को लेकर कहा कि नंगे अथवा नीचे लटकते तार न रहें तथा केवल केबल वायर का ही प्रयोग किया जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में कचरा इधर-उधर न फेंका जाए तथा जैविक खाद निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसर एवं आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, अग्निशमन व्यवस्था करने तथा सभी कर्मचारियों की तैनाती परिचय पत्र के साथ करने के निर्देश भी दिए गए।

कटहरा शिव मंदिर परिसर में दुकानों को सुव्यवस्थित करने एवं नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय को श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु तत्काल खुलवाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन जिले के सभी शिव मंदिरों में पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वहीं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने मंदिर परिसर एवं मार्गों पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जलाभिषेक कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने एवं प्रभावी भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के उपरांत दोनों अधिकारियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया तथा जनपदवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इटहिया शिव मंदिर में जिलाधिकारी द्वारा ध्यान केंद्र/वाचनालय का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने कहा कि इससे आध्यात्मिक रुचि रखने वाले लोगों को ध्यान एवं अध्ययन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। इस दौरान एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, तहसीलदार निचलौल अमित सिंह, सीओ बसन्त सिंह, बीडीओ शमां सिंह सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के मद्देनजर सहायक पुलिस अधीक्षक ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा





जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में आगामी पर्व महाशिवरात्रि पर शिवालयों व प्रमुख धार्मिक स्थलों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था व सुविधा को लेकर प्रतापगढ़ पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। धार्मिक स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर है ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या न उतपन्न हो। उसी क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज ने नगर कोतवाली इलाके के मां बेल्हा देवी मंदिर के साथ ही मोहनगंज स्थित देवघाट मंदिर ( शिव मंदिर ) परिसर का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, प्रकाश व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों एवं संबंधित व्यवस्थापकों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्व सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत करते हुए उन्हें सतर्क रहने तथा किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए।

# नेपाल में भारतीय पर्यटकों से मारपीट, महिलाओं से अभद्रता, वाहन में तोड़फोड़

## *महेशपुर भंसार क्षेत्र में दलालों की दबंगई का आरोप, पीड़ितों ने नेपाल पुलिस से की कार्रवाई की मांग*

जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज

भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के नवलपरासी जिले के महेशपुर भंसार क्षेत्र में भारतीय पर्यटकों के साथ मारपीट, महिलाओं से अभद्रता और वाहन में तोड़फोड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना से सीमा पार आने-जाने वाले भारतीय पर्यटकों में दहशत का माहौल है। पीड़ित पक्ष ने इलाका प्रहरी कार्यालय महेशपुर में प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के कुसमा गांव निवासी नीरज वर्मा अपने परिवार के साथ एक वाहन से नेपाल के प्रसिद्ध मदार स्थान मेले में जा रहे थे। समूह में तीन पुरुष और तीन महिलाएं शामिल थीं। आरोप है कि महेशपुर भंसार (कस्टम) क्षेत्र के आसपास सक्रिय दलालों ने उनसे निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे की मांग की। वाहन का सरकारी भंसार शुल्क नेपाली मुद्रा में 600 रुपये बताया जा रहा है, जबकि दलाल द्वारा एक हजार भारतीय रुपये मांगे गए। अधिक पैसे की मांग को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोप है कि मनबढ़ किस्म के नेपाली युवकों ने भारतीय पर्यटकों को महेशपुर पुलिस चौकी के सामने तक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस दौरान महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व बदसलूकी की गई तथा टेंपो में जमकर तोड़फोड़ भी की गई। घटना में कई भारतीय पर्यटक घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि महेशपुर भंसार कार्यालय के आसपास दलालों का अड्डा बना हुआ है, जो भारतीय वाहनों से मनमानी वसूली करते हैं। विरोध करने पर मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। घटना के बाद पीड़ितों ने इलाका प्रहरी कार्यालय महेशपुर में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में सीमा पार आवाजाही करने वाले आम लोगों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में इलाका प्रहरी कार्यालय महेशपुर के इंस्पेक्टर शुभराज बम ने बताया कि पीड़ित पक्ष से शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी पहुँचे बाबा बेलखरनाथ धाम, व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में आगामी महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनज़र जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में डीएम शिव सहाय अवस्थी एवं एसपी दीपक भूकर ने गुरुवार को प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा बेलखरनाथ धाम पहुँचकर पूजा-अर्चना की तथा पर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंदिर परिसर, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने मंदिर परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम व सीसीटीवी कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम में लगातार एक पुलिसकर्मी की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जो सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मंदिर परिसर एवं आसपास की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं



के आगमन की संभावना है, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने मंदिर स्थित सई नदी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से नदी की गहराई, घाटों की सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने घाटों की स्वच्छता, बैरिकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध पहले से तैयार रहें। निरीक्षण के बाद डीएम एवं एसपी ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन व्यवस्थाओं में अभी कोई कार्य शेष है, उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि पर्व के दिन श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि बाबा बेलखरनाथ धाम आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुगम दर्शन एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में गुरुवार को कोहड़ौर थाने पर आगामी महाशिवरात्रि और रमजान पर्व को सकुशल तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान थाना प्रभारी धनन्जय राय ने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों और वाहनों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से दुरुस्त रखने का आग्रह किया। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महाशिवरात्रि पर इलाके के शिव मंदिरों पर रंगरूटों की तैनाती



रहेगी जो शांति व्यवस्था व आमजनमानस की सुरक्षा व सुविधा के लिए उपलब्ध होंगे। और अंत मे उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी आपात या सन्दिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल थाने के मोबाइल नंबर 9454404113 या डायल 112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। बैठक में चेयरमैन कोहंडौर शीतला प्रसाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष नितिन जायसवाल, सतीश कुमार, संजय शुक्ला, संजय बारी, शहबाज, राम कुमार सरोज, राहुल शुक्ल समेत क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, इलाके में सनसनी

जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के राजाबारी स्थित बृजलाल महाविद्यालय के समीप गुरुवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। शव पर नजर पड़ते ही राहगीरों ने शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों के सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। आसपास के गांवों और क्षेत्रीय लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि युवक की शिनाख्त हो सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि युवक वहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे दुर्घटना मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे साजिश से जोड़कर देख रहे हैं। पुलिस हत्या, दुर्घटना सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच में जुट गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी नवनीत नागर ने बताया कि सड़क किनारे एक युवक का शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन




**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय मंगरौरा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन प्राचार्य डॉ. अजय सिंह यादव के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय अतरसण्ड में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ अजय सिंह यादव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके उपरांत महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके उपरांत शिविरार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत ÷उठे समाज के लिए उठे-उठे÷ प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद यादव ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय सिंह यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को शिविरार्थियों को समझाया एवं इससे प्रेरित होने के लिए शिविरार्थियों को जागरूक किया। इस दौरान राहुल कुमार सिंह के द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक अजय कुमार यादव एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवक ने की पड़ोसी पर फायरिंग, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में गुरुवार को हथिगवां थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से पुलिस ने एक डीबीबीएल बंदूक भी बरामद किया है। बता दें कि बीते बुधवार को थाना इलाके के कबीरपुर गांव निवासी नरेन्द्र ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वो अपने घर के सामने बैठकर मोबाइल चला रहा था। तभी उसका पड़ोसी अश्विनी दो नाली बंदूक लेकर आया और गाली-गलौज करते हुए उस पर फायर कर दिया। हालांकि इस दौरान गोली दीवार से टकरा गई। आरोप है कि इस दौरान दो राउंड फायरिंग की गई। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर



आरोपी के खिलाफ नामजदमुकदमा दर्ज करते हुए उसकी तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी हथिगवां सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसआई प्रिन्स तिवारी व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना अभियुक्त अश्विनी मिश्र को थाना इलाके के मातादीन पुरवा विसहिया गेट के पास लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाईवे के किनारे से गिरफ्तार किया गया। साथ जिस बंदूक से फायर किया था उसे भी पुलिस द्वारा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

## एम एल सी जितेन्द्र सेंगर ने चरखारी कस्बे में दीनदयाल पार्क बस स्टैंड से रायनपुर तक 3 किमी. सीसी सड़क की मांग सदन में रखी

जन एक्सप्रेस | महोबा

आज विधान परिषद बजट सत्र में नियम 110 के अन्तर्गत जनपद महोबा के ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी चरखारी नगर पालिका क्षेत्र में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क तिराहा से वाया बस स्टैंड, मुख्य बाजार से वार्ड रायनपुर तक सड़क निर्माण लगभग तीन किलोमीटर जो पूर्ण रूप से क्षति ग्रस्त होने की वजह से आए दिन दुर्घटनाए हो रही है क्षेत्र वासियों एवं स्थानीय लोगों आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उक्त क्षति ग्रस्त सड़क को जनहित में अविलम्भ सीसी मार्ग का निर्माण कराया जाना नितांत आवश्यक है।

# पुलिस ने टप्पेबाजी के आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले की रानीगंज थाने की पुलिस ने गुरुवार को धोखाधड़ी की घटना का खुलासा करते हुए एक टप्पेबाज को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि बीते चार फरवरी को दोपहर साढ़े बारह बजे राजाराम पांडेय सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रानीगंज शाखा से पचास हजार रुपये निकालकर घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में रानीगंज चौराहे पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे बातचीत कर झांसे में लेते हुए उसका छत्तीस हजार रुपये लेकर उसे नकली कागज के नोट देकर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व



सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई राकेश चौरसिया व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर टप्पेबाज राजनारायण उर्फ बुद्ध को थाना इलाके के आमापुर बेर्रा अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त जौनपुर जिले के धनीपुर थाना बरसठी थाना इलाके के धनीपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पासबुक सेन्ट्रल बैंक, कागज के फर्जी नोट, व टप्पेबाजी के छ हजार एक सौ बीस रुपये बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि यह वही पास बुक व पैसा है जो मैंने रानीगंज में चौराहे पर अपने साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति के साथ टप्पेबाजी की थी। साथ ही कागज के फर्जी नोट के बारे में पूछने पर बताया कि यह वही नोट है जिससे हम लोगों को बेवकूफ बनाकर विश्वास मे लेकर टप्पेबाजी करते हैं। पुलिस ने टप्पेबाज को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया।

# एस टी पी प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण ट्रायल रन चालू गंगाघाट के चार नाले टैप

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

नगर पालिका परिषद गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत चार नाले टैप कर गंगा नदी में गिरने वाले दूषित जल का सीधा प्रवाह रोका गया जिलाधिकारी उन्नाव के निर्देश के अनुसार अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि नगर पालिका परिषद गंगाघाट (शुक्लागंज) के अन्तर्गत गंगा नदी में गिरने वाले 04 नालों नामतः इन्दिरा नगर, मनोहर नगर, मनोहर नगर,एवं रेलवे ब्रिज को नमामि गंगे कार्यक्रम के अधीन 05 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. (कार्ययोजना रु. 65.18 करोड़ (कार्यलागत रू0 27.83 करोड़ 15 वर्ष के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु रू0 37.35 करोड़) के अन्तर्गत 1×ष्ठ के माध्यम से घरेलू सीवेज उत्प्रवाह को टैप किये जाने का दिनांक 30 दिसम्बर 2025 को पूर्ण कर योजना का ट्रायल रन प्रारम्भ हो चुका है, जोकि 03 माह तक चलेगा। तदोपरान्त एस.टी.पी. का पूर्ण क्षमता संचालन प्रारम्भ हो जायेगा। उक्त एस.टी.पी. प्लांट का निर्माण कार्य जिलाधिकारी के निर्देशन में नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत अजीत कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा कार्यदायी फर्म मेसर्स कानपुर रिवर मैनेजमेन्ट प्रा0लि0, कानुपर के माध्यम से पूर्ण कराया गया है। इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से नगर पालिका परिषद गंगाघाट (शुक्लागंज) के सबसे बड़े नाले इन्दिरा नगर ड्रेन का घरेलू सीवेज उत्प्रवाह सीधे गंगा नदी में जाना बन्द हो गया है। इससे गंगा जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा पर्यावरण संरक्षण को बड़ी मजबूती मिलेगी। यह कदम स्वच्छ गंगा स्वछता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।






# दारोगा अजय कुमार के रहस्यमयी मौत का मामला गरमाया, कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




परशुरामपुर थाने में तैनात दारोगा अजय कुमार गोंड़ की संदिग्ध मृत्यु का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरूवार को अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा द्वारा जिलाध्यक्ष बलराम गौड़, उपाध्यक्ष गिरिजाशंकर गौड़ और महामंत्री अमित गौड़ के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौक से प्रदर्शन करते हुये जुलूस निकाला गया। जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के विरूद्ध शीघ्र कड़ी कार्रवाई, परिजनों को सहायता दिलाये जाने की मांग किया गया। डीएम को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि दारोगा अजय कुमार गौड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु से समूचा समाज आक्रोशित एवं व्यथित है। यह घटना न केवल एक अधिकारी की मृत्यु है. बल्कि कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी खड़ा करती है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए इसकी तत्काल प्रभाव ताकि घटना की वास्तविकता सामने आ सके। दिवंगत अधिकारी के परिवार को समुचित आर्थिक सहायता एवं एक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। घटना के दौरान हुई संभावित प्रशासनिक लापरवाही की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन और ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से अखिलेश गोंड, दयाराम गोंड, सचिन गोंड, परमेश्वर गोंड, आकाश गोंड, काशी प्रसाद गोंड, राजकुमार गोंड, आशुतोष गोंड, रूद्र गोंड, राजेश गोंड, राम सूरत गोंड, शुभम गोंड, राजू गोंड के साथ ही अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी बैठक और घाट का निरिक्षण

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



नगर कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टीगत आज कोतवाली गंगाघाट परिसर में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई एंव महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाले धार्मिक आयोजन,शोभायात्रा रूट के साथ गंगा तट के घाटों का निरिक्षण किया गया तैयारी बैठक कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश के अनुसार आयोजित की गई जहाँ एडीएम उन्नाव राकेश गौड़, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी,अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव अखिलेश सिंह,क्षेत्रधिकारी उन्नाव विनी सिंह द्वारा सुरक्षा शान्ति ब्यवस्था की तैयारियो का जायजा लिया गया और कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शिव मंदिरों की सुरक्षा ब्यवस्था एंव महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाले कार्यक्रमो पर चर्चा की गई और कार्यक्रम स्थल से लेकर जल भरने के स्थान गंगातट के घाटों का निरिक्षण किया गया महाशिवरात्रि पर्व पर नगर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली शिव बारात शोभा यात्रा के विषय में आयोजको को बुलाकर विस्तृत वार्ता की गई जहाँ शिव बारात शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला, महामंत्री भूपेन्द्र सिंह, बजरंग दल नगर संयोजक शिवम मिश्रा द्वारा बताया गया की शिव बारात शोभायात्रा दिन में एक बजे शिशु मन्दिर विद्यालय से पूजन के बाद शुरु होकर अम्बिका पुरम होते हुए राजधानी मार्ग से दुर्गा मन्दिर होते हुए वापस विद्यालय में विश्राम लेगी अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा मोहम्मद शकील से घाटों पर सुरक्षा के लिए नावों और गोताखोरो की तैनाती सबंधित चर्चा की गई एंव एसबीएम प्रभारी नगर पालिका परिषद गंगाघाट अनूप शुक्ला को घाटों पर सफाई और समुचित प्रकाश एंव प्रश्नाधन की ब्यवस्था के निर्देश दिए गये जहाँ नगर का प्रबुद्ध वर्ग मौजूद रहा!

## अनियंत्रित बोलेरो दीवार से टकराई, युवक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर मुंगराबादशाहपुर,थान क्षेत्र के प्रयागराज जौनपुर राजमार्ग पर बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा हसनपुर गांव के पास रात लगभग पौने एक बजे उस समय हुआ जब बोलेरो जीप प्रयागराज से जौनपुर की ओर जा रही थी। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पक्की दीवार से जोरदार टक्कर मार बैठा। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए।हादसे में बोलेरो सवार 30 वर्षीय विपिन पांडेय पुत्र बृजेश पांडेय, निवासी हरखमलपुर, थाना सरायख्वाजा, जनपद जौनपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथ में बैठे 20 वर्षीय शुभम सिंह पुत्र राजबीर सिंह, निवासी ग्राम भीदीयुरा, थाना बक्शा, जनपद जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मुंगरा बादशाहपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे युवक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक विपिन पांडेय की सांसें थम चुकी थीं।

## भतीजी से छेड़खानी का आरोप, कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने उठाई आवाज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर के पवारा थाना क्षेत्र के एक गांव से गंभीर मामला सामने आया है आरोप है कि 11 फरवरी 2026 को एक चाचा ने अपनी ही भतीजी के साथ छेड़खानी की। पीड़िता का कहना है कि जब उसने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पवारा थाने में तहरीर देकर आरोपी चाचा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, लेकिन उसका आरोप है कि अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पीड़िता ने यह भी बताया कि इससे पहले भी आरोपी चाचा उसके साथ बदतमीजी कर चुका है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या पवारा पुलिस इस मामले में कार्रवाई करेगी या फिर जौनपुर के पुलिस अधीक्षक को हस्तक्षेप करना पड़ेगा? क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है।

## 9 वर्षों में मात्र 9 फीसदी कार्य धरातल पर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कई तीखे प्रश्न उठाए। उन्होंने औद्योगिक विकास मंत्री से प्रदेश में निवेश और रोजगार की वास्तविक स्थिति पर स्पष्ट जवाब मांगा। डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि सरकार 45 लाख करोड़ रुपये के एमओयू का दावा करती है, लेकिन विभाग द्वारा दिए गए उत्तर के अनुसार पिछले 9 वर्षों में मात्र 9 प्रतिशत कार्य ही धरातल पर उतारा जा सका है। उन्होंने इसे अत्यंत निराशाजनक बताते हुए पूछा कि जब प्रदेश ट्रिलियन इकोनॉमी की ओर बढ़ने का दावा कर रहा है, तब औद्योगिक विकास की यह स्थिति क्यों है? उन्होंने कहा कि जब भी सरकार से प्रश्न किए जाते हैं तो वह पूर्ववर्ती सरकारों का हवाला देती है, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में वास्तविक उपलब्धियों का आकलन जरूरी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जहां एक ओर प्रदेश में रोजगार और अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं, वहीं सरकार बड़े-बड़े दावों तक सीमित दिखाई दे रही है।

## संविधान ने दिया सबको समान अधिकार, बाबा साहब के सपनों का भारत बना रही सरकार: पूर्व विधायक डॉ. हरेन्द्र प्रसाद सिंह

- सैदपुर में अंबेडकर, भगवान बुद्ध और संत रविदास की प्रतिमाओं का भव्य अनावरण, बड़ी संख्या में जुटे लोग

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर जफराबाद सिरकोनी ब्लॉक के सैदपुर गांव में गुरुवार को भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर, भगवान बुद्ध और संत रविदास की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने हर नागरिक को बराबरी का अधिकार प्रदान किया और समाज को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। उन्हें भारतरत्न प्रदान कर सरकार ने उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से केंद्र और 2017 से प्रदेश सरकार द्वारा बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं। गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए जितने कार्य हुए हैं, उन्हें नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लें और उनके विचारों को आत्मसात कर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख बंसराज सिंह ने कहा कि समाज में छुआछूत और भेदभाव को समाप्त करने में बाबा साहब का अतुलनीय योगदान रहा है। समाजसेवी आशुतोष सिंह ने कहा कि बाबा साहब द्वारा प्रदत्त संवैधानिक व्यवस्था ने समाज के हर वर्ग को सिर उठाकर जीने और अपने अधिकारों की बात कहने का हक दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन रामजतन गौतम ने की तथा संचालन विजय कुमार गौतम ने किया। आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले रामवचन गौतम और नीरज सिंह की डॉ. हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने सराहना की। इस अवसर पर विनय कुमार, रमेश चंद्र जायसवाल, शैलेंद्र सिंह, गोलू सिंह, साधु सिंह, शशिकांत पाठक, प्रमोद बरनवाल (पूर्व चेयरमैन जफराबाद), राजमणि गौतम, रामधनी गौतम, समरु राम, शीत कुमार, अमरनाथ गौतम, बीरबल कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नकल पर सख्ती का शिकंजा: 18 फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं, जौनपुर में 206 केंद्रों पर कड़ी निगरानी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर,उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संगोष्ठी भवन, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें परीक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 से 5:15 बजे तक संचालित की जाएगी। जनपद के 206 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 77,042 और इंटरमीडिएट के 77,080 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए 6 जोनल मजिस्ट्रेट, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 206 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। साथ ही रिजर्व अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी आपात स्थिति में कंट्रोल रूम नंबर 7905471191 और 9451962481 पर संपर्क किया जा सकता है। डीएम ने प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने, सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने और केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ शांतिपूर्ण और नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने को संकल्पित है। उक्त अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानन्द झा, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव, विवेक कुमार, समस्त सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, कंट्रोल रूम प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निपुण आकलन में डीएलएड प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहन, मिलेगा प्रति स्कूल 250 रुपये

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति जानने के लिए जिले में निपुण आकलन अभियान को गति दे दी गई है। आकलन कार्य को सुचारु और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएलएड प्रशिक्षुओं की तैनाती की गई है। प्रशिक्षुओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रति विद्यालय 250 रुपये प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है। आकलन कार्य 27 जनवरी से शुरू हो चुका है, जो 19 फरवरी तक चलेगा। निपुण आकलन का उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों को उनकी कक्षा के अनुरूप पठन, लेखन और गणित में दक्ष बनाना है। 'निपुण' का तात्पर्य है कि बच्चा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान में आवश्यक दक्षता हासिल कर सके। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यालयों में मानक आकलन के माध्यम से बच्चों की सीख का मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि कमजोर पक्षों की पहचान कर सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। जिले में यह आकलन 27 जनवरी से प्रारंभ होकर 19 फरवरी तक जनपद बस्ती के सभी परिषदीय विद्यालयों में पूरा किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा आकलन को चरणबद्ध ढंग से लागू किया गया है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित न हो और समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरा हो सके। आकलन की जिम्मेदारी निभा रहे डीएलएड प्रशिक्षु विद्यालयों में जाकर बच्चों से सीधे संवाद करेंगे और निर्धारित मापदंडों के आधार पर उनकी शैक्षणिक स्थिति का आकलन करेंगे। प्रत्येक विद्यालय के आकलन पर 250 रुपये की प्रोत्साहन राशि तय की गई है। इससे प्रशिक्षुओं का मनोबल बढ़ने के साथ ही आकलन कार्य में गंभीरता और पारदर्शिता आने की उम्मीद है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि निपुण आकलन बच्चों की वास्तविक सीख को समझने का प्रभावी माध्यम है। आकलन से प्राप्त परिणामों के आधार पर शिक्षकों को अपनी शिक्षण रणनीति में सुधार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में जिले के सभी विद्यालयों का निपुण आकलन तय समय मे पूरा कर लिया जाएगा।

## सामूहिक दुष्कर्म कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दो आरोपी दबोचे गए

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर बदलापुर थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के चर्चित मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून का शिकंजा कस दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आतिश कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी बदलापुर सुनील चन्द्र तिवारी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को संग्राम बालिका इंटर कॉलेज, कस्बा बदलापुर के पास घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरोज कुमार यादव उर्फ संतोष कुमार यादव निवासी सरोखनपुर, थाना बदलापुर तथा प्रिंस तिवारी उर्फ बच्ची निवासी सिरसी, थाना तेजीबाजार के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना बदलापुर में मु0अ0सं0 54/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों को न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महिला अपराधों में संलिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ग्राम समाज व आबादी की जमीन पर कब्जे का आरोप, पीड़ित ने लगाई निष्पक्ष जांच की गुहार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- भूभाग की संरचना में हो रहे बदलाव पर रोक लगाने तथा अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है
- पीड़ित का कहना है कि आरोपित पक्ष केवल 1/8 हिस्से का भागीदार है, लेकिन वह अधिक जमीन पर कब्जा करना चाहता है

जौनपुर मडियाहूं तहसील के सुरेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत अडियार गांव में ग्राम समाज एवं आबादी की जमीन पर कथित अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया है। गाटा संख्या 1467 की भूमि पर कब्जा करने की नीयत से भूभाग की संरचना में बदलाव किए जाने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने अपने ही चाचा सत्यदेव त्रिपाठी एवं उनके पुत्रों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि लगभग 25-26 वर्ष पूर्व पारिवारिक बंटवारे के बाद सभी हिस्सेदारों ने अपने-अपने हिस्से में मकान निर्माण कर लिया था और तब से सभी शांतिपूर्वक निवास कर रहे थे। अब इतने वर्षों बाद उसके चाचा कथित रूप से दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, आबादी की उक्त जमीन में उसके चचेरे दादा एवं पिता के चचेरे भाई का भी लिखित रूप से हिस्सा दर्ज है, जिसमें उसका आधा (एक बटे दो) हिस्सा बनता है। उसका दावा है कि उसके पास हिस्सेदारी से संबंधित पुख्ता दस्तावेज उपलब्ध हैं। इसके बावजूद आरोपित पक्ष द्वारा लगातार जमीन की स्थिति में बदलाव कर अतिक्रमण किया जा रहा है। यह भी आरोप है कि ग्राम समाज की जमीन को बाधित कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे आवागमन में दिक्कत हो रही है। पीड़ित का कहना है कि विरोध करने पर आरोपित पक्ष लाठी-डंडा लेकर मारपीट व गाली-गलौज पर उतारू हो जाता है। मामले की शिकायत सुरेरी थाने में की गई, जहां थाना अध्यक्ष द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि पीड़ित का कहना है कि आरोपित पक्ष केवल 1/8 हिस्से का भागीदार है, लेकिन वह अधिक जमीन पर कब्जा करना चाहता है। आरोप है कि आरोपित पक्ष का कहना है कि 'आबादी की जमीन किसी की नहीं होती, जो जितना कब्जा कर ले, वही उसका मालिक होता है।' पीड़ित ने संबंधित राजस्व व प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने, भूभाग की संरचना में हो रहे बदलाव पर रोक लगाने तथा अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## कलवारी-टाण्डा मार्ग पर एक नए आधुनिक पुल के निर्माण की मांग



**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

सुभाष यदुवंश ने विधान परिषद में बस्ती जनपद को अम्बेडकर नगर से जोड़ने वाले कलवारी-टांडा मार्ग पर एक नए आधुनिक एवं चौड़े पुल के निर्माण की मांग उठाया। सुभाष यदुवंश ने नियम 115 के तहत ध्यानाकर्षण करते हुये कहा कि यह पुल केवल दो जनपदों को जोड़ने का माध्यम नहीं है, बल्कि पूर्वांचल के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अंबेडकर नगर, बस्ती सहित अनेक जिलों को नेपाल सीमा से जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। व्यापार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सीमावर्ती आवागमन की दृष्टि से यह मार्ग रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में इस मार्ग पर केवल एक पुराना एवं अत्यंत संकरा पुल विद्यमान है, जिसकी चौड़ाई आज की यातायात आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। भारी वाहनों, यात्री बसों, एम्बुलेंस एवं दैनिक यातायात के कारण यहां निरंतर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम नागरिकों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है, दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। विधानपरिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने कहा कि यह स्थिति केवल असुविधा का विषय नहीं है, बल्कि आर्थिक क्षति, समय की बर्बादी और जन-सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुकी है। पूर्वांचल के संतुलित विकास, नेपाल से व्यापारिक संपर्क को सुदृढ़ करने और क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इस मार्ग पर एक नए, सुदृढ़ एवं आधुनिक पुल का निर्माण अब अत्यंत आवश्यक हो गया है।

# धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

- रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने लोगों का मन मोहा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर खुटहन जे सी मार्डन चिल्ड्रेन हाईस्कूल कलापुर मे गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्य क्रम की शुभारंभ कर। वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को देश का उत्कृष्ट नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका होती है। ऐसे में बच्चों को संस्कार वान बनाने के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा देनी जरुरी है। शिक्षा के साथ साथ नौनिहालों को खेलकूद तथा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए शिक्षक से ही बच्चे प्रेरणा व अनुशासन का पाठ सीखते हैं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुति देकर क्रार्यक्रम को यादगार बना दिया बच्चों ने एकल व सामूहिक नृत्य, ड्रामा,नाटक का मंचन प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। हाईस्कूल , इंटरमिडिएट में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सृमृति चिन्ह् देकर पुरस्कृत किया गया । विशिष्ट अतिथि बृजेश यादव ब्लाक प्रमुख व सुनील यादव ब्लाक प्रमुख। प्रतिनिधि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता अजय यादव मंडल अध्यक्ष गभिरन तथा संचालन संदीप कुमार गुप्ता ने किया।इस मौके पर प्रफुल्लचंद्र मौर्य,कमला प्रसाद सिंह, नन्दलाल राजभर,राम अचल,प्रधान संतलाल सोनी, आदि मौजूद रहे।

# भारत और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारतीय किसान संगठन का विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को भारतीय किसान संगठन का विरोध प्रदर्शन किया गौरतलब है कि भारत अमेरिका व्यापार समझौता हुआ है उस समझौते के अनुसार अमेरिका भारत के अनुसार अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में बे रोक टोक आ सकते हैं। जिस पर कोई आयात शुल्क नहीं है।15 अगस्त 2025 को भारत के प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से दिए गए बयान को भारतीय किसान संगठन याद दिलाता है, जिसमें प्रधानमंत्री महोदय द्वारा कहा गया था कि 'किसान हितों की रक्षा के लिए वे व्यक्तिगत रूप से भारी कीमत चुकाने को तैयार हैं पर अमेरिका के आगे झुकेंगे नहीं' अब ऐसी क्या मजबूरी आ गई है कि अमेरिका का शून्य आयात कर स्वीकार कर लिया। भारत में 65% आबादी कृषि एवं सहायक क्षेत्रों पर निर्भर है।किसान हमेशा देश के साथ खड़े रहते हैं। यह समझौता देश हित में नहीं है।एकतरफा अमेरिका अपनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रक्षा कर रहा है।वही भारत सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तोड़ने के लिए इस समझौते को करके अमेरिका के आगे आत्मसमर्पण करने का प्रयास किया है। उपरोक्त समझौते के अनुसार भारत को प्रत्येक वर्ष अमेरिका से भारी भरकम समान खरीदना पड़ेगा जिसकी 103 अरब डॉलर कीमत है। अतः महामहिम से अनुरोध है कि उपरोक्त समझौते पर रोक लगाते हुए देश के आम जन को राहत देने की कृपा करें आज भारतीय किसान संगठन लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान गाज़ी आज लोगों ने महामहिम राष्ट्रपति भारत गणराज्य का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को दिया आज लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा और जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव को उनके निजी आवास पर होम अरेस्ट पुलिस द्वारा रखा गया ज्ञापन होने के बाद उनको छोड़ा गया अब देखना यह है की सरकार का अगला कदम क्या होगा।

# समाजवादी मजदूर सभा राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**




समाजवादी मजदूर सभा / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन लोक मजदूर सभा के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में महामहिम राष्ट्रपति को सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष (मजदूर सभा) / प्रदेश उपाध्यक्ष लोक मजदूर सभा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में श्रमिकों, किसानों एवं पशुपालकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए निम्न प्रमुख मांगें रखी गई – ज्ञापन की मुख्य मांगें चारों श्रम संहिताएँ (लेबर कोड) तत्काल प्रभाव से रद्द की जाएं।ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग एवं संविदा प्रणाली समाप्त कर स्थायी रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाए।मनरेगा को प्रभावी रूप से बहाल कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार की व्यवस्था की जाए। श्रमिक यूनियनों को कमजोर करने की नीतियां बंद की जाएं तथा यूनियन अधिकारों की रक्षा की जाए। कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा देने वाले कानून बनाना बंद किया जाए।कार्य अवधि 12 घंटे करने संबंधी आदेश को तत्काल वापस लिया जाए।भारत-अमेरिका के मध्य हुई डील में किसानों और पशुपालकों के हितों को पूर्ण रूप से संरक्षित किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उपरोक्त मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो देशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।ज्ञापन में प्रमुख रूप से हरजीत सिंह एडवोकेट,भूपेंद्र सिंह एडवोकेट, रियाजुल्ला खान,साबिर अली, गीता देवी,सुधीर यादव,प्रमोद सिंह,मोहम्मद उमर एडवोकेट, धर्मराज, सचिन कुमार, अनुपम वर्मा एडवोकेट, राजकुमार गुप्ता, पपिल कुमार,सरोज वर्मा एडवोकेट,यदुवेन्द्र वर्मा एडवोकेट, इसरार अहमद एडवोकेट।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने कार को मारी टक्कर दो घायल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। पलिया की ओर से गन्ना लदे दो ट्रॉलियों को लेकर दाऊदपुर क्रेशर जा रहे ट्रैक्टर और लखीमपुर से आ रही क्रेटा कार के बीच टक्कर हो गई। यह दुर्घटना बीबीपुर गन्ना सेंटर के पास हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था, जिसने हादसे को अंजाम दिया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक सतनाम सिंह पुत्र महेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।क्रेटा कार चालक अवधराम पुत्र दूजई, जो एलआईसी कंपनी में कार्यरत हैं, को भी हल्की चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।ट्रैक्टर चालक सतनाम सिंह का इलाज जारी है। इस हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

### 11 निर्धन कन्याओं के कन्यादान का लिया संकल्प



**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** इलाके के मूड़ा बुजुर्ग के कामतानगर निवासी रमाशंकर निषाद ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए 11 निर्धन और अनाथ कन्याओं के कन्यादान का संकल्प लिया है। हनुमान डेयरी पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने इसकी घोषणा की। रमाशंकर निषाद ने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन यदि मानव जीवन किसी गरीब और असहाय के काम आ जाए तो वही जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने बताया कि वह एक साधारण परिवार से हैं और महानगर में बिल्डिंग इंटीरियर का कार्य करते हैं।उन्होंने बताया कि पहले चरण में आगामी 21 अप्रैल को 11 गरीब कन्याओं का कन्यादान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक कन्या को बजाज की एक-एक प्लेटिना मोटरसाइकिल के साथ अन्य आवश्यक घरेलू सामान दिया जाएगा। कन्यादान पूरे विधि-विधान, रीति-रिवाज और रस्मों के साथ संपन्न कराया जाएगा।इस पहल से क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। लोग रमाशंकर निषाद के इस कदम को समाज के लिए प्रेरणादायक बता रहे हैं।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। शिवराजपुर।** शिवराजपुर के सखरेज गाँव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को समापन हो गया। अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के समापन पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथावाचक आचार्य रामजी शुक्ला महाराज ने कथा के माध्यम से भक्तों को धर्म, भक्ति और कर्म का महत्व समझाया। इस मौके पर आयोजक लालता प्रसाद दुबे,आलोक द्विवेदी, मयंक, हर्ष निक्की, विजय,अर्पित आयुष दुबे मौजूद रहे।

### रामायण काल के महादेव का मंदिर को भूले पुलिस अधीक्षक



**जन एक्सप्रेस। परियर।** सदर तहसील के परियर गंगा तट पर महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह भारी पुलिस बल के साथ स्थानीय गंगा तट का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा तटों पर मौजूद सुविधाओं को देखा और जरूरी निर्देश दिए ।कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का स्वागत की औपचारिकता पूरी की। वहीं कुछ मीटर दूरी पर कावरियों के विश्राम स्थल बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण करने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा।मालूम हो कि बाबा बलखंडेश्वर महादेव की स्थापना श्री राम के पुत्र लव कुश से महर्षि वाल्मीकि जी ने कराई थी।जिसमे माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक विशाल भीड़ रहती है। मंदिर में भक्तिमय आयोजन भी चल रहे है।

### एटीएम में प्लेट लगा रकम निकालने वाले दो शातिर भेजे जेल



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कल्याणपुर पुलिस ने एटीएम में निकासी की जगह प्लेट फंसाकर लोगों की जमा पूंजी पार करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कल्याणपुर में बैंक आफ इंडिया की शिकायत पर पुलिस ने सीसी कैमरे की फुटेज के आधार पर शातिरों की तलाश शुरू की।बीते बुधवार को पुलिस ने एक आरोपित को बैंक के पास से जबकि दूसरे को पनकी के रतनपुर से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपितों की पहचान कानपुर देहात के रूरा थानाक्षेत्र के कटेही निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू और बृजेंद्र कुमार के रूप में हुई है।पकड़े गए शातिरों ने पुलिसिया पूंछताछ में बताया कि वह रेकी कर एटीएम मशीन के नकद निकासी के स्थान पर प्लेट लगा देते थे,जब कोई पैसे निकालने आता तो पैसे नहीं निकलते ,उसके जाने के बाद वह एटीएम में पहुंचते और प्लेट हटाकर रकम पार कर देते थे।कल्याणपुर इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की 87 वी जन्म जयंती

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**



गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की 87वी जन्म जयंती के शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में एक संगोष्ठी का आयोजन लखीमपुर खीरी सेठ घाट चौराहे के निकट कैलाश सदन में धूमधाम के साथ चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का आवहन किया गया आज के दिवस को सेवा सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारे कार्य किया किसानों के प्रति अपने परिवार की परंपरा कोआगे बढ़ते हुए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के दिखाएं मार्ग पर चलते हुए जीवन पर्यंत किसानों के हित के लिए बढ़-चढ़कर आवाज उठाते रहे उक्त कार्यक्रम में तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में संगठन को विस्तार देने की घोषणा की गई इस अवसर पर पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी शब्बीर हुसैन मोहम्मद हसीब खान नाजिम अली ऐश्वर्य धुरिया एडवोकेट अमनदीप कौर पालिया से रमनदीप कौर पलिया से विवेक कश्यप सोनू मिश्रा यूनुस अली खान संजीत मिश्रा एडवोकेट लाल बहादुर शास्त्री एडवोकेट श्रीमान सुभाष मिश्रा विश्वनाथ शर्मा एडवोकेट अमित शुक्ला डॉक्टर अनुराग शुक्ला पंकज कश्यप हरनाम वर्मा अमित कश्यप सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ककवन ग्राम के सिद्ध पीठ महादेव मंदिर में रासलीला के चतुर्थ दिवस का भव्य शुभारंभ

- 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर, उमड़ा जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



ककवन ग्राम स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ महादेव मंदिर में चल रहे भव्य रासलीला महोत्सव के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर परिसर 'हर हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया।इस पावन अवसर पर क्षेत्र के अनेक शुभचिंतक, मार्गदर्शक एवं अभिभावकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमितेश कुमार (अन्टू), लल्लन जी, मन्जू सिंह, गिरीश वर्मा, सतीशचंद्र, गौरब, अर्पण, मोनू, गोरेलाल एवं पप्पू कुशवाहा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने रासलीला आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का सशक्त माध्यम बताया।रासलीला के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ी। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का मनोहारी मंचन देखकर भक्तजन भावविभोर हो उठे। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय और भक्ति रस से सराबोर प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक गौरव की अद्भुत झलक देखने को मिली। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्रीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा, जिसके लिए आयोजक मंडल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बल खंडेश्वर महादेव मंदिर में चल रही रासलीला में पूतना वध का मंचन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**परियर।** स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व तक चलने वाले भक्तिमय आयोजनों में श्री रास बिहारी रासलीला मंडल के निर्देशक अनुभव शुक्ला के निर्देशन में रात्रि में कृष्ण लीला का मंचन में पूतना वध देख लोग भाव विभोर हो गए।हास्य कलाकार ने सभी को अपनी प्रस्तुति से खूब हंसाया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों के सहयोग से बड़े धूम धाम से हो रहे आयोजन में दिन की रामलीला में दिखाया गया कि जब धरती पर अनाचार अत्याचार और अबलाओ पर अत्याचार साधु और धर्म ग्रंथो को जलाया जाने लगा। धरती पर त्राहि त्राहि होने लगी। धेनु सुरक्षित नहीं थीं।

## दहेज की मांग को लेकर मारपीट के दौरान गर्भवती पत्नी के पेट में मारी लात

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर के अवधपुरी निवासी पूजा राजपूत द्वारा अपने पति विशाल पुत्र रामौतार सहित परिवार के छः लोगों के खिलाफ़ संगीन धाराओं में कोतवाली कल्याणपुर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जिसमें ससुर रामौतार, सास मंजू देवी, जेठ सरमन राजपूत, जेठानी पूनम वर्मा व मानस पर लगे गंभीर आरोप का शिकायती पत्र गर्भवती पूजा राजपूत पत्नी विशाल के द्वारा दिया गया था जिसमें दहेज की मांग और मारपीट के दौरान गर्भवती पत्नी के पेट में लात मार दी थी, जिसे गम्भीर हालत में उपचार के दौरान पेट में बच्चे की मौत हो गई मामले में कल्याणपुर पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विधायिका का ड्राईवर पत्नी पर गांठता रौब पति

'सैया भये कोतवाल अब डर काहेका ', जैसी कहावत चरितार्थ होती दिख रही है एक ताजा मामला कल्याणपुर के अवधपुरी का है जहां विधायिका के ड्राइवर विशाल ने अपनी पत्नी पूजा राजपूत पर शादी के बाद से रौब गांठना तब शुरू कर दिया कि मैं तो विधायिका के साथ रहता हूं मेरा कुछ नहीं होगा। आए दिन दहेज की मांग के साथ साथ पत्नी के साथ मारपीट भी करने लगा और गर्भवती पत्नी पूजा राजपूत के पेट में पति विशाल ने लात मार दी जिससे बच्चा पेट में मर गया जिससे पत्नी पूजा की गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। वहीं जांच के बाद कल्याणपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# तिरूपति बालाजी मंदिर का 12 वाँ वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ गया मनाया



**जन एक्सप्रेस । खंभारखेडा खीरी**

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेडा में स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर का 12 वाँ वार्षिकोत्सव आज बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।मंदिर के पुजारी विपिन बैंकटेश शुक्ला ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र ढाका, आशीष श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, योगेश सिंह, अतुल सिंह,सच्चिदानंद मिश्रा,सतीश श्रीवास्तव, संजय शुक्ला, राजेश पांडेय,डा0 धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, अनिल कुमार दीक्षित, तरुण मिश्रा, मनोज अवस्थी, राजेश उपाध्याय, नरेंद्र पाल सिंह,पी एन शर्मा शैलेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।हवन पूजन एवं आरती के उपरांत सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा देकर भोजन कराया गया।इस मौके पर कन्या भोज के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व चीनी मिल के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी ने किया थाना शिवराजपुर का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त पश्चिम, एस.एम. कासिम आबिदी द्वारा दिनांक 12 फरवरी को थाना शिवराजपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त ने हवालात, मालखाना, थाना रजिस्टरों का रखरखाव साफ-सफाई व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा मिशन शक्ति केंद्र सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन से जुड़े पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया। निरीक्षण उपरांत पुलिस उपायुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को थाना व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित तथा जनहित के अनुरूप बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# विद्या निकेतन के इण्टरमीडिएट छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ संपन्न

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**




गुरुवार को स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज के सभागार में कक्षा 11 के विद्यार्थिओं ने इण्टर के विद्यार्थिओं को विदाई दी ।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र का अनावरण, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात प्रांजली, पीहू, अंशिका जायसवाल, शीतल वर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, अंश शुक्ला आदि छात्र/छात्राओ ने अपने भावों को व्यक्त कर छात्र/छात्राओं को नित्य नई ऊंचाइयों को छूने तथा अपनी उपलब्धि सांझा करने के लिये उत्साह वर्धन किया।विद्यालय की बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में बताया कि छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विद्यार्थी, अध्यापकों के कार्यो का विषय, अध्यापकों के विचारों का लक्ष्य और अध्यापकों के प्रयासों का प्रतिबिम्ब होते हैं। यह सत्य है कि, हमने आप सभी को शिक्षित किया है हालांकि, यह भी सत्य है कि, हमने भी आप सभी से बहुत कुछ सीखा है। बारह साल का यह लम्बा सफर था हालांकि, आप सभी की भविष्य में कुछ बेहतर करने की दृढ़ इच्छा के कारण यह समय बहुत जल्दी बीत गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कौशल किशोर मिश्रा ने परीक्षा केंद्र पर पहुँचने से पहले की सावधानियों, समय पर पहुचने एवं परीक्षा देते समय की जानकारियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने छात्र / छात्राओं को परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सुनियोजित अध्ययन, नियमित रिवीज़न, और लिखकर अभ्यास करने महत्व पर प्रकाश डाला तथा साथ ही यह भी बताया कि सार्थक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना भविष्य की सफलता की नींव है। कार्यक्रम के अंत में सूक्ष्म जलपान कर विद्यार्थी प्रसन्नता पूर्वक विदा हुए।

# बिल्हौर बना ओवरऑल चैंपियन, जनपदीय बाल खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



जनपदीय बाल खेलकूद प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन स्व. रतन लाल स्टेडियम, किदवई नगर में उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। 11 फरवरी से प्रारम्भ हुई इस प्रतियोगिता में विकासखण्ड बिल्हौर के प्रतिभागी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।प्रतियोगिता में बिल्हौर ब्लॉक के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और प्रतिभा का परिचय देते हुए कुल 10 स्वर्ण, 14 रजत और 4 कांस्य पदक हासिल किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते बिल्हौर प्रथम स्थान पर रहा, जबकि घाटमपुर ने द्वितीय और कल्याणपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।समापन समारोह के अवसर पर सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) कानपुर मंडल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुनील द्विवेदी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवि कुमार सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में विकासखण्ड बिल्हौर के शिक्षकों की भी सक्रिय और प्रेरणादायी उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने ओवरऑल चैंपियन बनने पर बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागियों और शिक्षकों में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

# प्रदेश अध्यक्ष विपिन तिवारी की अध्यक्षता में बिल्हौर में समीक्षा बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



प्रदेश अध्यक्ष विपिन तिवारी की अध्यक्षता में बिल्हौर तहसील क्षेत्र में नगर अध्यक्ष असद खान के आवास पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विभिन्न जिलों व ब्लॉकों से आए पदाधिकारियों ने भाग लेकर आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की।बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, कानपुर जिला अध्यक्ष अनन्त अवस्थी, कानपुर देहात जिला अध्यक्ष रणवीर यादव, कन्नौज जिला अध्यक्ष मकबूल अहमद,फर्रुखाबाद जिला अध्यक्ष संत राम आर्या, कानपुर प्रचार मंत्री सत्येंद्र यादव, बिल्हौर तहसील अध्यक्ष संतराम आर्य, बिल्हौर ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश चौहान, शिवराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पाल, नगर अध्यक्ष असद खान, नगर महामंत्री असीम अल्लाह तथा फर्रुखाबाद के कोषाध्यक्ष दुबे जी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) द्वारा निकाली जा रही 'कश्मीर से कन्याकुमारी तक किसान जागृति यात्रा' की तैयारियों की समीक्षा करना रहा। यह यात्रा 21 फरवरी को कानपुर के माती मुख्यालय पहुंचेगी, जहां एक विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी। पदाधिकारियों ने महापंचायत को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार एवं किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष विपिन तिवारी ने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। बैठक का समापन आगामी रणनीति तय करते हुए संगठनात्मक मजबूती और किसान हितों के लिए निरंतर संघर्ष के संकल्प के साथ हुआ।

# विशेषाधिकार हनन : राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाएगी सरकार

## लेकिन सदस्यता खत्म करने पर चर्चा चाहती है भाजपा

- राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए भाषण के कुछ अंश सदन की कार्यवाही से हटाए जा सकते हैं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हालिया भाषण को लेकर राजनीतिक विवाद सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हालांकि अब यह भी साफ हो गया है कि राहुल गांधी के सामने से एक बड़ी मुसीबत टल गई है। इसका बड़ा कारण है कि राहुल गांधी के खिलाफ सरकार विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव नहीं लाएगी, लेकिन गौर करने वाली बात यह भी है कि यह मामला अभी तक पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को राहुल गांधी के द्वारा लोकसभा में दिए गए भाषण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की मांग की थी। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करने के इरादे में नहीं है। हालांकि, बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने कल लोकसभा में जो भाषण दिया था, उसमें कही गई कुछ बातें और आरोप प्रमाणित नहीं थे। ऐसे में संभावना इस बात की तेज हो गई है कि राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए भाषण के कुछ अंश सदन की कार्यवाही से हटाए जा सकते हैं।



### निशिकांत दुबे का अलग प्रस्ताव, समझिए

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के खिलाफ एक अलग मूल प्रस्ताव दायर किया है। यह सामान्य नोटिस से अलग प्रक्रिया होती है। अगर लोकसभा अध्यक्ष इसे स्वीकार करते हैं, तो इस पर सदन में चर्चा और मतदान हो सकता है। ऐसे में प्रस्ताव पारित होने पर राहुल गांधी की संसद सदस्यता जा सकती है।

### लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

बता दें कि इस पूरे मामले में निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर मांग की है कि राहुल गांधी के कथित 'अनैतिक आचरण' की जांच के लिए एक संसदीय समिति बनाई जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि जरूरत पड़ने पर राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने पर विचार किया जाए। दुबे का आरोप है कि राहुल गांधी ने संसद के अंदर और बाहर ऐसे बयान दिए हैं, जिससे देश की एकता और संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंची है।

### पत्र में अप्रकाशित बयान से लेकर विदेश यात्रा तक का जिक्र

उन्होंने दावा किया कि 11 फरवरी के भाषण में राहुल ने पूर्व सेना प्रमुख की अप्रकाशित किताब का गलत संदर्भ देकर सेना, रक्षा मंत्रालय और प्रधानमंत्री की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। दुबे ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी कई मंत्रालयों पर बिना सबूत के आरोप लगाते हैं। साथ ही उनकी विदेश यात्राओं और फंडिंग को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। पत्र में इन मामलों की जांच की मांग की गई है।

### कांग्रेन ने भी दिया करारा जवाब

गौरतलब है कि इस पूरे मामले पर कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया गया, जबकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के समान बयान रिकॉर्ड में बने हुए हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि पिछली बार राहुल गांधी की सदस्यता खत्म की गई थी, लेकिन जनता ने उन्हें और बड़े अंतर से चुनकर संसद में भेजा। उन्होंने कहा कि हमें किसी नोटिस से फर्क नहीं पड़ता। चाहें तो हमें फांसी पर लटका दो। फिलहाल मामला लोकसभा अध्यक्ष के पास है और आगे की कार्रवाई उनके फैसले पर निर्भर करेगी।

### भाषण के कुछ हिस्से हटाने की मांग

भाजपा राहुल के भाषण कुछ हिस्सों को लेकर आपत्ति जता रही है। पार्टी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने बजट चर्चा के दौरान राहुल गांधी द्वारा कही गई कुछ बातों को लोकसभा की कार्यवाही से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है। भाजपा का कहना है कि उनके कुछ बयान आपत्तिजनक और तथ्यों से परे हैं।

---

**सुप्रीम फटकार : समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते**

# पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी 'घूसखोर पंडित' रिलीज होगी


- मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं। मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी।

### याचिकाकर्ता ने फिल्म पर क्या लगाया था आरोप?

'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधारित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन



सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

### नया नाम बताने के बाद ही रिलीज होगी फिल्म

पीटीआई की खबर के अनुसार जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा, 'आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे।' कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि 'घूसखोर पंडित' समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

### फिल्म के नाम पर विरोध प्रदर्शन भी हुए

इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थों ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेयी के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।

---

## एक्सप्रेस खबरें...

### अजित के विमान हादसे पर सवाल : संजय का केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों पर निष्पक्ष जांच न करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने जांच पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार के 'षड्यंत्र' और 'तोड़फोड़' के आरोपों का भी समर्थन किया। पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने केंद्र और राज्य की जांच एजेंसियों को घेरते हुए कहा, इस राज्य और देश की जांच एजेंसियां समझौता कर चुकी हैं। चाहे ईडी हो, सीबीआई हो, आईबी हो या राज्य पुलिस, जनता का इन पर से भरोसा उठ चुका है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र सरकार के समय में बड़े मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं होती। सरकार अपने लोगों को बचाने के लिए जांच में पक्षपा करती है। उन्होंने कहा कि जो विमान हादसे का शिकार हुआ था वह गुजरात से आया था, जिससे लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ है। जिस विमान में अजित दादा सवार थे, वह भी गुजरात से आया था।

### असम : सीएम के मानहानि केस पर अंतरिम रोक, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई के साथ अन्यों की 9 मार्च को कोर्ट में पेशी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी।** असम के कामरूप जिले में एक अदालत ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के मानहानि केस पर अहम निर्देश दिया है। उन्होंने 500 करोड़ रुपये के मानहानि का एक केस दर्ज कराया था। इस मामले पर अदालत ने अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने आदेश देते हुए असम कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई पर सीएम की संपत्ति से जुड़ा कोई भी बयान देने से मना किया है। कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी इसी तरह के निर्देश दिए गए हैं। अदालत 9 मार्च को मामले में अगली सुनवाई करेगा। इस सुनवाई में गौरव गोगोई समेत सात लोगों को कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि उनकी निजी संपत्ति और ईमानदारी के खिलाफ उन्हें बदनाम करने के लिए झूठे बयान दिए जा रहे हैं।

### सर्वर की समस्याओं से त्रस्त हुई जनता

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार निबंधन कार्यालय के आधुनिकरण करके जनता को राहत पहुंचाने का ढिंढोरा जरूर पीट रहा लेकिन जमीनी हक़ीक़त में जनता परेशान हो रही है। फरवरी माह से शुरू हुई क्रेता विक्रेता के ओटीपी के नियम और ऑनलाइन फीस जमा करना अनिवार्य होने के बाद रजिस्ट्रेशन में समस्या शुरू हो हुई है। गाजियाबाद निबंधन कार्यालय में सर्वर की परेशानी जनता के लिए भारी मुसीबत बनती जा रही है। पहले जहां चंद मिनटों में कार्य होते थे अब वही ओटीपी और अन्य औपचारिकताओं के कारण घंटों का समय लगने लगा है। सरकार द्वारा राजस्व में पारदर्शी नीति के लिए तमाम प्रयोग कर रही है। लेकिन तकनीकी सेवाओं में सुधार का कोई असर नहीं दिख रहा है। सुबह से लेकर शाम तक एक एक रजिस्ट्री को लेकर क्रेता विक्रेता दोनों कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है। गाजियाबाद निबंधन कार्यालय में बृहस्पतिवार को भी ऐसे ही मुसीबतों का समाना जनता को करना पड़ा। दस्तावेज लेखक और तहसील अधिवक्ताओं ने प्रशासन और विभाग से यथासंभव जल्द से जल्द सर्वर की समस्याओं से निजात दिलाने की मांग किया है।

---

# पीएम के असम दौरे की तैयारी : डिब्रूगढ़ में तैयार किया गया रनवे, वायुसेना ने आपात लैंडिंग का अभ्यास किया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

असम में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इससे पहले राज्य की राजनीति में गर्माहट बढ़ गई है। चुनावी रण में राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के प्रचार और कई परियोजनाओं का शुभारंभ करने के लिए राज्य दौरा करने वाले हैं। इसके लिए डिब्रूगढ़ जिले में इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी तैयार कराई गई है। प्रधानमंत्री का विमान इसी जिले में उतरेगा। पीएम मोदी के विमान की लैंडिंग से पहले इस रनवे पर भारतीय वायुसेना के विमान की सुरक्षित और सफल लैंडिंग कराई गई है। भारतीय वायुसेना के



लड़ाकू विमानों ने मोरन में बनाए गए इस रनवे की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए मेगा एयर शो का आयोजन भी किया। इसके बाद मोरन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री गुवाहाटी एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां वह दोपहर 1 बजे गुवाहाटी-नॉर्थ गुवाहाटी ब्रिज का उद्घाटन और निरीक्षण करेंगे।

### 14 फरवरी को असम जाएंगे पीएम मोदी

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को असम का एक दिवसीय दौरा करेंगे। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 11 फरवरी को दी। दौरे का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है और इसमें अपर असम और गुवाहाटी दोनों शामिल हैं। वहां से वह मोरन के लिए रवाना होंगे और सुबह 10 बजे एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) पर उतरेंगे। मोरन दौरे के दौरान फाइटर जेट्स का एयर शो होगा, जिसमें कई विमान हाइवे एयरस्ट्रिप पर उतरेंगे। यह क्षेत्रीय सुरक्षा और ढांचे की क्षमता का महत्वपूर्ण प्रदर्शन होगा।

---

# पुणे में बंगाली मजदूर सुखन महतो की हत्या : ममता बोलीं, घृणात्मक अपराध, गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

महाराष्ट्र के पुणे में एक बंगाली प्रवासी मजदूर की हत्या मामले में सियासत तेज हो गई है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना की कड़ी निंदा की और इसे भाषा और पहचान के आधार पर होने वाला घृणात्मक अपराध बताया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस घटना का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि वे इस क्रूर हत्या से स्तब्ध और गुस्से में हैं। बता दें कि 24 वर्षीय मृतक सुखन महतो बंगाल के पुरुलिया जिले के बंडवान के रहने वाले थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। ममता बनर्जी ने कहा कि एक युवक को उसकी भाषा, पहचान और



जड़ों के कारण मारा गया। सीएम ने आगे इस बात पर जोर दिया कि यह घृणात्मक अपराध सीधे उस माहौल का नतीजा है, जिसमें विदेशियों और अन्य राज्यों के लोगों के खिलाफ झूठे भय को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुखन महतो 2021 से पुणे में प्रवासी मजदूर के रूप में काम कर रहे थे।

### पीड़ित परिवार के साथ बंगाल सरकार : सीएम

ममता बनर्जी ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि बंगाल इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा है और न्याय दिलाने के लिए हर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहली बार नहीं है जब बंगाली प्रवासी मजदूरों के खिलाफ अन्य राज्यों में हिंसा हुई है और उन्होंने केंद्र सरकार पर भी लगातार इस मामले में चुप्पी बरतने का आरोप लगाया है।

---

# सवर्ण महासभा ने सर पर काला कफन बांधकर किया यूजीसी का विरोध

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

- 75 साल से सवर्ण समाज गधे की तरह सरकारों का उत्पीडन सह रहा है, मगर अब अपने बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे

सवर्ण महासभा द्वारा यूजीसी का विरोध अनोखे ढंग से किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने यूजीसी जैसे काले कानून का पुतला लेकर शहर में उसका जुलस निकाला। यूजीसी के खिलाफ लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। यूजीसी के पुतले का जुलूस नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ से प्रारंभ होकर दुर्गा भाभी चौक,सिहानी गेट, चोपला मंदिर, घंटाघर पर समाप्त हुआ। जुलूस-प्रदर्शन की सबसे प्रमुख बात यह रही कि उसमें सभी सात सवर्ण वर्गों के प्रतिनिधियों अपने सर पर विरोध स्वरूप काला कफन बांधकर शामिल हुए। हाथों में विरोध पट्टका लिए हुए थे उन्होंने यूजीसी के काले कानून के प्रति अपना गुस्से का प्रदर्शन किया।

ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान प्रवक्ता सवर्ण महासभा ने कहा कि मोदी सरकार या अब तक जितनी भी सरकारें भारत में बनीं, उन सभी ने सवर्ण समाज का इस्तेमाल किया और उसके ऊपर आरक्षण, टैक्स चोरी, उत्पीड़न जैसे ना जाने कितने कानून थोप डाले और सवर्ण समाज बगैर किसी विरोध किए हुए सब कुछ सहन करता रहा। सवर्ण समाज अपने स्वार्थ, सम्मान, हित व अधिकारों की चिंता किए बिना समाज व देश के हित में कार्य करता रहा और देश को विकास के शिखर तक पहुंचाता रहा और



सरकारें तरह-तरह के कानून बनाकर सवर्ण समाज का उत्पीडन करती रहीं। सरकारों द्वारा सवर्ण समाज को दबाने-कुचलने के हर प्रकार के प्रयास किया गया। अब सरकार ने यूजीसी के काले कानून द्वारा समाज के बच्चों व आने वाली पीढी को बर्बाद करने का षडयंत्र रचा तो समाज के लोगों की सहनशीलता ने जवाब दे दिया है। हम सवर्ण समाज के व्यक्ति अपने उपर किए जाने वाले हर प्रकार के उत्पीडन व जुल्म को सहन कर सकते हैं, मगर बात जब हमारे बच्चों के भविष्य की होगी तो हम चुप नहीं रहेंगे। संयोजक सेवाराम त्यागी ने बताया कि यह प्रदर्शन उस उत्पीडन के विरोध का प्रतीक है, जो पिछले 75 सालों से सरकारे सवर्ण समाज के साथ करती आ रही हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। जब तक आरक्षण व यूजीसी समूल रूप से समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक पूरे देश में इस कानून के विरोध में प्रदर्शन जारी रहेंगे। संयोजक वी के अग्रवाल ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन को गाजियाबाद के सभी व्यापार मंडलों ने संपूर्ण समर्थन दिया है तथा जिस जगह से भी यह विरोध प्रदर्शन निकाला, व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान से बाहर आकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगले प्रदर्शन में वे भी अपना प्रतिष्ठान बंद करके सबके साथ चलेंगे। इस अवसर पर डॉक्टर उदिता त्यागी, सहसंयोजक सुनील निगम, सहसंयोजक, प्रेमचंद त्यागी महानगर संयोजक पंडित अशोक भारतीय सहसंयोजक मास्टर स्वरूपचंद शर्मा सहसंयोजक सतीश चोपड़ा सह संयोजक नरेंद्र गुप्ता नंदी सहसंयोजक संजय चौहान, अवधेश सिंह प.अशोक भारतीय संजय चौहान पियूष सेगर डा.दीपक राणा डा.गौरव सैनी (गोपाल) जे.के शर्मा विक्रम दत, विवेक कुमार संदीप सिंहल गौरव शर्मा नितिन रावल दिवेश शर्मा दो बृजपाल शर्मा, अरविंद कुमारशर्मा,प्रदीप कुमार देबूदेश सिंह बी.एन अग्रवाल अरुप त्यागी अजय त्यागी बिजेंद्र त्यागी पुनीत त्यागी सतीश चोपड़ा शिव कुमार शर्मा हरीश शर्मा संजीव कौशिक कुलदीप शर्मा सहित हजारों सवर्ण का कुटुम्ब के लोग मौजूद रहे।

---

# 'अमेरिकी फैक्टशीट में संशोधन साझा सहमति के अनुरूप', व्यापार समझौता पर एमईए का स्पष्टीकरण

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर विदेश मंत्रालय ने स्थिति स्पष्ट की है। अमेरिका द्वारा जारी संशोधित इंडिया-यूएस ट्रेड फ्रेमवर्क फैक्टशीट पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी दस्तावेज में किए गए बदलाव दोनों देशों के बीच बनी साझा समझ के अनुरूप हैं। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी 2026 को भारत और अमेरिका ने पारस्परिक तथा परस्पर लाभकारी व्यापार के लिए एक अंतरिम समझौते के ढांचे पर संयुक्त वक्तव्य जारी किया था। यही संयुक्त वक्तव्य इस पूरी प्रक्रिया का आधार है और दोनों पक्षों की आपसी सहमति को दर्शाता है। प्रवक्ता के अनुसार, अमेरिकी फैक्टशीट में जो संशोधन किए गए हैं, वे उसी संयुक्त वक्तव्य में शामिल बिंदुओं और सहमतियों को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने दोहराया कि दोनों देश अब इस तय ढांचे को लागू करने और अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में मिलकर काम करेंगे।

### बांग्लादेश चुनाव पर एमईए का बयान

बांग्लादेश में चुनावों को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव के परिणामों का इंतजार करना चाहिए ताकि स्पष्ट हो सके कि जनता का जनादेश किस प्रकार का आया है, उसके बाद ही संबंधित मुद्दों पर आगे विचार किया जाएगा। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा जहां तक चुनाव की प्रक्रिया का सवाल है, हमारा रुख हमेशा से स्पष्ट रहा है। हम बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और भरोसेमंद चुनाव के पक्ष में हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी बताया कि भारत बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और चुनावी पारदर्शिता को महत्व देता है और दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंधों के आधार पर स्थिति की निगरानी जारी रखेगा।

### ट्रंप के पीएम मोदी पर बयान पर एमईए की प्रतिक्रिया

रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्होंने ट्रंप के 'मैं उनका पॉलिटिकल करियर बर्बाद नहीं करना चाहता' वाले कथित वीडियो को नहीं देखा है। उन्होंने बताया यदि ऐसा कोई वीडियो मौजूद है, चाहे वह सच हो या झूठ, हम इस पर उचित कार्रवाई करेंगे। प्रवक्ता ने हरदीप सिंह पुरी के बयान पर कहा इस मामले में हमने पहले ही लिखित और मौखिक दोनों तरह के स्पष्टीकरण प्रदान किए हैं।



### ब्राजील के राष्ट्रपति लूला का भारत दौरा

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के भारत दौरा को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा 18 से 22 फरवरी 2026 तक भारत के राजकीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति लूला दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे एआई समिट (19-20 फरवरी) में भाग लेंगे। यह समिट कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग और नीतिगत समन्वय को लेकर महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है।

### 21 फरवरी को होगी अहम द्विपक्षीय वार्ता

विदेश मंत्रालय के अनुसार, ब्राजील के राजकीय दौरे का मुख्य दिन 21 फरवरी होगा। इसी दिन भारत और ब्राजील के बीच उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की जाएगी। राष्ट्रपति लूला की मेजबानी भारत की राष्ट्रपति करेंगी। इसके अलावा उपराष्ट्रपति समेत कई अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी उनसे मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति लूला के साथ कई मंत्री और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगा। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम तय किए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने संकेत दिया है कि बिजनेस डेलीगेशन को जोड़ने के लिए अलग-अलग बैठकों और नेटवर्किंग कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिससे भारत-ब्राजील आर्थिक साझेदारी को नई गति मिल सके।

### बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने पर क्या बोलें?

अमेरिका के बॉर्ड ऑफ पीस में भारत को शामिल करने के निमंत्रण पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि अमेरिका की ओर से यह प्रस्ताव मिला है और इसे फिलहाल भारत द्वारा गंभीरता से देखा जा रहा है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने हमेशा पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और संवाद को बढ़ावा देने वाले प्रयासों का समर्थन किया है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल का स्वागत किया है, जो क्षेत्र में, विशेषकर गाजा में दीर्घकालिक और टिकाऊ शांति की दिशा में एक मार्ग प्रदान करती है। विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत इस प्रस्ताव का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर रहा है और क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी भूमिका पर निर्णय लिया जाएगा।

### भारत-कनाडा सुरक्षा सहयोग को मिली मजबूती

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोवाल के कनाडा के ओटावा दौरे के संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने न्यूज एजेंसी एएनआई को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसए ने अपने कनाडाई समकक्ष से मुलाकात की, जो सुरक्षा मामलों में चल रहे सहयोग और समन्वय का हिस्सा है।

### दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग और निर्णय लेने की प्रक्रिया

रणधीर जायसवाल के अनुसार, यह दौरा भारत और कनाडा के बीच नियमित सुरक्षा संवाद का हिस्सा है। दोनों देशों ने यह सहमति जताई है कि सुरक्षा मामलों में बेहतर समन्वय और सूचना के प्रवाह को सुगम बनाने के लिए दोनों पक्षों में लियाजन ऑफिसर नियुक्त किए जाएंगे। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि लियाजन ऑफिसर कब नियुक्त होंगे, इसका अभी कोई तय समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। उनका कहना था कि इस कदम से दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग और निर्णय लेने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित होगी।

### दिल्ली लाल किला विस्फोट पर एमईए की प्रतिक्रिया

एक मीडिया के जवाब में रणधीर जायसवाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मॉनिटरिंग टीम की रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। उन्होंने बताया यह रिपोर्ट 4 फरवरी 2026 को प्रकाशित हुई थी। इसमें भारत की इनपुट को शामिल किया गया है, जिसमें हमारे सीमा पार आतंकवाद और वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के मुद्दे उठाए गए हैं।

### भारत-सेशेल्स संबंध पर भी बोले

रणधीर जायसवाल ने सेशेल्स की भारत यात्रा पर कहा सेशेल्स का यह दौरा ऐसे समय पर हुआ है जब दोनों देश अपने 50 साल के राजनयिक संबंधों का जश्न मना रहे हैं। उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान रक्षा सहयोग सहित सभी पहलुओं पर चर्चा हुई, जैसा कि विदेश सचिव के प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया। अधिक जानकारी के लिए संबंधित दस्तावेज़ और चर्चाओं का संदर्भ लिया जा सकता है।